* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

09 जून, 2023
आषाढ़, कृष्ण पक्ष, षष्ठी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शुक्रवार, वर्ष 08, अंक 229

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

कर्नाटक के बाद अब श्रीनगर के स्कूल में हिजाब विवादःमुस्लिम लड़कियों का प्रदर्शन

सेना जमीन घोटाला : इडी की जांच तेज, कस रहा शिकंजा

अमित और दिलीप गये जेल रिमांड पर आज होगी सुनवाई

- इडी ने दोनों को कोर्ट में किया पेश, 10 दिन की मांगी रिमांड

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सेना जमीन घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही, नये-नये खुलासे हो रहे हैं। इस जमीन घोटाला में कारोबारी अमित अग्रवाल और जगतबंधु टी-इस्टेट के मालिक दिलीप घोष की भूमिका भी सामने आयी है।

इडी ने दोनों को बुधवार को गिरफ्तार किया। उन्हें गुरुवार को इडी के स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया। जस्टिस दिनेश राय की अदालत में सुनवाई हुई। इडी ने कोर्ट से दोनों से पूछताछ के लिए 10 दिनों की रिमांड मांगी। रिमांड पर शुक्रवार को सुनवाई होगी। कोर्ट ने फिलहाल दोनों को जेल भेज दिया है।

जमीन घोटाले मामले में कई जा चुके जेल : गौरतलब है कि सेना जमीन घोटाला मामले में 13 अप्रैल को छापेमारी की गयी थी। उसके बाद सात लोगों को गिरफ्तार किया गया था। इनमें बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन का विक्रेता प्रदीप बागची सहित कुल सात आरोपितों को जेल भेज दिया गया। इसके अलावा रांची के पूर्व उपायुक्त निलंबित आइएएस छवि रंजन को भी जेल भेजा गया है। इन पर सेना की जमीन के मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ करने, फर्जीवाड़ा करने और फर्जी दस्तावेज के आधार पर होल्डिंग नंबर लेने, फर्जी कागज कब्जा दिखा कर जमीन बेचने आदि के आरोप है।

टीएमसी सांसद अभिषेक की पत्नी रुजिरा से चार घंटे पूछताछ की

कोलकाता (आजाद सिपाही)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे और सांसद अभिषेक बनर्जी की पत्नी रुजिरा बनर्जी से इडी ने गुरुवार को करीब चार घंटे पूछताछ की। कोयला घोटाले मामले में इडी ने उनको तलब किया था। दिल्ली से आयी विशेष टीम के सदस्यों ने उनसे पूछताछ की। गौरतलब है कि रुजिरा को उनके दो बच्चों के साथ सोमवार को कोलकाता एयरपोर्ट पर विदेश जाने से रोका गया था। इसके बाद उन्हें 8 जून को इडी के समक्ष पेश होने को कहा गया था। समन के मुताबिक वे गुरुवार दोपहर करीब 12.30 बजे सीजीओ कांप्लेक्स स्थित इडी के दफ्तर पहुंचीं। तीन अधिकारियों ने उनसे करीब 4.30 बजे शाम तक पूछताछ की। इस पूरे मामले पर अभिषेक बनर्जी ने आरोप लगाया कि राज्य में पंचायत चुनाव से पहले उनके प्रचार अभियान को रोकने के लिए उनके परिवार को प्रताड़ित किया जा रहा है।

केरल पहुंचा मॉनसून, झारखंड में 15 के बाद आने की संभावना

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। मॉनसून एक हफ्ते की देरी से केरल पहुंच गया है। राज्य के 95 फीसदी इलाके में बारिश हो रही है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आइएमडी) ने मॉनसून के केरल आगमन की घोषणा कर दी है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार मौजूदा स्थिति को देखते हुए झारखंड में मॉनसून के 15 जून तक पहुंचने का अनुमान है। बिहार, उत्तर ओड़िशा, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश का दक्षिण इलाकों में 15 जून तक मॉनसून पहुंच जायेगा।

मुख्यमंत्री समाधि स्थल पर करेंगे पुष्प चक्र अर्पित

आज भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि, तैयारी पूरी

- बिरसा चौक और कोकर में साफ-सफाई की गयीं

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि शुक्रवार 9 जून को है। सामंती राजव्यवस्था के विरुद्ध स्वराज की बलिदानी उद्घोषणा करने वाली वनवासी आवाज, जिसे गोरी हुकूमत अपने अथाह सैन्य बल से कभी झुका न सकी, ऐसे महानायक को देश या झारखंड कभी भुला नहीं सकता। झारखंड का एक-एक बच्चा भगवान बिरसा का ऋणी है। राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में शुक्रवार को भगवान बिरसा की पुण्यतिथि मनाने की तैयारी शुरू हो गयी है। रांची में बिरसा चौक में उनकी प्रतिमा और कोकर स्थित समाधि स्थल पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पुष्पचक्र अर्पित करेंगे।

शहीद स्थल की हुई साफ-सफाई

रांची में भगवान बिरसा के दो स्थल अति महत्वपूर्ण माने जाते हैं। एक बिरसा चौक, जहां उनकी प्रतिमा लगी हुई है और दूसरा कोकर स्थित समाधि स्थल। प्रशासन गुरुवार को दोनों जगहों की साफ-सफाई और अन्य व्यवस्था दुरुस्त करने में लगा रहा। समाधि स्थल के आसपास के क्षेत्र को साफ किया गया है। दोनों स्थलों को सजाया गया है। इसी तरह राज्य के अलग-अलग जिलों से तैयारी की सूचना आ रही है।

सीएम शाम सवा पांच बजे पहुंचेंगे समाधि स्थल

सीएमओ से मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शुक्रवार को शाम 4.40 बजे बिरसा चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्पचक्र अर्पण करेंगे। उसके बाद शाम 5.15 बजे कोकर स्थित समाधि स्थल पर पुष्पचक्र अर्पण करेंगे। दोनों जगहों पर प्रोटोकॉल के मुताबिक सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं।

बंगाल में पंचायत चुनाव 8 जुलाई को

- शुक्रवार से ही होगा नामांकन, 11 जुलाई को होगी मतगणना

आजाद सिपाही संवाददाता

कोलकाता। बंगाल में आखिरकार त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तारीखों की गुरुवार को घोषणा हो गई। राज्य के सभी 22 जिलों में आठ जुलाई को एक ही चरण में पंचायत चुनाव के लिए मतदान होंगे। राज्य चुनाव आयुक्त का पदभार संभालने के अगले ही दिन बिना कोई सर्वदलीय बैठक के राजीव सिन्हा ने चुनाव की घोषणा की। इसी के साथ राज्य में आदर्श आचार संहिता भी लागू हो गयी है। सिन्हा ने पत्रकारों को बताया कि शुक्रवार (9 जून) को चुनाव की अधिसूचना जारी होने के साथ नामांकन प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी। 15 जून को नामांकन का अंतिम दिन है। 17 जून को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 20 जून को नामांकन पत्र वापस लेने का अंतिम दिन है। आठ जुलाई को सुबह सात से शाम पांच बजे तक मतदान होगा। 11 जुलाई को मतगणना होगी। उन्होंने बताया कि दार्जिलिंग व कलिंगपोंग में भी आठ जुलाई को ही मतदान होगा, जहां द्विस्तरीय पंचायत व्यवस्था है।

पत्रकारों के सवाल पर सिन्हा ने कहा कि चुनाव बैलेट पेपर से ही होगा। साथ ही राज्य पुलिस की निगरानी में ही चुनाव कराये जाएंगे। उन्होंने विपक्षी दलों द्वारा उठाये गये सवाल पर कहा कि सभी को राज्य पुलिस व चुनाव आयोग पर भरोसा रखना चाहिए। उन्होंने एक सवाल पर यहां तक टिप्पणी की कि अभी तो खेला शुरू हुआ है। सिन्हा ने कहा कि राज्य सरकार के साथ विचार विमर्श के बाद चुनाव का फैसला लिया गया है। बता दें कि इससे पहले 2018 में भी एक ही चरण में पंचायत चुनाव हुआ था। राजधानी कोलकाता को छोड़ 22 जिलों में ग्राम पंचायत, पंचायत समिति व जिला परिषद की कुल 73,941 सीटों के लिए चुनाव होना है। इनमें कुल 3317 ग्राम पंचायतों की 63,283 सीटें, 341 पंचायत समिति की 9730 सीटें एवं जिला परिषद की 928 सीटों के लिए चुनाव हैं।

दिल्ली में विवि कैंपस के उद्घाटन मौके पर एलजी और सीएम आमने-सामने

- सीएम केजरीवाल के भाषण के दौरान लगे 'मोदी-मोदी' के नारे
- एलजी सक्सेना के भाषण के दौरान 'केजरीवाल-केजरीवाल' का नारा लगा

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। दिल्ली सरकार और केंद्र के बीच का तकरार जगजाहिर है। उप राज्यपाल वीके सक्सेना और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय के नये कैंपस का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में आम आदमी पार्टी (आप) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए थे। जब केजरीवाल भाषण देने पहुंचे, तो 'मोदी-मोदी' के नारे लगने लगे। वहीं, जब उप राज्यपाल सक्सेना भाषण देने पहुंचे, तो आप समर्थकों ने 'केजरीवाल-केजरीवाल' का नारा लगाना शुरू कर दिया।

सुबह से शुरू हो गयी थी तनातनी : विश्वविद्यालय के नये भवन के उद्घाटन को लेकर तनातनी शुक्रवार सुबह से ही शुरू हो गयी थी। दरअसल उप राज्यपाल कार्यालय की तरफ

जानकारी दी गयी कि वे गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय के इस्ट दिल्ली कैंपस का उद्घाटन सुबह 11 बजे करेंगे। इसके बाद आम आदमी पार्टी ने ट्वीट किया कि सीएम केजरीवाल साढ़े 10 बजे कैंपस का उद्घाटन करेंगे। इस सूचना पर भाजपा और आप के कार्यकर्ता विश्वविद्यालय कैंपस में जुटने लगे। हंगामे से निपटने के लिए सुरक्षा का भी पुख्ता इंतजाम किया गया था। दोनों पार्टियों के कार्यकर्ताओं के नारेबाजी के बीच उप राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने कैंपस का उद्घाटन किया।

केजरीवाल और एलजी ने नारेबाजी के बीच रखी बात : कैंपस के उद्घटान के बाद जब केजरीवाल मंच पर बोलने के लिए गये, तो वहां मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं ने 'मोदी-मोदी' के नारे लगाने शुरू कर दिये। केजरीवाल मंच पर कुछ देर के लिए चुपचाप खड़े रहे। केजरीवाल ने नारे लगा रहे लोगों से हाथ जोड़कर कहा कि पांच मिनट के लिए मेरी बात सुन लो। अगर नहीं पसंद आये, तो बाद में नारे लगा लेना। वहीं जब एलजी वीके सक्सेना मंच पर पहुंचे, तब 'केजरीवाल-केजरीवाल' के नारे लगने लगे। एलजी को भी अपना भाषण बीच-बीच में रोकना पड़ा।

नियोजन नीति का विरोध, छात्रों ने 10 और 11 को झारखंड बंद बुलाया

- छात्रों ने ट्वीट कर चलाया अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। स्थानीय नीति के विरोध में झारखंड स्टेट स्टूडेंट यूनियन ने एक बार फिर झारखंड बंद का आह्वान किया है। 10 और 11 जून को झारखंड बंद रहेगा। झारखंड स्टेट स्टूडेंट यूनियन लगातार स्थानीय नीति का विरोध कर रही है। छात्रों ने ट्विटर पर भी अभियान चलाया। अब एक बार फिर सड़क पर उतर कर विरोध करने की तैयारी की जा रही है। नियोजन नीति को लेकर आंदोलन के क्रम में संगठन ने सांसदों और विधायकों का रुख किया और उनसे पूछा कि नियोजन नीति को लेकर उनका क्या मत है। कई जिलों में नियोजन नीति के विरोध में प्रचार अभियान भी तेज किया गया है। गौरतलब है कि नयी नियोजन नीति अभी सिर्फ कैबिनेट में पास हुई है। यह अभी न तो विधानसभा से पास हुई है और ना ही गजट पत्र बना है। अदालत के आदेश पर सरकार इसके माध्यम से नियुक्ति की तैयारी में है, तो दूसरी तरफ छात्रों के बीच 60-40 आधारित नीति को लेकर विरोध प्रदर्शन जारी है। इस नियोजन नीति का यूथ एसोसिएशन के साथ-साथ कई छात्र संगठन भी विरोध कर रहे हैं। इनमें झारखंड उलगुलान मार्च, पंचपरगना फाइटर, आदिवासी छात्र संघ, आमया और आदिवासी मूलवासी संगठन भी शामिल है। नियोजन नीति के अनुसार 60 प्रतिशत सीटों पर नियुक्तियां झारखंड के आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों की होंगी, वहीं 40 प्रतिशत सीटें 'ओपन टू ऑल' हैं। छात्र इसी का विरोध कर रहे हैं कि 40 प्रतिशत सीटों पर किसी भी राज्य के युवा झारखंड में रोजगार पा सकते हैं।

क्या चाहते हैं छात्र: बिहार पुनर्गठन अधिनियम 2000 की उपधारा 85 के तहत झारखंड सरकार को भी यह अधिकार है कि वह संयुक्त बिहार के समय का कोई भी अध्यादेश, गजट के संकल्प को अंगीकृत कर सकती है। इसी अधिकार के तहत बिहार की 3 मार्च 1982 वाली नियोजन नीति जिसका पत्रांक 5014/81-806 है, को अंगीकृत कर बिहार की तर्ज पर नियोजन नीति लागू करते हुए नियुक्तियां शुरू की जायें।

माकन बंधुओं को मैथमेटिक्स जीनियसेस ऑफ इंडिया का खिताब

महज नौ साल की उम्र में 19 रिकॉर्ड अपने नाम कर, देश-विदेश में धूम मचायी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। रांची के जुड़वां भाई विराट और विराज माकन ने एक और ख्याति अपने नाम की है। दोनों भाइयों ने देश-विदेश में अपना परचम लहराया है। माकन बंधुओं को एनसीइआरटी ने मैथमेटिक्स जीनियसेस ऑफ इंडिया का प्रमाणपत्र दिया है। महज नौ साल की उम्र में लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड समेत 19 रिकॉर्ड दोनों के नाम हैं। माकन बंधुओं को हाल ही में एनसीइआरटी नयी दिल्ली द्वारा अपने कैंपस में बुलाया गया। इस दौरान बेहद मुश्किल साक्षात्कार और लाइव सेशन में सफल होने के बाद उन्हें

मैथमेटिक्स जीनियसेस ऑफ इंडिया का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। बता दें कि माकन बंधु सैकड़ों तक का सीधा और उल्टा पहाड़ा चंद मिनटों में सुना कर महज सात साल की उम्र में ही विश्व रिकॉर्ड बना चुके हैं। इनके पिता पेशे से शिक्षक हैं। पिता और मां के सहयोग से इन बच्चों ने अलजेब्रा, वेब कैलकुलेशन, हैंड केलकुलेटर और माइंड कैलकुलेशन सीखते हुए दोनों ने 55 मिनट में 1 से 500 तक का पहाड़ा आंख बंद करके सुनाया। वहीं लाइव सेशन के साथ एनसीइआरटी के गणित के एचओडी के साथ इनका साक्षात्कार हुआ, जिसमें उन्होंने कक्षा 3 से कक्षा 8 के गणित के पूछे लगभग सभी सवालों को जबरदस्त कांसेप्ट और क्लेरिटी से हल किया। पिछले वर्ष ही आइएसआइ हेड क्वार्टर कोलकाता ने इन दोनों भाइयों को तीन दिन के प्रोग्राम में स्पेशल गेस्ट और ऑफिशियल स्पीकर के रूप में आमंत्रित किया था। दोनों भाइयों ने 500 से अधिक बच्चों के साथ गणित के विषय में विस्तृत चर्चा की। इनके खाते में लिम्का बुक ऑफ अवॉर्ड, इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड, इंटरनेशनल जीनीयस बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड आदि हैं। वर्ल्ड वाइड बुक ऑफ रिकॉर्ड, इंडिया वर्ल्ड रिकॉर्ड, एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड, ओएमजी वर्ल्ड रिकॉर्ड हैं।

बता दें कि बच्चों की मां शिल्पी माकन भी बहुत अच्छी शिक्षिका हैं। उन्होंने आज तक बच्चों को कक्षा में पहले, दूसरे या तीसरे स्थान से नीचे नहीं लाने दिया है। बच्चे न केवल अध्ययन लेखन, खेल, बल्कि संस्कृति, धर्म कार्य के विषयों में भी रुचि दिखाते हैं।

सर्राफा

सोना (बिक्री)	57,100 रु./10 ग्राम
चांदी	76,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 09 जून, 2023
www.azadsipahi.in

विधानसभा समितियों के विशेषाधिकारों का संरक्षण जरूरी

■ विधायिका और कार्यपालिका में मनमुटाव से झारखंड का होगा नुकसान

■ सभापतियों की शिकायतों पर तत्काल ध्यान देना बेहद आवश्यक

■ अधिकारियों को ध्यान रखना होगा कि विधानसभा राज्य की सर्वोच्च पंचायत है

■ विधायक भी गरिमा बनाये रखने के प्रति सजग रहें, तभी राज्य आगे बढ़ेगा

झारखंड में पिछले 22 साल के दरम्यान ऐसे कई अवसर आये, जब झारखंड के नेताओं और अधिकारियों के बीच आपसी समन्वय की कमी दिखी। इसे पाटने के भी प्रयास हुए। लगा, कार्यपालिका और विधायिका के बीच यह दूरी पट जायेगी। लेकिन अभी हाल ही में राज्य विधानसभा में सदन की विभिन्न समितियों के सभापतियों और सदस्यों की बैठक में कहा गया कि राज्य के अधिकारी विधानसभा की समितियों को तवज्जो नहीं देते, तो इसकी गंभीरता एक बार फिर उजागर हुई। विकास की डगर पर आगे बढ़ रहे झारखंड में यह बात कल्पना से भी परे है कि राज्य की सबसे बड़ी पंचायत, यानी विधानसभा की समितियों को राज्य के अधिकारी महत्व नहीं देते और उसके बुलावे पर उपस्थित होने की जहमत तक नहीं उठाते। सभापतियों की विधानसभा अध्यक्ष से यह शिकायत सचमुच गंभीर है। अपने स्थापना काल से ही इस राज्य में कई राजनीतिक प्रयोग हुए हैं। हालांकि पांचवीं विधानसभा के लिए हुए चुनाव के बाद झारखंड इस परिपाटी को खत्म करने की दिशा में एक ठोस कदम बढ़ा चुका है। राज्य में पहली बार हेमंत सोरेन के नेतृत्व में गैर-भाजपा की पूर्ण बहुमत वाली सरकार है और यदि अब भी यहां विधायिका और कार्यपालिका के बीच टकराव की बातें सामने आ रही हैं, तो इसे तत्काल खत्म किया जाना आवश्यक है। झारखंड ने पिछले 23 साल में कई झंझावात देखे हैं और झेले हैं। अब इन झंझावातों से आगे निकलने का समय है, ताकि इस राज्य की सवा तीन करोड़ आबादी की विकास की आकांक्षा को नया क्षितिज मिल सके। इस आबादी की नुमाइंदगी करनेवाली विधानसभा की समितियों के विशेषाधिकारों का संरक्षण जरूरी है। दूसरी तरफ इन समितियों में शामिल विधायकों को भी इसकी महत्ता समझनी होगी और तब वे अपने अधिकारों का सदुपयोग कर सकेंगे। इस गंभीर मुद्दे का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।

आजाद सिपाही विशेष

राकेश सिंह

देश की आजादी के बाद जब डॉ बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को देश का संविधान तैयार करने की जिम्मेवारी मिली, तो उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती एक ऐसा विधान स्थापित करने की थी, जो देश को एकजुट रख कर उसे आगे का रास्ता बता सके और इस क्रम में देश-समाज को एकजुट भी रखे। दो साल 11 महीने और 17 दिन तक गहन शोध और अध्ययन के बाद जब उन्होंने 448 अनुच्छेद, 12 अनुसूची और पांच परिशिष्ट वाला संविधान देश के सामने रखा, तो उसकी मौलिकता से पूरी दुनिया प्रभावित हुई। इस संविधान में एक ऐसे भारतीय संघ की परिकल्पना की गयी है, जो मजबूत प्रदेशों के बल पर दुनिया में अपना सिर ऊंचा रख सके। इसके तहत राज्यों के लिए विधानमंडलों का गठन किया गया। उन्हें कुछ शक्तियां दी गयीं, विशेषाधिकार दिये गये। संविधान के अनुच्छेद 208 के तहत विधानमंडलों को समितियां गठित करने का अधिकार दिया गया, ताकि विधानमंडल के प्रति मंत्रिपरिषद के सामूहिक उत्तरदायित्व और कार्यपालिका के कृत्यों पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके।

संविधान के इसी प्रावधान के तहत झारखंड में भी इन समितियों का गठन किया जाता है और उनके कामकाज पूरी तरह परिभाषित किये जाते हैं। लेकिन हाल के दिनों में देखा गया है कि विधानसभा की इन समितियों को कार्यपालिका से उतनी मदद नहीं मिल रही है, जितनी मिलनी चाहिए। इससे समितियों के गठन का उद्देश्य ही विफल होने लगा है। एक दिन पहले जब झारखंड की पांचवीं विधानसभा के अध्यक्ष प्रो रविंद्र नाथ महतो ने विधानसभा की नवगठित समितियों के सभापतियों और सदस्यों की बैठक बुलायी, तो उसमें इस बात पर चिंता व्यक्त की गयी कि कार्यपालिका द्वारा समितियों को तवज्जो नहीं दिया जाता है। यह वाकई चिंताजनक स्थिति है। यदि राज्य की सबसे बड़ी पंचायत की समितियों को ही उसका वाजिब महत्व नहीं मिलेगा, तो फिर संसदीय लोकतंत्र की पूरी अवधारणा ही छिन्न-भिन्न हो जायेगी।

झारखंड के परिप्रेक्ष्य में यह स्थिति अधिक चिंताजनक है, क्योंकि छोटा राज्य होने के कारण यहां का विधायी कामकाज अलग ढंग का होता है। बड़े राज्यों के मुकाबले झारखंड की विधानसभा को अधिक सक्रिय रहना पड़ता है, ताकि लोक कल्याण की अवधारणा को मजबूत किया जा सके। ऐसे में विधानसभा समितियों की जिम्मेदारी भी बढ़ जाती है। तब यदि उन्हें कार्यपालिका से अपेक्षित सहयोग नहीं मिलेगा, तो राज्य के आगे बढ़ने के रास्ते में अवरोध पैदा होंगे।

इस संकट का दूसरा पहलू भी है। विधानसभा समितियों के सभापतियों और सदस्यों को, जो स्वाभाविक तौर पर सदन के सदस्य ही होते हैं, अपनी समितियों की गरिमा समझनी होगी। अब तक का अनुभव बताता है कि विधानसभा की समितियों के अधिकांश दौरे किसी पिकनिक या मनोरंजक आयोजन के समान होते हैं, उनकी सिफारिशों के बारे में आम लोगों को पता भी नहीं चलता। इसका ही परिणाम होता है कि अधिकारी ऐसी समितियों को समुचित सम्मान नहीं देते।

अब इन सब बातों के लिए कम से कम झारखंड में समय नहीं रह गया है। झारखंड जैसा गरीब राज्य इस विलासिता को नहीं झेल सकता है, यह बात कार्यपालिका को भी समझनी होगी और विधायिका को भी। लोगों की आकांक्षाएं हिलोरें मार रही हैं, यह सभी को पता है। यदि विधायिका और कार्यपालिका में तलवारें खिंची रहेंगी या खिंचने की आशंका रहेगी, तो फिर सरकार की सारी ऊर्जा उस स्थिति को सामान्य बनाने में ही खर्च हो जायेगी और लोक कल्याण की जिस अवधारणा को लेकर उसे सत्ता हासिल हुई है, वही पराजित हो जायेगा। इसलिए विधानसभा समितियों के विशेषाधिकारों का संरक्षण जरूरी है। ये समितियां सरकार को उसके कामकाज का आइना दिखाती हैं, इसलिए कार्यपालिका को इनका समुचित सम्मान करना ही चाहिए। विधानसभा अध्यक्ष ने समितियों के लिए नोडल अधिकारियों को प्रतिनियुक्त करने की जो पहल की है, उससे इस समस्या का बहुत हद तक निदान हो सकता है। राज्य के संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने भी नोडल अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति को जरूरी बताया है, इसलिए अब उम्मीद की जानी चाहिए कि विधानसभा की समितियां अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन अधिक प्रभावी ढंग से करेंगी और राज्य सरकार को लोकोपयोगी सिफारिशें करेंगी। लोकतंत्र में विचारों की भिन्नता हमेशा श्रेयस्कर होती है, लेकिन टकराव और अलगाव का इसमें कोई स्थान नहीं होता। झारखंड को आगे ले जाने के लिए जितनी जरूरत एक प्रभावी विधायिका की है, उससे कम कार्यपालिका भी नहीं है। इसलिए दो दशक बाद झारखंड में जिसे नये राजनीतिक युग का सूत्रपात हुआ है, उसमें पहले की स्थिति को बिसरा कर नये रास्ते पर चलने की जमीन तैयार करनी होगी। इसमें समाज के सभी वर्गों का सहयोग जरूरी और अनिवार्य है। यह बात झारखंड के विधायक, अधिकारी और दूसरे लोग जितनी जल्दी समझ लेंगे, उतना ही अच्छा होगा। ऐसा करने से ही झारखंड में विकास का असली सूरज उदय होगा और इसके प्रकाश से राज्य के विकास का पथ आलोकित होगा।

रिमांड याचिका में इडी ने अमित अग्रवाल दिलीप घोष पर लगाये कई गंभीर आरोप

- जगतबंधु टी इस्टेट ने अमित अग्रवाल की कंपनी को दिये करोड़ों रुपये
- दोनों कंपनियों का पता एक, बैंक खातों से हुआ करोड़ों का लेन-देन
- जगतबंधु टी इस्टेट के दिलीप घोष ने ही खरीदी थी बरियातू में सेना के कब्जे वाली जमीन
- प्रदीप बागची को दिये महज 25 लाख रुपये, दिखाया सात करोड़ का भुगतान

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने सेना जमीन घोटाले के सिलसिले में गिरफ्तार कारोबारी अमित अग्रवाल और दिलीप घोष को रिमांड पर लेने के लिए जो याचिका अदालत में दी, उसमें कई गंभीर आरोप लगाये गये हैं। इसमें कहा गया है कि अमित अग्रवाल और दिलीप घोष के बीच रिश्ता इसी बात से प्रमाणित होता है कि जगतबंधु टी इस्टेट ने अमित अग्रवाल की कंपनी को करोड़ों रुपये ट्रांसफर किये। बता दें कि सेना के कब्जे वाली जमीन को जगतबंधु टी इस्टेट के लिए दिलीप घोष ने ही खरीदा था।

याचिका में इडी ने कहा है कि अब तक की जांच में यह जानकारी मिली है कि जिस जमीन को प्रदीप बागची ने जगतबंधु टी इस्टेट को बेचा है, वह शेल कंपनी है। पांच सितंबर 2020 को जगतबंधु टी इस्टेट के नाम से आइडीएफसी फर्स्ट बैंक में खाता खोला गया, जिसका नंबर 10060532973 है। इस खाते में कंपनी का पता एफएमआइ हाउस, एफ 3, ब्लॉक जीपी, सेक्टर 5, बिधाननगर, कोलकाता दिया गया है, जो अमित अग्रवाल की कंपनी के ऑफिस का भी पता है। 16 अक्टूबर 2020 से लेकर 25 जुलाई 2022 तक इस खाते से करोड़ों रुपये का लेन-देन हुआ है। यहां गौर करनेवाली बात यह है कि जगतबंधु टी इस्टेट के नाम से खुले खाते में जमा किये गये चार करोड़ 69 लाख 80 हजार रुपये में से चार करोड़ 13 लाख 87 हजार रुपये राजेश ऑटो मर्चेंटाइज प्राइवेट लिमिटेड के खाते में ट्रांसफर कर दिये गये। राजेश ऑटो मर्चेंटाइज प्राइवेट लिमिटेड अमित अग्रवाल की कंपनी है। पैसों का लेन-देन विकास जाना और दिलीप शाह नाम के व्यक्तियों ने किया है। ये दोनों अमित अग्रवाल की कंपनी के ही कर्मचारी हैं।

सौदा मात्र सात करोड़ रुपये में दिखाया गया

इडी की याचिका के अनुसार, जगतबंधु टी इस्टेट के मालिक दिलीप घोष ने एमएस प्लाट-557 के रूप में दर्ज चार एकड़ 55 डिसमिल भूमि की रजिस्ट्री के लिए स्टांप ड्यूटी के रूप में कुल 83 लाख तीन हजार 368 रुपये खर्च किये। इस रजिस्ट्री के लिए फीस के रूप में 62 लाख 34 हजार 460 रुपये सरकार को दिये गये। यानी कुल करीब एक करोड़ 45 लाख रुपये रजिस्ट्री के लिए स्टांप और फीस के रूप में भुगतान किये गये। जगतबंधु टी इस्टेट ने यह रकम इसलिए चुकायी, क्योंकि पूरे भूखंड (4.55 एकड़) का सौदा सात करोड़ करोड़ रुपये में दिखाया गया। प्रदीप बागची ने रजिस्ट्री के वक्त निबंधन पदाधिकारी के सामने यह स्वीकार भी किया कि उसे सात करोड़ रुपये आइडीएफसी फर्स्ट बैंक के उक्त खाते के 11 चेक के माध्यम से मिले हैं। इनमें सात चेक 50-50 लाख रुपये के, दो चेक एक-एक करोड़ के, एक चेक 1.25 करोड़ का और एक चेक 25 लाख का था।

बकौल इडी, रजिस्ट्री डीड में उल्लिखित यह पूरा विवरण फर्जी था, क्योंकि इन 11 चेक में केवल 25 लाख रुपये के चेक को ही भुनाया गया। बाकी 10 चेक कभी कैश ही नहीं हुए। 25 लाख रुपये के चेक का नंबर 461153 है। जबकि अन्य चेकों का नंबर 000003 से लेकर 000012 तक है। इसके अलावा टीडीएस की राशि का भुगतान पंजाब नेशनल बैंक की दिल्ली शाखा के खाते से किया गया।

चक्रधरपुर में शिक्षा के नाम पर धर्म परिवर्तन का खेल

बच्चों में बांटी जा रही थी धर्म परिवर्तनवाली किताबें, गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

चक्रधरपुर। शिक्षा के नाम पर धर्म परिवर्तन करने और धार्मिक पुस्तक बांटने के आरोप में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। मामला चक्रधरपुर का है। केंदो पंचायत के देवगांव में पढ़ाई के नाम पर बच्चों को धार्मिक किताबें बाटी जा रही थीं। पुलिस के पास यह शिकायत पहुंची, तो पुलिस ने तीन युवतियों के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। ग्रामीणों ने बताया कि चारों गांव में शिक्षा का प्रचार करने के नाम पर आते थे और गांव के बीच बच्चों को पेंसिल, पेन, कॉपी वितरित कर रहे थे। उन्होंने यह भी कहा था कि हम निःशुल्क शिक्षा देंगे। इसे लेकर ग्रामीण राजी हो गये थे और देवगांव नीचे टोला के कोलसाई में गांव के बच्चों ने पढ़ाई शुरू कर दी थी।

ग्रामीणों ने जतायी आपत्ति: बुधवार शाम को लोगों ने देखा कि बच्चों को धार्मिक किताबें दी गयी हैं।, जिसमें धार्मिक बातें लिखी हुई हैं। ग्रामीणों ने इस पर आपत्ति दर्ज की। पंचायत की उप मुखिया संगीता सवैया को भी ग्रामीणों ने इसकी जानकारी दी। चक्रधरपुर थाना को भी सूचित किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ युवक-युवती गांव में आकर बच्चों को दूसरे धर्म की किताबें पढ़ा कर धर्म परिवर्तन कराना चाहते हैं। चक्रधरपुर थाना के एसआइ विवेक पाल दल बल के साथ गांव पहुंचे और युवकों को हिरासत में लिया।

बच्चों में बांटी जा रही थी किताबें : देवगांव नीचे टोला सहित आसपास के कई इलाकों में पिछले तीन दिनों से कई लोग बच्चों को शिक्षा देने के नाम से धर्म का प्रचार कर रहे थे। बच्चों के बीच कॉपी, पेन, पेंसिल का वितरण भी किया गया था। उप मुखिया संगीता सवैया ने कहा कि मुझे ग्रामीणों ने इसकी जानकारी दी। बताया कि कुछ युवक युवतियों ने बच्चों में चित्रांकन मेरा सच्चा आदर्श नामक पुस्तक वितरण किया। उसमें धर्म परिवर्तन के संबंध में कई बिंदुओं पर चर्चा है। इन चित्रों पर बच्चों द्वारा रंग भराया जा रहा है।

चक्रधरपुर थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार ने कहा कि देवगांव में कुछ लोगों को पकड़ा गया है। हम पूछताछ कर रहे हैं।

आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1 Channel

वेदर

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	39.8 °C	28.0 °C
सूर्यास्त (आज)	:	18.34 बजे
सूर्योदय (कल)	:	05.03 बजे

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 09 जून, 2023
www.azadsipahi.in

मणिपुर में कुकी जनजातियों को निशाना बनाया जा रहा : झामुमो

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मणिपुर हिंसा पर झामुमो ने केंद्रीय गृह मंत्रालय और वहां के मुख्यमंत्री को आड़े हाथ लिया है। झामुमो ने आरोप लगाया कि गृह मंत्रालय और मैती समुदाय के सीएम के संरक्षण में मणिपुर में कुकी जनजातियों को निशाना बनाया जा रहा है। गृह मंत्री 29 मई को मणिपुर गये और 31 को वहां से लौटे। उनके लौटते ही कुकी जनजातियों के 85 गांव फूंक दिये गये। इसके लिए कौन जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि वहां के सीएम और असम राइफल्स के कमांडर मैती समुदाय से आते हैं। उनके इशारे पर ही वहां पर जनजातियों पर अत्याचार किया जा रहा है। केवल आदिवासी को राष्ट्रपति बना देने से भाजपा आदिवासी हितैषी औरआदिवासी प्रेमी नहीं हो सकती है। सच कुछ और ही है। भाजपा और आरएसएस मानसिकता वाले ये लोग अब भी आदिवासी, दलित,

अल्पसंख्यकों को देखना नहीं चाहते हैं, भेदभाव करते हैं। उक्त बातें झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने गुरुवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कही। उन्होंने कहा कि गत दिवस मणिपुर में एसपी के नेतृत्व में एक घायल को लेकर एंबुलेंस जा रही थी, जहां पर भीड़ ने एंबुलेंस को घेरा लिया और आग के हवाले कर दिया। इसमें घायल की मां जिंदा जल गयी। यह घटना यह दर्शाती है कि वहां पर गुस्सा किस कदर बढ़ चुका है। इस हृदय विदारक घटना के लिए जिम्मेदार कौन है। यह वहां के सीएम और गृह मंत्रालय को बताना चाहिए। श्री भट्टाचार्य ने कहा कि भाजपा शासित राज्यों में हत्या एक बड़ा काम बन चुका है। यूपी औरप्रयागराज में पुलिस संरक्षण में जा रहे एक कैदी की सरेआम हत्या कर दी गयी। हमारे पूर्ववर्ती सरकार में भी हजारीबाग और जमशेदपुर में ऐसी घटनाएं घट चुकी हैं। मध्य प्रदेश और दिल्ली में हत्या जैसी घटनाओं में काफी वृद्धि हुई है। अब मणिपुर में इस तरह की हिंसा हो रही है। ये लोग कैसे कह सकते हैं कि भाजपा शासित राज्यों में रामराज आ गया है। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि विदेश में भारत और हमारे पीएम की साख और लोकप्रियता बढ़ रही है। कोई उनका पैर छूता है, तो कोई ऑटोग्राफ लेता है। मगर देश में क्या हो रहा है। इस पर पीएम को बोलना चाहिए। उन्होंने कहा कि मणिपुर छठी अनुसूची वाला आदिवासी राज्य है। वहां पर कई संवैधानिक बाध्यता है और अधिकार है। इसके बावजूद वहां कुकी आदिवासियों को निशाना बनाया जाना, किस बात का संकेत है। यह मोदी जी और भाजपा को बताना चाहिए।

मजिस्ट्रेट के सामने लव जिहाद की पीड़िता मॉडल ने दर्ज कराया बयान

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड में लव जिहाद के मामले में पीड़िता ने अपना बयान मजिस्ट्रेट के सामने दर्ज करा दिया है। यश मॉडलिंग एजेंसी के मालिक तनवीर अख्तर खान पर लव जिहाद का आरोप लगाने वाली मॉडल ने गुरुवार को अपना बयान ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट सृष्टि घई की अदालत में सीआरपीसी की धारा 164 के तहत दर्ज कराया। गुरुवार की सुबह करीब 9:00 बजे मॉडल अपना बयान दर्ज कराने रांची सिविल कोर्ट पहुंची थी।

तनवीर की तलाश में पुलिस : दूसरी तरफ आरोपी तनवीर अख्तर खान की तलाश की जा रही है। तनवीर की तलाश में पुलिस बिहार के शेरघाटी तक भी पहुंची, लेकिन अब तक तनवीर का पता नहीं चल सका है। दूसरी तरफ मॉडल सुरक्षा की गुहार लगा रही है। मॉडल ने कहा, इस मामले में तनवीर फरार है। उससे हमें जान को खतरा है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है, लेकिन अब तक उसका कुछ पता नहीं चल सका है। ध्यान रहे कि लव जिहाद के इस मामले की जांच के लिए

रांची पुलिस मुंबई गयी थी। वहां मॉडल से पूछताछ की गयी। मॉडल ने सारे सबूत दिये। पुलिस अब इस मामले में तनवीर की तलाश कर रही है, ताकि उससे पूछताछ की जा सके।

मॉडल ने बतायी पूरी कहानी : कोर्ट में मॉडल के साथ इस केस के अनुसंधानकर्ता विवेक कुमार भी कोर्ट पहुंचे थे। बयान दर्ज होने के बाद अब तनवीर अख्तर की तलाश शुरू होगी।

दर्ज प्राथमिकी में मॉडल ने बताया है कि कैसे वह यश मॉडल तक पहुंची। उसने वहां काम करना शुरू किया। होली के दौरान तनवीर अख्तर ने अपने कोचिंग संस्थान में पार्टी दी थी। मॉडल ने बताया कि कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिला कर उसके साथ गलत काम किया गया। घटना की वीडियो भी बना ली और बार-बार आरोपी की ओर से वीडियो दिखा कर ब्लैकमेल किया जाने लगा। उसे जान से मारने की धमकी देकर आरोपी ने उसे फिर रांची बुलाया और बार-बार शारीरिक संबंध बनाता रहा। मॉडल किसी तरह मुंबई चली गयी, तो वहां भी इसने पीछा किया और धर्म परिवर्तन कर शादी करने का दबाव बनाने लगा। अब इस एफआइआर के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

मेष संतानपक्ष से शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। इच्छित कार्य में सफलता। मन प्रसन्न रहेगा।

वृष कानूनी उलझनों से छुटकारा। रोग-शोक-दु:श्चिंताओं से मुक्ति। विशिष्टजनों से सम्पर्क होगा।

मिथुन कामकाज की स्थिति बेहतर होगी। परिश्रम-प्रवास से वांछित उन्नति की ओर अग्रसर रहेंगे।

कर्क कार्य की अधिकता। समस्याओं के समाधान का रास्ता निकलेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

सिंह जमीन-मकान, आवास, वाहन संबंधी समस्या का समाधान मिलेगा। राजकीय उलझने दूर होगी।

कन्या राजनीतिक लाभ। रचनात्मक काम शुरू होंगे। मानसिक परेशानियों में कमी होगी।

तुला धर्म-समाज के प्रति दायित्व पूरे होंगे। गृह-भूमि-वाहन का सुख। आमदनी के स्रोत बढ़ेंगे।

वृश्चिक जीवन के लगभग सभी क्षेत्रों में अनुकूल परिस्थितियां। चल-अचल संपत्ति से लाभ।

धनु सरकारी नौकरी से जुड़े लोग खुशहाल रहेंगे। उपहार-पुरस्कार की प्राप्ति होगी।

मकर व्यावसायिक स्थिति में निरंतर मजबूती। शत्रु पराभूत होंगे। आकस्मिक धनलाभ होगा।

कुंभ प्रेम प्रसंग में सफलता। विरोधियों पर विजय। पारिवारिक जीवन खुशहाल रहेगा।

मीन परिस्थिति में सुधार। महत्वपूर्ण कार्य में सफलता। धनलाभ। शुभ समाचार मिलेगा।

नक्सल प्रभावित चाइबासा में पांच शक्तिशाली आइइडी बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

पश्चिमी सिंहभूम। झारखंड में नक्सलियों के खिलाफ शुरू पुलिस के ऑपरेशन क्लीन को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने गुरुवार को नक्सल प्रभावित चाइबासा के जंगल में शक्तिशाली पांच आइडी बरामद कर अनहोनी को टाल दिया। चाइबासा में महज सात दिन में 35 आइइडी बम बरामद हो चुके हैं। पश्चिम सिंहभूम जिला पुलिस बल ने 34 किलोग्राम के इन पांच आइइडी विस्फोटक को मौके पर नष्ट कर दिया। 27 मई से टोंटो थाना क्षेत्र के तुम्बाहाका और अंजदबेड़ा के सीमावर्ती क्षेत्र और गोइलकेरा थाना स्थित कुइड़ा और मारादिरी के सीमावर्ती क्षेत्र में ऑपरेशन क्लीन प्रारंभ किया गया है। इस ऑपरेशन के दौरान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के अंजदबेड़ा पटातारोब के नजदीक जंगली पहाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के उद्देश्य से लगाये गये दो आइइडी पहले बरामद हो चुके हैं। गोइलकेरा थाना क्षेत्र के ग्राम इचाहातु जाने वाले रास्ते में भी तीन आइइडी लगाये गये थे। इन सभी को बम निरोधक दस्ता की सहायता से डिफ्यूज कर दिया गया।एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि प्रतिबंधित भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, चमन, कांडे, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन अपने दस्ते के साथ सक्रिय हैं। इनकी धरपकड़ के लिए 11 जनवरी से अभियान चल रहा है। इस अभियान में चाइबासा पुलिस, कोबरा 209 बीएन, 203 बीएन, 205 बीएन, झारखंड जगुआर और सीआरपीएफ 60 बीएन, 197 बीएन, 157 बीएन, 174 बीएन, 193 बीएन, 07 बीएन, 26 बीएन की संयुक्त टीम शामिल है।

झारखंड-बिहार में नक्सलियों के सात ठिकानों पर एनआइए ने की छापेमारी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। एनआइए ने झारखंड और बिहार में नक्सलियों के सात ठिकानों पर छापेमारी की है। यह छापेमारी भाकपा माओवादी द्वारा साल 2018 में नरेश सिंह भोक्ता की हत्या मामले में की गयी। इस मामले में एनआइए ने कांड संख्या आरसी-25/2022 दर्ज की है और मामले की जांच कर रही है।

जांच के दौरान एनआइए ने बिहार के गया और औरंगाबाद में और झारखंड के पलामू जिले में आरोपियों और संदिग्ध व्यक्तियों के घरों की तलाशी ली। इस दौरान एजेंसी ने कई डिजिटल उपकरण भी जब्त किये, जिनमें मोबाइल फोन, सिम कार्ड और कई आपत्तिजनक दस्तावेज शामिल हैं।

झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन और श्रमिक संघ की बैठक में लिये गये कई निर्णय

निजी कंपनियों में विस्थापितों और स्थानीय को 75 प्रतिशत नियोजन को लेकर चरणबद्ध आंदोलन करने का निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन और झारखंड श्रमिक संघ की केंद्रीय कार्यसमिति की संयुक्त बैठक केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन की अध्यक्षता में गुरुवार को रांची के मोरहाबादी स्थित राजकीय अतिथिशाला में संपन्न हुई। बैठक में यूनियन के संगठनात्मक बिंदुओं, मजदूर और विस्थापितों की ज्वलंत समस्याओं, यूनियन के सदस्यता अभियान तथा संगठन की मजबूती पर गहन विचार किया गया। साथ ही झारखंड की विभिन्न कंपनियों जैसे सीसीएल, बीसीसीएल, इसीएल, डीवीसी, बोकारो स्टील, टाटा स्टील, इलेक्ट्रोस्टील, एसइसी, टाटा मोटर्स तथा निजी प्रतिष्ठानों के साथ-साथ बंगाल राज्य के इसीएल क्षेत्रों में संगठन विस्तार करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में सर्वसम्मति से झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन और झारखंड श्रमिक संघ का संगठन विस्तार करने के लिए

सदस्यता अभियान चलाने तथा मजदूर-विस्थापितों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर चरणबद्ध आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। मजदूर और विस्थापितों की ज्वलंत समस्याओं तथा हेमंत सरकार की ओर से निजी कंपनियों में विस्थापितों और स्थानीय को 75 प्रतिशत नियोजन की घोषणा के क्रियान्वयन को लेकर सभी कंपनी के क्षेत्रों में चरणबद्ध आंदोलन करने का निर्णय लिया गया।

केंद्रीय समिति की बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय उपाध्यक्ष मथुरा प्रसाद महतो, विजय हांदसा, महासचिव फागु बेसरा, संगठन सचिव विनोद पांडेय, शैलेंद्र कुमार मैथी, जय नारायण महतो, विजय रजवार, निशा हेमरोम, सपन बनर्जी, बोधन मांझी, लखी सोरेन, नकुल महतो, हराधन रजवार, अपूर्व सरकार, युधेश्वर सिंह, रंथू उरांव, सोनाराम मांझी, उमाशंकर चौहान, अर्चना गुप्ता, मुरारी ओझा और आरएन सिंह के साथ-साथ यूनियन के सभी केंद्रीय समिति सदस्य उपस्थित थे।

बिट्टू खान की हत्या मामले में अब तक नहीं मिला कोई सुराग, छापेमारी जारी

रांची (आजाद सिपाही)। बरियातू इलाके के जमीन कारोबारी तनवीर अहमद उर्फ बिट्टू खान की हत्या मामले में पुलिस को अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। पुलिस हत्या में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। मृतक तनवीर की मां मोशमात नाजमा के बयान पर बिड़ी उर्फ रोहित मुंडा, रोहन श्रीवास्तव, अभिषेक मल्लिक और शुभम विश्वकर्मा को हत्या में नामजद आरोपित बनाया गया है। पुलिस नामजद आरोपितों को गिरफ्तार करने के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर रही है। मामले को लेकर एसआइटी टीम का भी गठन किया गया है। टीम को सिटी एसपी शुभांशु जैन लीड कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि टीम मामले को लेकर काम कर रही है। जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा। उल्लेखनीय है कि मंगलवार की रात बरियातू थाना क्षेत्र के एदलहातु के टोंटे चौक के समीप दो बाइक में सवार चार अपराधियों ने बिट्टू खान पर फायरिंग की थी। इसमें बिट्टू खान की मौत हो गयी थी।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 09 जून, 2023
www.azadsipahi.in

तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

मरकच्चो (आजाद सिपाही)। नवलशाही थाना कांड संख्या 30/23 धारा 379/ 411/ 34 भादवि और 13 झारखंड अवैध खनन परिवहन और भंडारन नियमावली 2017ए और 54 जेएमसी 2004 के प्राथमिकी अभियुक्त छोटे लाल साव (55 वर्ष, पिता स्व. अमीर नायक साकिन नावाडीह) और विनोद यादव (उम्र 50 वर्ष, पिता केदार यादव, ग्राम गादी थाना मरकच्चो) को नवलशाही पुलिस ने गिरफ्तार कर कोडरमा जेल भेज दिया है। वहीं दूसरी ओर नवलशाही कांड संख्या 58/15 के वारंटी रिंकू यादव (34 वर्ष, पिता युवराज यादव, साकिन विंडोमोह थाना नवलशाही) को भी गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

कारोबारी शंकर साव की हत्या मामले में पप्पू मेहता गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

कोडरमा। जिले के नवलसाही में चावल कारोबारी शंकर साव की हत्या के मामले का उद्भेदन कर लिया गया है। इस मामले में अभियुक्त पप्पू कुमार मेहता को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। कोडरमा एसपी कार्यालय में गुरुवार शाम को प्रेस वार्ता कर एएसपी प्रवीण पुष्कर ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नवलसाही के नवादा निवासी नकुल साव के आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। इसमें शंकर कुमार साव (पिता लालो साव) की चाकू मारकर हत्या का मामला दर्ज हुआ था। कांड को लेकर पुलिस अधीक्षक द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में अनुसंधान टीम का गठन किया गया। घटनास्थल से प्राप्त साक्ष्य और तकनीकी शाखा के सहयोग से अंजाम देने वाले अभियुक्त पप्पू कुमार मेहता (26 वर्ष, पिता जयनारायण मेहता बिगहा, नवलसाही) को गिरफ्तार किया गया। वहीं घटनास्थल से साक्ष्य और अभियुक्त के द्वारा उपयोग किया गया चाकू तथा अन्य सामान भी बरामद किया गया। ने बताया कि कारोबारी शंकर साहू से रुपये की लूट के दौरान की घटना को अंजाम दिया गया है। घटना के बाद अभियुक्त अपने ससुराल गया और फिर दिल्ली भाग गया। जब पुलिस टीम दिल्ली पहुंची तो वह वहां से वापस अपने घर चला आया, जहां से उसे पकड़ा गया। मामले के उद्भेदन और छापामारी दल में नवलसाही थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह, डोमचांच थाना प्रभारी अब्दुल्लाह खान, पुलिस अवर निरीक्षक कुमार शिवम, सअनि नीरज कुमार, हवलदार शंकर दयाल सिंह, आरक्षी चंद्र शेखर पाठक और बाबूजन मुर्मू, संटु कुमार सिंह शामिल थे।

तीन पशु तस्करों को पुलिस ने भेजा जेल

केरेडारी (आजाद सिपाही)। केरेडारी पुलिस ने मंगलवार की देर रात तीन पशु तस्करों को कुल ग्यारह पशुओं के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार होने वालों में तुफाइल अंसारी, पिता असलम अंसारी गिरगांव निवासी,मो आसिफ अंसारी पिता मो मुस्तफा और पचड़ा निवासी जितेंद्र साव पिता टुनटुन साव का नाम शामिल है। पुलिस ने इनके साथ एक ट्रक जेएच 02 एल 1153 भी बरामद किया है। केरेडारी पुलिस ने इस संबन्ध में केरेडारी थाना कांड संख्या 128/23 7.06.3023 धारा 414/34 भादवि एवं 11(1)(पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया है।

घर में आग लगने से एक की मौत

कोडरमा (आजाद सिपाही)। जिले के चंदवारा थाना क्षेत्र के पिपराही में बुधवार की देर रात एक व्यक्ति अपने घर में आग की चपेट में आ गया। इसके बाद व्यक्ति की पत्नी और बच्चों के द्वारा हल्ला करने के बाद आसपास के लोग जुटे और आग पर काबू पाने के बाद आग से गंभीर रूप से झुलसे व्यक्ति को इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया। व्यक्ति की पहचान सुरेंद्र सिंह उम्र 34 वर्ष पिता बालकी सिंह ग्राम पिपराही के रूप में हुई। वही गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की गुरुवार को सदर अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गयी। वही घटना को लेकर मृतक के परिजन आग लगने के स्पष्ट कारणों को बताने से बचते रहे। व्यक्ति की मौत होने के बाद सदर अस्पताल में प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी के द्वारा शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया गया। मृतक के परिजनों ने बताया कि सुरेंद्र सिंह राजमिस्त्री का काम करता था।

योग दिवस पर आयोजन को लेकर बैठक

झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)। पतंजलि परिवार योग समिति हरिद्वार के तत्वावधान में निशुल्क योग शिविर का आयोजन आश्रम रोड दुर्गा मंडप के पास और कोडरमा ब्लॉक तलाब के परिसर में हो रहा है। शहर स्थित नगर पालिका क्षेत्र में लगभग 60 निशुल्क योग कक्षा चल रही है। योग शिविर के बाद 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजन के लिए एक बैठक की गयी। सुषमा सुमन ने बताया कि एक त्यौहार के रूप में योग शिविर होगा। स्वामी रामदेव महाराज कहते हैं कि 21 जून को सभी परिवार लोग घर से बाहर निकल कर एक जगह एकत्रित होकर योग शिविर करें और लाभ लें। प्रदीप कुमार सुमन ने बताया कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस प्रत्येक प्रखंड, पंचायत, गांव में भी मनाया जायेगा। बैठक में उपेंद्र दुबे, वीरेंद्र मोदी, अनिल सिंह, योगेंद्र यादव, विवेक कुमार, विपिन कुमार, एकके पांडे, राजेंद्र सिंह, अर्जुन पुजारी, राजेंद्र साहू, सुरेश सिंह, जितेंद्र वर्णवाल, मनीष कुमार, सतीश सिंह, विक्रम कुमार, अजय कुमार, अशोक बरनवाल, संजीव मोदी, राजेंद्र साव, अशोक साव मौजूद थे।

थाना प्रभारी पर अपमानित करने का आरोप, एसपी को दिया आवेदन

जयनगर (आजाद सिपाही)। थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिन्हा पर जातिसूचक शब्द का प्रयोग कर अपमानित करने को लेकर राजकुमार पासवान (पिता सुंदर राम, ग्राम रुपायडीह) ने पुलिस अधीक्षक कोडरमा को आवेदन दिया है। दिये आवेदन में राजकुमार पासवान ने लिखा है कि वह लगभग 10:30 दिन एक मामले की जानकारी लेने के लिए थाना पहुंचे। जयनगर थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिंह मुझे देखकर आगबबूला होते हुए कहने लगे कि तुम थाना आने का हिम्मत कैसे किया। उन्होंने मेरे साथ गाली गलौज करते हुए जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। राजकुमार पासवान ने बताया कि उमेश दास ग्राम घाघडीह थाना जयनगर निवासी को थाना प्रभारी के द्वारा धमकाने और अपमानित करने को लेकर मैंने एक वीडियो जारी किया था। उसी मामले में थाना प्रभारी ने आज मुझे गाली गलौज कर जाति सूचक शब्द का प्रयोग किया और बर्बाद करने का धमकी दिया। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से कहा है कि थाना प्रभारी के ऊपर कोई कार्यवाही नहीं होने से थाना प्रभारी का मनोबल बढ़ा हुआ है। उन पर 48 घंटे के अंदर कार्रवाई नहीं किया गया तो पुलिस अधीक्षक कोडरमा के सामने अनिश्चितकालीन धरना पर बैठूंगा। मेरी सुरक्षा की पूरी जिम्मेवारी जिला प्रशासन की होगी। इधर दूरभाष से जानकारी लेने पर थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिन्हा ने बताया कि राजकुमार पासवान बार-बार थाना आकर अपना वर्चस्व जमाने के उद्देश्य से जातिसूचक शब्दों के द्वारा अपमानित करके धमकी तथा फंसाने का प्रयास करता है। सिन्हा ने बताया कि लगाये गे सभी आरोप बेबुनियाद और निराधार हैं। थाना में वर्चस्व जमाने के उद्देश्य से उन्होंने ऐसा किया है।

बंड़ासिंघा इचाक मार्ग पर मिला युवक का शव

बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। गोरहर थाना क्षेत्र के बंड़ासिंघा इचाक मार्ग बाराडीह समीप एक युवक का शव मिला है। गुरुवार की अहले सुबह मोर्निंग वाक पर निकले लोगों की नजर पड़ने पर इसकी सूचना गोरहर थाना पुलिस को दिया। मौके पर पहुंचे गोरहर थाना के एएसआइ संजय कुमार ने मृतक के पास मिले मोबाइल फोन से उसके परिजन को जानकारी दी। जिसके बाद मृतक के पिता चरका मरांडी और मां सरिता देवी ग्राम बड़कीटांड शिलाड़ीह निवासी घटना स्थल पर पहुंची। परिजन ने बताया की मृतक उनका 15 वर्षीय पुत्र श्यामसुंदर मरांडी है। मृतक के शव को देखने से प्रतित होता है की उसके सर पर किसी धारदार हथियार से हमला कर मारा गया है। जिसके शव के पास काफी खून गिरा हुआ था। मृतक की मां सरिता देवी ने पुलिस को बताया की बुधवार सात जून की रात लगभग 10 बजे श्यामसुंदर अपने दोस्त गांव के ही बुंदीलाल मरांडी, छोटेलाल मरांडी और सुरेन्द्र मरांडी के साथ शादी समारोह में शामिल होने के लिए डूमरडीहा गांव गया था। जिसके बाद वह अपने घर वापस नही लौटा। इस बाबत मृतक के पिता चरका मांझी ने गोरहर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। जिसमें उन्होंने आशंका व्यक्त किया है की उनके पुत्र की मौत किसी वाहन के चपेट में आने से हुई होगी। इस बाबत गोरहर थाना प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया की आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की तहकीकात की जा रही है। पुलिस ने मृतक श्यामसुंदर मरांडी के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग भेज दिया है।

डीसी आमजनों की समस्याओं से हुए अवगत

कोडरमा (आजाद सिपाही)। गुरुवार को उपायुक्त आदित्य रंजन जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्य से अवगत हुए। जनता दरबार में आये फरियादियों की समस्याएं बारी-बारी से सुने और उसके निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया। आज के जनता दरबार में जमीन हड़पने, पेयजल आपूर्ति, पैतृक जमीन को हाथिया कर मकान निर्माण करने समेत कई मामलों में आवेदन प्राप्त हुए। उपायुक्त ने उनके समस्याओं के निराकरण करने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित किया।

पहली ग्रीन इमारत प्लैटिनम रेंटेड बिल्डिंग का भूमि पूजन

14 तल्ले में 227 फ्लैट वाली बिल्डिंग आधुनिक सुविधाओं से होगी लैस

आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। रांची-पटना रोड स्थित कारगिल पेट्रोल पंप के सामने आधुनिक सुविधाओं से लैस हजारीबाग की पहली ग्रीन बिल्डिंग प्लैटिनम बिल्डिंग का समृद्धि इंफ्रावर्क प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक सौरव जैन की माता सुधा जैन और पिता सुरेश जैन ने गुरुवार को भूमि-पूजन किया। बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, हजारीबाग डीएसपी, सदर एसडीओ सहित कई नामचीन बिल्डर, समाजसेवियों, स्थानीय नेता व अन्य लोग इस मौके पर शामिल हुए। बता दें कि हजारीबाग का यह अब तक का पहला बिल्डिंग होगा, जिसमें बेसमेंट और ग्राउंड फ्लोर के साथ 14 तल्ला होगा। इस बिल्डिंग में 227 फ्लैट होंगे, जिसमें 192 प्रीमियम फ्लैट और 35 ईडब्ल्यूसी फ्लैट होंगे। 2बीएचके और 3बीएचके दोनों तरह के फ्लैट खरीददारों के लिए उपलब्ध होंगे, जिसपर कई बैंकों की फाइनांस सुविधा भी मुहैया कराई जाएगी। समृद्धि इंफ्रावर्क प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक सौरव जैन ने बताया कि करीबन दो एकड़ में फैले भू-खंड में महज 35 फीसदी भूमि पर ही बिल्डिंग का निर्माण होगा और शेष 65 फीसदी हिस्सा खुला क्षेत्र होगा। उन्होंने बताया कि सभी फ्लैट वास्तुशास्त्र के अनुसार तैयार किया जाएगा और सभी फ्लैट की छत 11 फीट की ऊंचाई पर होगी। सबसे खास बात होगी कि यहां 24 घंटे बिजली की सुविधा उपलब्ध होगी, जो एक मिसाल होगा।

आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा ग्रीन बिल्डिंगः 227 फ्लैटों वाली यह बिल्डिंग आधुनिक सुविधाओं से लैस होगी। यहां स्विमिंग पुल, मूवी थियेटर, कम्युनिटी हॉल, इंडोर गेम्स, बच्चों के खेलने का पार्क, मंदिर, बैंडमिंटन कोर्ट सहित अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएगी। साथ ही इस बिल्डिंग के लिए पर्यावरण का ध्यान रखने के साथ साथ सरकारी नियमों का भी ध्यान रखा गया है। यह हजारीबाग का पहला ग्रीन बिल्डिंग होगा जिसमें वाटर हार्वेस्टिंग, वाटर रिसाइक्लिंग, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, डुअल प्लंबिंग सिस्टम, ड्रिप इरिगेशन, कॉमन एरिया के लिए सोलर पावर प्लांट, हीट आइसलैंड इफैक्ट, ग्रीन लैंडस्केपिंग, फ्रेंच विंडो, कॉमन एरिया के लिए 100 प्रतिशत एलईडी लाइटिंग की सुविधा उपलब्ध होगी।

उमेश यादव ने मंत्री बादल को सौंपा ज्ञापन

जयनगर (आजाद सिपाही)। बरकट्ठा विधान सभा क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं को लेकर जनाधिकार संघर्ष मोर्चा के युवा नेता उमेश यादव के नेतृत्व में झारखंड सरकार के मंत्री बादल पत्रलेख से मिलकर प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन दिया। मंत्री बादल पत्रलेख ने सकारात्मक आश्वासन दिया और कहा कि समस्याओं का जल्द समाधान किया जायेगा। मौके पर इंटक जिला अध्यक्ष अरूण यादव, अनिल कुमार, जगरनाथ यादव, महावीर यादव, मिथलेश राय, रंजीत सिंह, राजेश यादव मौजूद थे।

प्रधानमंत्री आवास को पूरा करने का बीडीओ ने दिया निर्देश

जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के सभी पंचायत में प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस कटिया पंचायत सचिवालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी और प्रखंड समन्वयक द्वारा सभी लाभुको की समस्या को सुना और त्वरित कार्रवाई किया। इसी निमित्त प्रखंड विकास पदाधिकारी अरूणा कुमारी ने हरेक पंचायत में जाकर वैसे लाभुकों को सूची बनाया है और आवास योजना को शीघ्र ही पूर्ण करने को कहा जा रहा है। लाभुकों से आवास योजना को समय पर पूरा करने के लिए बॉन्ड पेपर भरवाया गया तथा उन्हें सख्त निर्देश दिया। यदि समय पर प्रधानमंत्री आवास योजना को पूरा नहीं किया गया तो रुपये की रिकवरी कर लिया जायेगा। प्रखंड के रूपायडीह, कटिया, गड़गी, तेतरौन सहित कई पंचायतों में मुखिया के अध्यक्षता में आवास दिवस मनाया गया। मौके पर सभी पंचायतों के मुखिया, वार्ड सदस्य, रोजगार सेवक एवं दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

फ्रांस के राजदूत ने एनटीपीसी का किया दौरा

आजाद सिपाही संवाददाता

बड़कागांव। एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना का फ्रांस के भारत में राजदूत, इमैनुएल लेनीन ने दौरा किया। इस दौरे में उन्होंने परियोजना से जुड़ी कई विकास योजनाओं के बारे में जानकारी ली साथ ही परियोजन में हो रहे खनन कार्यों को माइन व्यूप्वाइंट पर जाकर देखा। फ्रांसीसी राजदूत को इस दौरान परियोजना से जुड़े अधिकारियों ने खनन गतिविधियों के बारे में जानकारी दी साथ ही यह भी बताया कि पकरी बरवाडीह के द्वारा कैसे सभी मापदंडों को ध्यान में रखते हुए निर्धारित लक्ष्यों को पूरा किया जा रहा है। व्यूप्वाइंट को देखने के बाद राजदूत माइंस को और करीब से देखने के लिए खदान तक पहुंचे जहां से उन्होंने सभी गतिविधियों को गहनता से देखा, परखा। माइंन विजिट के बाद एंबेसडर सिकरी साइट ऑफिस स्थित कार्यालय पहुंचे जहां पर उन्होंने सभी विभागों के विभागाध्यक्षों के साथ मुलाकात की। यहां पर उनका औपचारिक स्वागत पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के परियोजना प्रमुख नीरज जलोटा ने किया। इस दौरान फ्रांसीसी राजदूत ने विभाग अध्यक्षों को संबोधित करते हुए कई महत्वपूर्ण बातें कहीं। उन्होंने कहा कि आज के बदलते दौर में प्रसांगिक रहना बेहद चुनौतीपूर्ण है लेकिन एनटीपीसी ने बीते कई सालों से अपने क्षेत्र में अग्रिम भूमिका निभाकर एक बहुत बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने अपने संबोधन में जहां देश को रोशन करने के लिए एनटीपीसी की सराहना की वहीं एक प्रोग्रेसिव सोच के तहत उन्होंने कहा कि हमारी बातचीत आज ही एनपीसीआईएल न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड से हुई है। हम इस क्षेत्र में भी बहुत बेहतर काम कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया के कई देशों से कोयला आयात करता है। ऐसे में उर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए आधुनिक तकनीकों को अपना जरूरी है। एक दिवसीय दौरे में भारत में फ्रांस के राजदूत, इमैनुएल लेनीन के अलावा कॉन्सुल जनरल ऑफ फ्रेंच इन कोलकाता दीदीयर तपेन के अलावा कई अन्य लोग भी मौजूद रहे।

डीवीसी में मेंटेनेंस कार्य, आज दिन भर नहीं रहेगी बिजली

कोडरमा (आजाद सिपाही)। नौ जून शुक्रवार को डीवीसी में मेंटेनेंस कार्य को लेकर जेएसईबी एक और दो प्रातः आठ बजे से शाम छह बजे तक बंद रहेगा। इससे कोडरमा शहर, कोडरमा ग्रामीण, मेघातरी, जयनगर प्रखंड, डोमचांच प्रखण्ड, मरकच्चो प्रखंड, सतगावां प्रखंड और सपही क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बंद रहेगा। उक्त आशय की जानकारी विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियन्ता मनोज कुमार सिंह ने दी।

डोमचांच पुलिस ने दो को किया गिरफ्तार

डोमचांच (आजाद सिपाही)। पुलिस अधीक्षक कोडरमा कुमार गौरव के निर्देश पर जिले भर के सभी थाना क्षेत्र में वारंटी और अपराधियों की गिरफ्तारी की कयावाद तेज हो गयी है। इसी क्रम में डोमचांच थाना के वारंटी लक्ष्मण यादव (उम्र 48 वर्ष, पिता स्व मिटा महतो, ग्राम बीरजामू) और कोडरमा थाना कांड संख्या 230/13 के वारंटी रणजीत कुमार मेहता (डोमचांच) को गिरफ्तार कर चिकित्सीय जांच पश्चात न्यायालय कोडरमा में उपस्थापन के लिए भेजने के उपरांत कोडरमा जेल भेज दिया गया।

अखबार वितरक विजय मोदी के निधन पर शोक

जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के जयनगर पश्चिमी पंचायत निवासी और प्रज्ञा केंद्र जयनगर संचालक सह अखबार वितरक विजय मोदी (उम्र लगभग 45 वर्ष) का बीते दिन रिम्स में आकस्मिक निधन हो गया। गुरुवार को जयनगर मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। इनके निधन पर भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष सुरेंद्र भाई मोदी, सेनिशिक्षक सुरेंद्र प्रसाद मोदी, शशिकांत प्रसाद, अमरदीप शर्मा, शिव शंकर राणा, रामकुमार, शिव शंकर बर्णवाल, हंसराज सिंह, मनोज सोनी, वीरेंद्र सिंह, प्रकाश मोदी, संजय मोदी, सुनील सिंह, सतीश पांडेय, विजय मोदी, अजय सिंह, सरवन सिंह, बंशीधर बर्णवाल, संतोष मोदी, दामोदर सिंह, सुभाष मोदी, संतोष राम सहित दर्जनों लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

बत्तख चूजा का किया गया वितरण

सतगावां (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय में गुरुवार को बत्तख चूजा का वितरण किया गया। बत्तख चूजा का वितरण बीडीओ बैद्यनाथ उरांव, पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रविकांत कुमार, 20 सूत्री अध्यक्ष विजय सिंह, समाजसेवी रामअवतार चौधरी ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर बीडीओ उरांव ने कहा कि इस तरह का योजना का लाभ लोगों को मिल रहा है। जिससे यहां के लोग काफी उत्साहित हैं। डॉक्टर रविकांत कुमार ने बताया कि लगभग 50 लोगों को बत्तख चूजा दिया गया है। मौके पर सहायक मनोज कुमार, पैरावेट मदन सिंह, एसडी प्रसाद, मनोज कुमार, जेएस एल पी एस बीआरपी वरूण पांडेय, विपिन कुमार, मंजू देवी, संगीता देवी, सरोज देवी, सोभा देवी, ममता देवी, सरोज देवी आदि उपस्थित थे।

केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री ने जयनगर में मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनायीं

मोदी ने भारत को विश्व में खासा सम्मान दिलाया : अन्नपूर्णा

आजाद सिपाही संवाददाता

जयनगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर अपने महत्वपूर्ण उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से एक्सीलेंट पब्लिक स्कूल पावर हाउस में भारतीय जनता पार्टी की बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता जयनगर भाजपा मंडल अध्यक्ष रामदेव मोदी और संचालन परसाबाद मंडल महामंत्री महेश रजक ने किया। सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा पिछले 9 वर्ष में प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के सफल और सामर्थ्यवान नेतृत्व में भारत ने वैश्विक स्तर पर अपनी उल्लेखनीय उपलब्धियों के जरिए खासा सम्मान बटोरा है। भाजपा सरकार ने पिछले 9 वर्षों में सामान्य जनमानस के लिए विशेष कर आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग चाहे वह किसी जाति, धर्म, पंथ और पूजा पद्धति के हो उनके लिए विकास योजनाओं को मूर्त रूप दिया है। वहीं विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार ने गरीबों के हित में विकास के कार्य किये हैं। वहीं राज्य सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि झारखंड में विकास पूर्ण रूप से ठप पड़ा है। मुख्यमंत्री ने झारखंड में ट्रांसफर पोस्टिंग का उद्योग लगाया है। कार्यक्रम को भाजपा जिला अध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष जयप्रकाश राम, बिंदेश्वरी प्रसाद बिहारी, महामंत्री अनूप जोशी, परसाबाद मंडल अध्यक्ष शशि भूषण चौधरी, वीरेंद्र कुमार सहित कई लोगों ने संबोधित किया। मौके पर पूर्व जिला परिषद सदस्य राजकुमार यादव, सेनि शिक्षक सुरेंद्र प्रसाद मोदी, किशुन यादव, महावीर यादव, यमुना यादव, संतोष मोदी, अशोक यादव, हीरामन मिस्त्री, राजू साव, कुंदन गुप्ता, दुखी चौधरी सहित दर्जनों महिला-पुरुष मौजूद थे।

बीओआइ ने शिविर लगाकर खोले खाते

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। बड़कागांव बैंक ऑफ इंडिया शाखा द्वारा बड़कागांव पश्चिमी पंचायत भवन प्रांगण में शिविर लगाया गया। शिविर का उद्घाटन पश्चिमी पंचायत मुखिया सह मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत मेहता ने शिविर का उद्घाटन किया और ग्राहकों को बचत करने की बात कही ताकि भविष्य में एकमुश्त राशि मिलने से बड़े से बड़े कार्य किए जा सकते हैं। शिविर में एक सौ ग्राहकों को आवर्ती खाता ,दस ग्राहकों को चालू खाता, 30 ग्राहकों को बचत खाता खोला गया। इस अवसर पर। आंचलिक कार्यालय से आये वरीय प्रबंधक मोहम्मद शमीम अंसारी ने कहा कि 22 मई से 30 जून तक शिविर लगाकर खाता खोले जाने की योजना है। मुख्य शाखा प्रबंधक विभूति कुमार सिन्हा ने कहा कि आठ जून से 30 जून तक बड़कागांव प्रखंड के 12 पंचायतों में शिविर लगाकर खाता खोलने की योजना है । आवर्ती जमा का 7% ब्याज के साथ भुगतान किया जायेग । आवर्ती खाता की अवधि दो से तीन साल की होगी । इस अवसर पर बड़कागांव बैंक ऑफ इंडिया के वरीय शाखा प्रबंधक तुषार सिन्हा ने कहा कि आवर्ती जमा का 90% लोन लेकर ग्राहक अपना कार्य कर सकती है। बैंक तुरंत लोन कर भुगतान करने की बात कही है। शिविर में दिनेश सिन्हा ,अजय कुमार, रवि कुमार वीसी ,वीरेंद्र कुमार, पूनम देवी, सहित सैकड़ों लोगों ने खाता खुलाया।

भाजपा के प्रदेश प्रभारी ने मोदी सरकार के नौ वर्षों की उपलब्धियां गिनायीं

मोदी ने भारत को दिलाया वैश्विक सम्मान : डॉ वाजपेयी

झारखंड में महिला उत्पीड़न और लव जिहाद के मामले में केंद्रीय नेताओं ने चिंता जतायी

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। केंद्र की मोदी सरकार ने अपने नौ वर्षों के कार्यकाल में विशेषकर आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग की चिंता करते हुए जनकल्याण के अनेकों कार्य किये हैं। उनके नेतृत्व में नेतृत्व में भारत ने वैश्विक स्तर पर अपनी उल्लेखनीय उपलब्धियों को लेकर खासा सम्मान बटोरा है। उक्त बातें गुरुवार को होटल शिवम इन में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान राज्य सभा के मुख्य सचेतक लक्ष्मीकांत बाजपेयी और राष्ट्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह रैना ने पत्रकारों से कही। उन्होंने कहा कि हजारीबाग दुमका और पलामू में मेडिकल कॉलेज, रामगढ़ हजारीबाग में चार पेयजल आपूर्ति योजना, रामगढ़ में देश का तीसरा और पूर्वी भारत का पहला इंजीनियरिंग कॉलेज बनाने का काम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार ने ही किया है। जनजातीय तबके के लिए एकलव्य मॉडल स्कूल के माध्यम से 40 परिवारों के बच्चों को बेहतर पढ़ाई का अवसर मुहैया कराने का गौरव भी भाजपा सरकार की ही देन है।

प्रेस वार्ता में ये थे उपस्थित

प्रेसवार्ता में मुख्य रूप से मांडू विधायक सह भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जयप्रकाश भाई पटेल, रामगढ़ प्रभारी शशिभूषण भगत, प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख सह कलस्टर प्रभारी मनोज कुमार सिंह, प्रदेश प्रवक्ता अविनेश सिंह, पूर्व लोकसभा सांसद यदुनाथ पांडे, पूर्व बीससूत्री उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह रामगढ़ जिले के प्रथम जिलाध्यक्ष प्रकाश मिश्रा, जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह पूर्व रामगढ़ विधानसभा भाजपा प्रत्यासी रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, वरिष्ट उपाध्यक्ष सह अभियान टोली के जिला संयोजक राजू चतुर्वेदी, इलारानी पाठक, रवींद्र शर्मा, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी सहित कई भाजपा नेता व कार्यकर्ता शामिल थे।

झारखंड में लव जिहाद का मामला बढ़ा, सरकार मौन

राज्य की हेमंत सरकार पर उन्होंने कहा कि उन्होंने शिक्षित बरोजगारों को रोजगार देने के नाम पर सिर्फ छलावा किया है। हेमंत सरकार की कार्यकाल में लोग अपने आपकों असुरक्षित महसूस कर रहे है। विधि व्यवस्था भी पूरी तहर चौपट हो गई है। सरकार सिर्फ पत्नी, भाई व रिश्तेदारों के नाम पर खनन पट्टा लेने के कार्य में जुटी है। उन्होंने कहा कि झारखंड में महिला उत्पीड़न और लव जिहाद का मामला बड़ा है।

झारखंड से दो योजनाओं की हुई थी शुरुआत

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने झारखंड में किये गये मोदी सरकार द्वारा विकास कार्यों पर कहा कि खूंटी कोर्ट परिसर को सोलर ऊर्जा से युक्त देश का पहला कोर्ट परिसर है, जो पूर्णतः सोलर ऊर्जा से युक्त है। मुद्रा लोन योजना की शुरूआत वर्ष 2015 में उन्होने दुमका जिले से की थी। इसके साथ ही 39 एकड़ में नया विधानसभा परिसर और वर्तमान में उद्घाटन हुआ हाईकोर्ट परिसर भाजपा सरकार की देन है। आयुष्मान योजना की शुरूआत अंबेडकर जयंती के दिन रांची से की गयी है। उन्होंने कहा कि आदिवासी हितों की दावेदारी करने वाले राजनीतिक दलों को आड़े हाथों लेते हुए राज्य सभा के मुख्य सचेतक ने कहा कि आदिवासी हित की बात करने वाले यहां के दलों ने आदिवासी समाज की बहन द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के समय पुरजोर विरोध किया था, परंतु आदिवासी समाज की बहन को देश के सर्वोच्च पद पर आसीन करने का काम नरेंद्र मोदी सरकार की ही देन है।

अरगड्डा जीम को बेस्ट महाप्रबंधक का अवार्ड

गिद्दी (आजाद सिपाही)। अरगड्डा महाप्रबंधक सुधांशु कुमार पांडेय को कोयला मंत्रालय द्वारा बेस्ट महाप्रबंधक का अवार्ड मिलने पर सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ संबद्ध भारतीय मजदूर संघ के वरिष्ठ पूर्व जेसीसी मेंबर सुधीर कुमार मिश्रा, अरगड्डा क्षेत्रीय अध्यक्ष सह संगठन मंत्री सीसीएल मदन कुमार, अरगड्डा क्षेत्रीय सचिव सह प्रदेश पर्यावरण संयोजक प्रशांत बेल्थरिया, महाप्रबंधक शाखा सचिव रविन्द्र कुमार सिंह ने महाप्रबंधक कार्यालय में महाप्रबंधक महोदय को बुके देकर बधाई और शुभकामना दिया साथ ही कहा कि उनके नेतृत्व में अरगड्डा क्षेत्र गौरवान्वित हुआ है। साथ ही साथ नये स्टाफ ऑफिसर (कार्मिक) मो0 फयाजुल हक को भी बुके देकर शुभकामना स्वागत किया गया और आशा की गयी कि इनके आने से क्षेत्र का काम तीव्र गति से होगा।

बाल विद्या मंदिर में सीसीएल ने लाल-लाड़ली योजना की दी जानकारी

कुजू (आजाद सिपाही)। बाल विद्या मंदिर, आरा में गुरुवार को सीसीएल के लाल -लाडली योजना की जानकारी विद्यालय के शिक्षकों को दी गयी। सीसीएल हेड क्वार्टर रांची से आये अधिकारी मारियो एक्का, अमन उज्जवल, तबरेज आलम ने विद्यालय के शिक्षकों को लाल - लाडली योजना की विस्तृत जानकारी दी गयी। साथ ही, अभिभावकों को जानकारी देने की अपील की। मौके पर विद्यालय प्राचार्य रंजीत कुमार सिंह व वरिष्ठ शिक्षिका गुरमीत धीमान ने संयुक्त रूप से बताया कि यह योजना विद्यार्थियों के लिए लाभप्रद है और छात्रों को इससे लाभ लेने की जरूरत है। मौके पर रंजन प्रसाद मिश्रा, कुलदीप कुमार महतो, पुष्पिता कुमारी, रीता कुमारी, बैजनाथ प्रसाद समेत कई शिक्षक मौजूद रहे।

वाहन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

चतरा (आजाद सिपाही)। चतरा-डोभी एनएच 99 मुख्य पथ पर वशिष्ठनगर थाना क्षेत्र के लोहसिंगना गांव के समीप बुधवार की देर रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक अधेड की मौत हो गयी। समाचार लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो पायी है। इस संबंध में थाना प्रभारी गुलाम सरवर ने बताया कि रात्रि गश्ती दल को भ्रमण के दौरान लोहसिंगना के समीप एक अधेड व्यक्ति को घायलावस्था में देखा। पुलिस दल द्वारा तुरंत उसे इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जोरी लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने तीन मोटरसाइकिल चोर और एक अपराधी को भेजा जेल

चतरा (आजाद सिपाही)। हंटरगंज पुलिस ने तीन मोटरसाइकिल चोर तथा एक अपराधी को गिरफतार कर चतरा जेल भेज दिया। इसकी जानकारी देते हुये अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार यादव ने बताया कि हंटरगंज स्थित जीरामनी कॉलेज के समीप से बीते चार जून को मोटरसाइकिल की चोरी हुयी थी। इस बावत दिये गये आवेदन के आधार पर मोटरसाइकिल चोरों की धर-पकड के लिए छापामारी अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान बिहार के गया जिले के धनगई थाना के रहने वाले तीन चोर कुमे गांव का शिवनंदन यादव का पुत्र गौतम कुमार, आमुखाप के रहने वाला षिवनंदन यादव का पुत्र सूरज कुमार तथा चंद्रदेव यादव का पुत्र प्रदीप कुमार को गिरफतार किया गया। पुलिस की पुछताछ में तीनों चोरों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। तीनों के निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की गयी जेएच02एस/2811 नंबर की स्पेलेंडर प्लस मोटरसाइकिल, एक कीपैड मोबाइल बरामद किया। इसके अलावे किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने की फिराक में देषी कटटा के साथ घूम रहे एक युवक को गिरफतार किया। यह युवक हंटरगंज थाना के बरहपुर गांव के विमल भारती का पुत्र सिकेन्द्र भारती है। इसके पास से पुलिस को 315 बोर की एक देशी कटटा तथा एक जिंदा गोली बरामद किया गया। छापामारी द लमें अवर निरीक्षक सनोज कुमार चैधरी, कृष्णा कुमार, निरेश कुमार दूबे, सअनि राजेन्द्र नाथ मुंडा, रंजीत कुमार सिंह समेत सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

पतरातू में समर कैंप का समापन

पतरातू (आजाद सिपाही)। पंद्रह दिवसीय, समर कैंप 2023 का समापन पीवीयूएन लिमिटेड में एक शानदार समापन समारोह के साथ हुआ। इस अवसर की शोभा बढ़ाते हुये, मुख्य अतिथि सीईओ (पीवीयूएन) रविंद्र कुमार ने समापन समारोह में कहा कि इस तरह के शिविर निश्चित रूप से पतरातू के बच्चों के सशक्तिकरण को गति देंगे। उन्होंने आयोजन को सफल बनाने में उत्कृष्ट प्रयासों के लिए टीम की प्रशंसा की और स्वर्णरेखा महिला समिति और बाल भवन को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। अंतिम शो के लिए उत्साह और समर्पण देखने के लिए मनोरंजक था उन्होंने कहा। शिविर के दौरान, छात्रों को योग, आत्मरक्षा, ललित कला और अन्य जीवन कौशल से अवगत कराया गया। स्वर्ण रेखा महिला समिति के उपाध्यक्ष अलकनंदा पांडा ने युवा प्रतिभाशाली समूह को उनके प्रयासों और इसे एक शानदार सफलता बनाने के लिए सराहना की और धन्यवाद दिया। समापन समारोह के मुख्य कार्यक्रम में बच्चों द्वारा पिछले 15 दिनों की सीख पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल था जिसमें कराटे, योग, नृत्य और थिएटर प्रदर्शन शामिल थे।

बुनियादी साक्षरता और ज्ञान को लेकर कार्यशाला

आजाद सिपाही संवाददाता

चतरा। राज्य संपोशित प्लस टू उच्च विद्यालय में बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गयी। उपायुक्त अबु इमरान ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला का शुभारम्भ किया। यह कार्यशाला का उददेश्य बच्चों मूलभूत भाषा गणित की दक्षता विकास हेतू शिक्षकों को एफएलएन कार्यक्रम की बुनियादी आवश्यकताओं पर तथा उसके क्रिन्यावयन हेतू विकसित अधिगम सामग्री पर प्रशिक्षित करना है। इस मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंर्तगत भारत सरकार द्वारा निपूण भारत के साथ बुनियादी साक्षरता और संख्याज्ञान राष्ट्रीय स्तर पर क्रिन्यावित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित इस कार्यक्रम में शिक्षकों को निपुण करने हेतू भारत तथा राज्य सरकारों द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तहत झारखंड सरकार द्वारा अपने प्रदेश के शिक्षकों को उक्त कार्यक्रम हेतू प्रशिक्षित करने के उददेश्य से यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने शिक्षा की महत्ता बताते हुए कहा कि बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान बच्चों की विकास प्रक्रिया के महत्वपूर्ण आधार है और इसके क्रिन्यावयन में शिक्षकों के साथ-साथ अभिभावकों का भी बहुत योगदान होता है। उन्होंने कहा कि विश्वस्तर पर शिक्षा पद्धति के उत्थान के लिए काफी प्रेरणादायक काम किया जा रहा है। ऐसे में हमें अपनी बुनियादी व्यवस्था को और ज्यादा परिपूर्ण बनाने की आवश्यकता है। कार्यशाला में उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि कार्यशाला में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य करते हुए बच्चों में बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान को सुदृढ़ किया जाये। इस कार्यक्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिशेक बडाइक समेत काफी संख्या में शिक्षक उपस्थित थे।

सड़क दुर्घटना में चालक घायल

गोला (आजाद सिपाही)। गोला मुरी रोड के आस्था नर्सिंग होम के निकट गुरुवार की सुबह करीब एक बजे मुरी से रामगढ़ जा रहे दो टेलर आपस में टकरा गये। इस सम्बंध में बताया गया कि एक ही कंपनी के दो टेलर सामान लोड कर मुरी से रामगढ़ की ओर जा रहे थे। इस बीच आस्था नर्सिंग होम के निकट आगे आगे जा रहे टेलर ने अचानक ब्रेक लगाया। तभी उसके पीछे का टेलर उस टेलर के साथ टकरा गया। जिससे पीछे के टेलर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। तथा उसका पैर टेलर में फंस गया। जिससे स्थानीय लोगों की सहायता से उससे वाहन से बाहर निकाला गया। प्राथमिक चिकित्सा के लिए एक निजी अस्पताल में ले जाया गया । जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना के पश्चात सड़क जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। जिससे स्थानीय प्रशासन के सहयोग से हटाया गया।

खड़ी कार को हाइवा ने मारी टक्कर

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। भुरकुंडा मेन रोड स्थित गुरुद्वारा के समीप गुरुवार की सुबह हाईवा ने खाड़ी कार को सामने से टक्कर मारी है। जानकारी के अनुसार जेएच 24 जी 6747 नंबर की कार सड़क किनारे खड़ी थी। कोयला लदी हाइवा जेएच 09एसएफ 9931 पतरातू की ओर जाने के क्रम में सड़क किनारे खड़ी कार को सामने से टक्कर मार दी। इस दौरान कार मलिक शुभ राजभर हाइवा चालक को पकड़ कर गाड़ी की चाभी लेते हुये कहा कि अपने मलिक को बुलाकर लेते आओ। वहीं दुर्घटना के बाद मौजूद लोगों का कहना है कि एक ही ड्राइवर 24 घंटे लगातार गाड़ी चलाने से नींद आ गई होगी और दुर्घटना हो गई। हालांकि इस दुर्घटना से किसी को जान माल की नुक्सान नहीं हुआ है। शुभ राजभर सीसीएल अस्पताल में गार्ड के पद पर कार्यरत है।

पतरातू में निर्माणाधीन प्लांट को फ्रांस के राजदूत ने देखा

संतोष कुमार

पतरातु (आजाद सिपाही)। पतरातू में स्थित पीवीयूएनएल के निमार्णाधीन पावर प्लांट का आज 8 जून को फ्रांस के राजदूत और स्थानीय सांसद जयंत सिन्हा ने निरीक्षण किया। उसके उपरांत फ्रांस का प्रतिनिधिमंडल और पीवीयूएनएल का प्रतिनिधिमंडल के बीच बैठक का आयोजन किया गया। फ्रांस के राजदूत इमेनुअल लेनेन और उनके साथ आये प्रतिनिधिमंडल 8 जून के अपराहन 4 बजे के लगभग पतरातू में स्थित पीवीयूएनएल प्लांट पहुंचा। उनके साथ हजारीबाग के सांसद जयंत सिन्हा भी मौजूद थे। पीवीयूएनएल परिसर में पहुंचने पर सीआईएसएफ के जवानों ने फ्रांस के राजदूत को गार्ड ऑफ ऑनर पेश किया। इसके बाद पीवीयूएनएल के अधिकारियों ने फ्रांस के राजदूत और सांसद को निमार्णाधीन प्लांट का निरीक्षण कराया। पीवीयूएनएल के अधिकारियों ने फ्रांस के प्रतिनिधिमंडल को नए निमार्णाधीन प्लांट के खासियत की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। फ्रांस के राजदूत को बताया गया कि या प्लांट धुआं रहित होगा। इससे प्रदूषण को कहीं खतरा नहीं होगा। या प्लांट देश का सबसे आधुनिक और अच्छा प्लांट होगा। फ्रांस के राजदूत ने पीवीयूएनएल के अधिकारियों के द्वारा दी गयी जानकारी ली। फ्रांस से आए प्रतिनिधिमंडल ने पतरातू में निमार्णाधीन पावर प्लांट की खासियत को सुनकर आश्चर्य व्यक्त किया।

पेयजल की समस्या न हो : उपायुक्त

चतरा (आजाद सिपाही)। समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन और स्वच्छ भारत अभियान ग्रामीण सहित पेजयल और स्वच्छता प्रमंडल द्वारा क्रिन्यावित योजनाओं की समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में जल जीवन मिशन और स्वच्छ भारत अभियान फेज-2 की समीक्षा किया गया। उपायुक्त ने विभाग द्वारा क्रिन्यावित सभी योजनाओं को ससमय पूरा करने, खराब चापानलों की मरम्मति के लिए वाहन चलाने, आगनबाडी केन्द्रों में खराब चापानलों की सूची मंगाकर तत्काल मरम्मत करने का निर्देश दिया। बैठक में पेजयल के कार्यपालक अभियंता अविक अंबाला समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

AFFIDAVIT

As per affidavit Ref. No. 1933 dated 20.05.2023 I, **Manmohan Prasad, son of Late Muneshwar Prasad,** occupation- Service, age 58 years, R/O- Flat no: -301, JASCON PLAZA, Near Dangratoli, P.S.- Lalpur, District- Ranchi, do hereby state on oath as follows:-

1. That Manav Prasad@ Manav@ Animesh Saini is my son.
2. That my son is known and recognized by all the above three names.
3. That Manav Prasad@ Manav@ Animesh Saini is the same and one person.
4. That my son always use to write his name as Manav Prasad and will do so in future also.
5. That my son from now onward be called and recognized by Manav Prasad only.
6. That the statements made above are true and correct to the best of my knowledge, information and belief.

रंगदारी के आरोप में गिरफ्तार अभियुक्तों को भेजा जेल

आजाद सिपाही संवाददाता

भुरकुंडा। रंगदारी मांगने के आरोप में अभियुक्तों को गिरफ्तार कर भुरकुंडा पुलिस ने न्यायिक हिरासत में भेजा है। उक्त जानकारी गुरुवार को भुरकुंडा ओपी प्रभारी अमित कुमार ने दी है।

उन्होंने बताया कि जवाहर नगर निवासी सतीश ठाकुर को गुप्त सूचना के आधार पर उसके घर से पकड़ा गया है। सतीश ठाकुर 2019 से फिरार चल रहा था। गिरफ्तार अभियुक्त को कांड संख्या 108/19, धारा 385/386 एक्ट के तहत न्यायिक हिरासत में भेजा है।

पैसा लेनदेन मामले में नया मोड़, पीड़ित महिला ने दिया एसपी को आवेदन

तस्वीर वायरल करनेवाले पर कार्रवाई करने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। महिला थाना में पैसा लेनदेन की तस्वीर वायरल होने के बाद सस्पेंड हुए तीन पदाधिकारी मामले में नया मोड़ आ गया है। एसपी को आवेदन देकर पीड़ित महिला ने न्याय की गुहार लगायी है। उसने गलत तरीके से फोटो वायरल करने वाले के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है, जिसके बाद मामले की छानबीन शुरू हो गयी है। जिस वायरल तस्वीर पर तीन पदाधिकारियों पर कार्रवाई हुई है, उसपर उसने कहा है कि जिस तस्वीर में पैसा लेनदेन का मामला दिखाया गया, वह सरासर गलत है। वह राशि मुझे मिले समझौते की राशि है न कि थाना प्रभारी को दी जा रही है।

एसपी को दिये आवेदन में क्या है महिला का पक्ष

इधर 8 जून को विकास नगर रामगढ़ निवासी गुड़िया देवी ने रामगढ़ एसपी को एक आवेदन दिया है। इसमें कहा है कि 5 मार्च 2023 को मेरे द्वारा महिला थाना रामगढ़ में एक आवेदन दिया गया था। उसमें कहा गया था कि सचिन कुमार पिता प्रभु साव के द्वारा शादी का झांसा देकर मेरे साथ शारीरिक यौन शोषण किया। उसके आधार पर 6 मार्च 2023 को महिला थाना में सुलहनामा हुआ। सुलहनामा के तहत तय हुआ कि सचिन कुमार के द्वारा मुझे भरण पोषण जीवन यापन के लिए 10 लाख रुपया 7 दिसंबर 2023 तक दिया जायेगा। इसके अलावा तय किया गया था कि सचिन कुमार के द्वारा मेरे घर के नीचे फ्लोर में वर्षों से फर्नीचर का गोदाम चलाया जा रहा है। उसका किराया मुझे 7 मार्च 2023को महिला थाना प्रभारी सहित अन्य पदाधिकारी के समक्ष मिला। साथ ही साक्ष्य के रूप में फोटो खींची गयी थी, ताकि दोनों पक्ष भविष्य में पीछे न हट सकें। महिला ने कहा है कि मैं सुलहनामा से संतुष्ट थी और अपने घर में रहने लगी। लेकिन सुलहनामा के एक सप्ताह बाद मुझे पता चला कि सचिन कुमार के द्वारा रामगढ़ व्यवहार न्यायालय में मेरे विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया है, जिसकी जानकारी मैंने रामगढ़ महिला थाना को दी। उसके बाद मेरे आग्रह पर 10 मई 2023 को सचिन कुमार के खिलाफ महिला थाना में मामला दर्ज किया गया। उसके प्रतिशोध और मेरा केश कमजोर करने के लिए सचिन कुमार के द्वारा पुरानी फोटो को वायरल कर पुलिस पदाधिकारियों पर दबाव और एसपी को गुमराह करने का प्रयास किया गया है। आवेदन में महिला ने कहा कि है महिला थाना पुलिस ने मुझे हर संभव मदद की है। पैसे की डिमांड नहीं की है। महिला ने मांग की है गलत मंशा से मेरी और पुलिसकर्मियों की फोटो वायरल करने वाले आरोपी पर कड़ी कार्रवाई की जाये।

DR. SHYAMA PRASAD MUKHERJEE UNIVERSITY
RANCHI, JHARKHAND

SHORT TERM NOTICE INVITING TENDER

Dr. Shyama Prasad Mukherjee University, Ranchi-834008, Jharkhand invites tenders under two bid system (Part-I: Technical Bid and Part II: Financial Bid), from experienced and reputed contractor/firms/agencies/companies only for **"Renovation of staff toilet &Construction of septic tank for Department of Zoology at Dr. Shyama Prasad Mukherjee University, Ranchi, Jharkhand"**.

S.No.	Activity	Date
1.	Publication of Tender Document in University Website	09.06.2023 at 04:00 PM
2	Last Date & Time for Submission of Tender Documents	17.06.2023 till 01:00 PM

The detailed information about the tender document can be obtained from the office of the Section–Officer (General) or from the University Website:-www.dspmuranchi.ac.in.

Sd/-
Registrar
DSPMU, Ranchi

Memo : DSPMU/G/363/23 **Dated :** 08.06.2023

पहलवान और सरकार में सहमति के आसार

लंबे इंतजार के बाद आखिर सरकार की ओर से पहल हुई और पहलवानों के साथ नये सिरे से बातचीत शुरू हुई। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दखल देने के बाद बुधवार को केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर के आमंत्रण पर पहलवान बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक उनके निवास पर गये। वहां दोनों पक्षों में करीब छह घंटे लंबी बैठक हुई। इसके बाद अनुराग ठाकुर ने मीडिया को बताया कि खिलाड़ियों के साथ सकारात्मक माहौल में बातचीत हुई और 15 जून तक जांच पूरी कर चार्जशीट फाइल कर दी जायेगी। उनसे पहले बजरंग पूनिया ने सिर्फ इतना बताया था कि वे आपस में, किसान नेताओं और खाप पंचायत के प्रतिनिधियों से बातचीत कर आगे का कार्यक्रम बतायेंगे, लेकिन यह साफ है कि उनके सामने सरकार की ओर से कुछ ऐसी बातें रखी गयी हैं, जिन पर उन्हें साथियों के साथ बातचीत करनी है। खेल मंत्री का बयान बताता है कि ज्यादातर मांगों पर सहमति बन गयी है। पहलवानों की ओर से जो पांच मांगें रखी गयी हैं, उनमें भारतीय कुश्ती महासंघ के स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव करवाना, मौजूदा अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह और उनके परिवार को इन चुनावों से दूर रखना, कुश्ती महासंघ की आंतरिक शिकायत समिति की प्रमुख किसी महिला को बनाना और पुलिस कार्रवाई के बाद पहलवानों पर दर्ज केस वापस लेना- इन चार में कोई बड़ी दिक्कत नहीं है। खबरें भी बताती हैं कि सरकार इन मांगों पर स्वीकार करने को करीब-करीब तैयार हो गयी है। मामला पांचवीं मांग को लेकर फंस रहा है, जिसे पहलवान अपनी मुख्य मांग के रूप में पेश करते आये हैं। वह है बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी। जहां पहलवानों के लिए इस मांग पर ढील देने का मतलब अपनी अब तक की लड़ाई को व्यर्थ कर देने जैसा है, वहीं सरकार की इस दिक्कत को भी खारिज नहीं किया जा सकता कि एफआइआर दर्ज किये जाने के बाद पुलिस इस मामले को देख रही है। जिस तरह के सबूत मिल रहे हैं, उसी आधार पर जांच आगे बढ़ रही है और पुलिस की कार्रवाई भी उसी के अनुरूप होनी चाहिए। अगर किसी दबाव में उससे अलग कदम उठा लिया जाता है, तो उसे तथ्यों की रोशनी में अदालत में सही साबित करना मुश्किल हो जायेगा। शायद इसीलिए सरकार की तरफ से यह भरोसा दिलाया गया कि दिल्ली पुलिस जांच पूरी होने के बाद मजबूत चार्जशीट पेश कर देगी। लेकिन पहलवानों के लिए यह तय करना मुश्किल है कि मजबूत चार्जशीट का ठीक-ठीक मतलब क्या निकलेगा। बहरहाल, पहलवानों की शिकायतों और उनके विरोध प्रदर्शन से जुड़ा यह पूरा प्रकरण बहुत लंबा खिंच चुका है। यह और लंबा चला, तो देश की साख को वाकई नुकसान पहुंचा सकता है।

जिस तरह के सबूत मिल रहे हैं, उसी आधार पर जांच आगे बढ़ रही है और पुलिस की कार्रवाई भी उसी के अनुरूप होनी चाहिए। अगर किसी दबाव में उससे अलग कदम उठा लिया जाता है, तो उसे तथ्यों की रोशनी में अदालत में सही साबित करना मुश्किल हो जायेगा।

अभिमत आजाद सिपाही

नौ वर्ष पहले जब नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री का पद संभाला था, तब भारत की धीमी आर्थिक विकास, उच्च बेरोजगारी और उच्च राजकोषीय घाटे की स्थिति 1980 के दशक के संयुक्त राज्य अमेरिका जैसी ही थी। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, सरकार ने ऐसे कई परिवर्तनकारी पहलों को लागू किया, जिन्होंने हमारे महान राष्ट्र को और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाते हुए भारतीय समाज के सभी वर्गों के जीवन को प्रभावित किया है।

बदला हुआ भारत : मोदी सरकार के यादगार नौ वर्ष

किरण मजूमदार-शॉ



यह हमारे लिए इस बात को महसूस करने का समय है कि एक देश के तौर पर हम इतने महान हैं कि खुद को छोटे सपनों तक सीमित नहीं कर सकते। हम वैसे नहीं हैं, जैसा कि कुछ लोग हमें मानते हैं। एक अपरिहार्य पतन के लिए अभिशप्त। मैं उस भाग्य में कतई विश्वास नहीं करता जिसका फल हम पर पड़ेगा ही, चाहे हम जो कुछ भी करें। मेरा भरोसा एक ऐसे भाग्य में है जिसका फल हम पर पड़ेगा, अगर हम कुछ भी नही करेंगे। इसलिए, अपने नियंत्रण में उपलब्ध सभी रचनात्मक ऊर्जा को बटोरते हुए, आइये हम सब राष्ट्रीय नवीनीकरण के युग की शुरूआत करें।आइए हम अपने दृढ़ संकल्प, अपने साहस और अपनी ताकत को नये सिरे से सहेजें और आइये हम अपने विश्वास और अपनी आशा को नए सिरे से मजबूत करें। हमें बहादुरी भरे सपने देखने का पूरा अधिकारहै।

पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन के उपरोक्त उद्धरण से यह बात प्रतिध्वनित होती है कि कैसे यह भारत के लिए बड़े सपने देखने का समय है।

नौ वर्ष पहले जब नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री का पद संभाला था, तब भारत की धीमी आर्थिक विकास, उच्च बेरोजगारी और उच्च राजकोषीय घाटे की स्थिति 1980 के दशक के संयुक्त राज्य अमेरिका जैसी ही थी। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, सरकार ने ऐसे कई परिवर्तनकारी पहलों को लागू किया, जिन्होंने हमारे महान राष्ट्र को और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाते हुए भारतीय समाज के सभी वर्गों के जीवन को प्रभावित किया है।

आज कई बहुराष्ट्रीय निगम भारत को मैन्यूफैक्चरिंग के एक पसंदीदा गंतव्य के रूप में देख रहे हैं।

स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में बदलाव : स्वास्थ्य संबंधी देखभाल, फार्मास्यूटिकल एवं बायोफार्मास्यूटिकल उद्योग से जुड़े एक व्यक्ति औरखुद एक उद्यमी के तौर पर, मेरा यह मानना है कि इस प्रशासन की कई विशेष खूबियों में से एक बेहतर और अधिक सुदृढ़ राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के निर्माण के प्रति इसकी वचनबद्धता है।

जब 2020 में पूरी दुनिया कोविड-19 महामारी से निपटने के लिए जूझ रही थी, तो भारत निर्णायक नेतृत्व, दूरदर्शी योजना और आरोग्यसेतु एवं कोविन ऐप जैसे नवाचारों के जरिए इस घातक वायरस से प्रभावी तरीके से निपटने में सक्षम था। इसके परिणामस्वरूप, भारतन केवल अपनी 90 प्रतिशत से अधिक आबादी को 200 मिलियन से अधिक टीके लगाने में सफल रहा, बल्कि इसने वैक्सीन मैत्री पहल के हिस्से के रूप में टीके भेज कर कई अन्य देशों की भी मदद की।

पिछले नौ वर्षों में, मोदी सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एक डिजिटल प्लेटफॉर्म बनाया है, जिसका उद्देश्य सभी को स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना है। ई-संजीवनी नाम की सरकार की रचनात्मक टेलीमेडिसिन सेवा लोगों को अपना घर छोड़े बिना प्रमुख शहरों में मौजूद विशेषज्ञ डॉक्टरों तक पहुंचने में मदद करती है। यह बुजुर्गों और अपर्याप्त चिकित्सा सुविधाओंवाले दूरदराज के क्षेत्रों में रहनेवाले लोगों के लिए एक बड़ी मदद है। यह टेलीमेडिसिन सेवा दिहाड़ी मजदूरों के लिए अपनी मजदूरी खोने के डर के बिना चिकित्सीय परामर्श लेना संभव बनाती है। अब तक 120 मिलियन से अधिक रोगियों ने ई-संजीवनी के जरिए दूरदराज के इलाकों में रहते हुए गुणवत्ता पूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया है।

जनऔषधि परियोजना के तहत, सरकार समर्पित दुकानों के जरिए आम लोगों को उच्च गुणवत्तावाली जेनेरिक दवाएं सस्ती कीमत पर उपलब्ध करा रही है। इन जेनेरिक दवाओं की गुणवत्ता और प्रभावकारिता महंगी ब्रांडेड दवाओं के बराबर है। भारतने वित्तीय वर्ष 2023 के दौरान 160 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक मूल्य की जेनेरिक दवाएं बेची है।

आयुष्मान भारत योजना 1,54,000 से अधिक स्वास्थ्य एवं कल्याण केन्द्रों के अपने नेटवर्क के जरिए एक स्वस्थ एवं उत्पादक नया भारत बनाने के साथ-साथ समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को बीमा कवर प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस मेगा स्वास्थ्य बीमा योजना से भारत के लगभग 220 मिलियन नागरिक लाभान्वित हुए हैं।

उद्यमिताको बढ़ावा

एक महिला व्यवसायी के तौर पर एक और बड़ा बदलाव जो मैंने देखा है, वह पिछले नौ वर्षों में देश में उद्यमिता संबंधी परिदृश्य का विकास है। आज बहुत सारे ऊर्जावान युवा हमारी रोजमर्रा की समस्याओं के नये-नये समाधान ढूंढ रहे हैं। यह सब केवल मेक इन इंडिया और स्टार्ट-अप इंडिया जैसी उच्च-लक्षित सरकारी पहलों के कारण ही संभव हो पाया है। भारत के एक व्यवसाय-समर्थक राष्ट्र बनने में राजनीतिक नेतृत्व ने एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ताजा सरकारी आंकड़ों के अनुसार, स्टार्ट-अपकी संख्या 2014 से पहले लगभग 350 थी जो 2023 में बढ़ कर 90,000 से अधिक हो गयी है, जिसमें 100 से अधिक यूनिकॉर्न शामिल हैं।

प्रधानमंत्री को खुद देश के युवाओं, उनके विचारों और उनकी उपलब्धियों की सराहना करते हुए देखना बेहद सुखद है, जो ऐसे कई अन्य लोगों के लिए प्रेरणा का एक बड़ा स्रोत रहा है, जो समाज में बदलाव लाना चाहतेहै, लेकिन इसमें निहित जोखिमों से डरते हैं। आज, हमारे देश के युवा राष्ट्र निर्माण के कार्य में भागीदारी करने से नहीं डरते हैं और वे भारत को नवाचार के एक केंद्र के रूप में बदल रहे हैं।

वास्तव में, देश के कानूनों और विनियमों में व्यवसायों के अनुकूल किये गये बदलावों से सड़क, हवाई संपर्क आदि जैसे बुनियादी ढांचे में सुधार हुआ है और इससे भारतीय उद्योग जगत को काफी मदद मिली है।

आज, कई बहुराष्ट्रीय निगम भारत को मैन्यूफैक्चरिंग के एक पसंदीदा गंतव्य के रूप में देख रहे हैं। पिछले नौ वर्षों में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआइ) और निर्यात दोनों में जबरदस्त वृद्धि हुई है। एफडीआइ हासिल करनेवाले दुनिया के शीर्ष 10 देशों में भारत को स्थान दिया गया है और देश ने वित्तीय वर्ष 2022 के दौरान 84.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर का अब तक का सबसे अधिक एफडीआइ प्रवाह प्राप्त किया है।

सामाजिक सुधारों को बढ़ावा

मेरे हिसाब से एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि महिला सशक्तिकरण में निहित है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम ने बेटियों के प्रति भारतीय समाज की धारणा को पूरी तरह से बदल दिया है।

आज बेटियों के जन्म परउत्सव मनाया जा रहा है और खेल, विज्ञान, मनोरंजन, रक्षा या विमानन, हर क्षेत्र में महिलाएं भारत का नाम रोशन कर रही हैं। मेरामानना हैकि यह न केवल इस सरकार के लिए, बल्कि प्रत्येक भारतीय महिला के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

लघु एवं सूक्ष्म उद्यमों के लिए दिए जानेवाले मुद्रा ऋण परियोजना की मदद से 408 मिलियन से अधिक महिलाएं आत्मनिर्भर बन गयी हैं। उज्ज्वला योजनाने समाज के सबसे वंचित वर्गों की 96 मिलियन महिलाओं को रियायती दरों परएलपीजी (तरलीकृत पेट्रोलियम गैस) प्राप्त करने में मदद की है। यह योजना खाना पकाने के अस्वच्छ ईंधन के कारण पैदा होनेवाले घरेलू वायुप्रदूषण से होनेवाली श्वसन संबंधी गंभीर बीमारी से लाखों लोगों को बचा रही है।

निष्कर्ष : इन नौ वर्षों के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों ने विश्व में भारत की स्थिति को बेहतर किया है, पर्याप्त मात्रा में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआइ) को आकर्षित किया है, बुनियादी ढांचे को मजबूत किया है, प्रौद्योगिकी में निवेश को बढ़ावा दिया है और उद्यमियों के लिए बड़े अवसर पैदा किये हैं। आज भारत पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, जो विश्व अर्थव्यवस्था की तुलना में दुगनी तेजी से बढ़ रही है। नरेन्द्र मोदी केदूरदर्शी नेतृत्व में, भारत एक अत्यधिक आत्मविश्वासी एवं आत्मनिर्भर राष्ट्र में बदल गया है, जो कि इसकी समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा और ऐतिहासिक विरासत केअनुरूप है।

(लेखक : बायोकॉन लिमिटेड एवं बायोकॉन बायोलॉजिक्स लिमिटेड के कार्यकारी अध्यक्ष हैं।)

जमशेदपुर की खबरें

नकली हथियार से लूट के मामले का पुलिस ने किया खुलासा

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। उलीडीह शिव मंदिर लाइन में बीते दिनों नकली हथियार का भय दिखाकर डिलीवरी लिमिटेड के काउंटर से 29740 हजार रुपये और मोबाईल फोन अज्ञात युवको के द्वारा लूट कर भागने के आरोप में अनुप कुमार शर्मा के द्वारा उलीडीह ओपी में लिखित शिकायत की गई थी। सूचना मिलने पर पटमदा डीएसपी सुमित कुमार के निर्देश पर टीम का गठन कर कार्रवाई की गई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए लूट की घटना को अंजाम देने के मामले का खुलासा कर दिया। पुलिस ने घटना में शामिल दो नाबालिग समेत आरोपी को हिरासत में ले लिया। गिरफ्तार आरोपी में कूरियर कंपनी में ही काम करने वाले विशाल सिंह शामिल है। बताया जा रहा है विशाल ने ही लूट की योजना बनाई थी। इस संबंध में पुलिस ने घटना में प्रयुक्त नकली हथियार भी बरामद कर लिया। गुरुवार को मामले का खुलासा करते हुए बताया गया कि विशाल कंपनी में ही काम करता था। रविवार को उसकी छुट्टी थी। उसने पूर्व से ही अपने अन्य साथियों के साथ लूट की योजना बना रखी थी। रविवार को छुट्टी होने के कारण कार्यालय में कोई नहीं रहता है। इसी का फायदा उठाकर उसने घटना को अंजाम दिया। विशाल ने पुलिस को बताया घटना में जो हथियार इस्तेमाल किया गया था, वह नकली है। उसने कुछ दिनों पूर्व ही ऑनलाइन उक्त हथियार को मंगाया था। योजना में उसने अपनी बस्ती के ही एक साथी को शामिल किया। रविवार की दोपहर 2.30 बजे दो लोग कार्यालय में घुसे और मौके पर मौजूद कर्मी को हथियार दिखाकर 29 हजार रुपए की लूट कर ली। घटना की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी ने बताया डिलीवरी लिमिटेड में टीम सहायक लीडर के पद पर नियुक्त विशाल सिंह के द्वारा घटना को अंजाम दिया गया था। गिरफ्तार अभियुक्त के स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर अन्य दो विधि विरुद्ध बालक को निरुद्ध किया गया। सभी के निशानदेही पर कांड में लूट की गयी 16000 हजार रुपये बरामद किया गया। साथ ही चार मोबाईल फोन व अपराध कारित करते समय सीसीटीबी फुटेज के आधार पर कपड़ों को भी जब्त कर लिया गया। उन्होंने बताया घटना में शामिल दो विधि विरुध निरुद्ध बालक को बाल सुधार संप्रेषण गृह भेजा गया, आरोपी विशाल कुमार सिंह को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। विशेष छापामारी टीम में पुलिस उपाधीक्षक पटमदा सुमित कुमार,ओपी प्रभारी सोनु कुमार, अनुसंधानकर्ता मो0 जहाँगीर, प्रकाश तिर्की, मुकेश कुमार,दीपक पासवान, ओलिडीह के ओपी सशस्त्र बल शामिल रहे।

निपुण भारत मिशन एफएलएन अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला

बच्चों को सही दिशा देने की जरूरत : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। बिस्टुपुर स्थित लोयोला स्कूल सभागार में निपुण भारत मिशन एफएलएन अंतर्गत एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। गुरुवार को आयोजित कार्यशाला में उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव, जिला शिक्षा पदाधिकारी श्रीमती निर्मला बरेलिया, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती नेहा संजना खलखो, जिला शिक्षा अधीक्षक सुश्री निशु कुमारी, रांची से आईं कंसल्टेंट कामिनी कुमारी सहित कार्यशाला में भाग ले रहे करीब 300 प्रतिभागी उपस्थित हुए। जिनमें बीआरपी, सीआरपी, बीपीओ, एफएलएन मास्टर ट्रेनर, चिन्हित 20 स्कूल के शिक्षक और प्राचार्य, जिला स्तरीय एफएलएन कमिटी के सदस्य शामिल रहे। कार्यशाला में एफएलएन का जिले स्तर में बेहतर क्रियान्वयन पर मार्गदर्शन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य एजुकेशन वर्किंग ग्रुप के माध्यम से मूलभूत साक्षरता को बढ़ावा देना। साथ ही डिजिटल और ऑनलाइन मीडिया के माध्यम से होने वाले औपचारिक शैक्षणिक कार्यक्रम द्वारा प्रारंभिक शिक्षा के दौरान बच्चों के मनोभाव को समझना व उसको विकसित करने हेतु सार्थक प्रयास किया जाना है। एफएलएन के तहत 3 वर्ष से लेकर 9 वर्ष तक आयु वर्ग के बच्चों को उनके मातृभाषा में सीखने, समझने और लिखने की क्षमता को विकसित करना है। इलके लिए झारखंड सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा मुंडारी, कुड़ुख, संताली, खड़िा और हो भाषा में शिक्षक संदर्शिका तैयार करायी गयी है।

समाज के लिए शिक्षा से बेहतर कोई गिफ्ट नहीं : उपायुक्त

मौके पर उपायुक्त ने कहा इस मिशन के तहत 3-9 वर्ष के बच्चो के बीच ऐसा वातावरण तैयार करना है जिससे उन्हें बुनियादी साक्षरता एवं संख्याज्ञान में पर्याप्त रूप से सशक्त किया जा सके। उन्होने कहा बदलते दौर में शिक्षकों को भी पढ़ाने की विधा को बदलना होगा। बच्चा क्या सुन रहा, कितना समझ रहा फिर वे कैसे लिख रहा है इसपर ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होने कहा कि शिक्षक अगर बच्चों के मनोभाव को समझते हुए रूचिकर तरीके से विषयों को पढ़ायें तो जरूर बेहतर परिणाम देखने को मिलेंगे। उन्होंने कहा कि एक बार बच्चों में विषयों को लेकर रूचि जागृत हो जाये तो बाद में ज्यादा मेहनत की जरूरत नहीं होगी। उन्होंने कहा हमारे सामने चुनौती है कैसे ग्रामीण परिवेश के बच्चों में मैथ्स और साइंस को लेकर डर हटाया जा सके या उसे दूर भगाया जा सके। उन्होने कहा शिक्षक को सोचना होगा सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के पढ़ाई-लिखाई के मामले में उनके मां-बाप हम ही हैं। शिक्षा से बेहतर कोई गिफ्ट नहीं है। जो हम समाज को वापस दे सकते हैं। उपायुक्त ने कहा हमारे यहां आंगनबाड़ी केन्द्र बच्चों के प्रारंभिक शिक्षा का माध्यम है। उन्हें सशक्त करना होगा, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका की ट्रेनिंग कराई जाएगी। उन्होने सुझाव देते हुए कहा जिले के बेस्ट शिक्षकों के बीच टीचर ट्रेनिंग मेटेरियल बनाने का कंपीटिशन करायें, 11 प्रखंड से 22 शिक्षक चुनें फिर उनके बीच जिला तथा राज्य स्तर पर कंपीटिशन कराते हुए सम्मानित भी किया जाए। इससे सरकारी स्कूल के शिक्षकों के बीच भी प्रतिस्पर्धा का एक माहौल बनेगा। यूनेस्को के 2013-14 की शिक्षा रिपोर्ट के अनुसार यदि सारे बच्चे मूलभूत पढ़ने व कौशल के साथ स्कूल छोड़े होते तो 171 मिलियन लोगों को गरीबी से बाहर निकाला जा सकता था। इन सबको ध्यान में रखकर शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार ने 5 जुलाई 2021 को निपुण भारत मिशन आरंभ किया। निपुण मिशन 3-9 वर्ष के बच्चों को आगे की कक्षाओं के लिए उनके सफल शैक्षणिक विकास की आधारशिला है। जो बच्चे मूलभूत कौशल से वंचित रह जाते हैं उन्हे आगे की कक्षाओं में उचित अधिगम प्राप्त होना मुश्किल होता है। वे निरंतर पिछड़ते चले जाते हैं। सीखने की प्रक्रिया में निरंतर पिछड़ जाने से ऐसे बच्चे स्कूली व्यवस्था से ड्रॉप आउट हो जाते हैं। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया जिले में 10-14 जून तक सभी विद्यालय और समुदाय स्तर पर एफएलएन के कार्यक्रम आयोजित किए जायेगे। इसका दस्तावेजीकरण और प्रचार-प्रसार भी किया जायेगा।

उपायुक्त ने जिला विकास समन्वय समिति के साथ की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

सरायकेला। सरायकेला खरसावां जिले के जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त अरवा राजकमल ने जिला विकास समन्वय समिति के साथ बैठक की। गुरुवार को आयोजित बैठक में उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार गगराई, अपर उपायुक्त सुबोध कुमार, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित विभागीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कृषि, पशुपालन, मत्स्य, भूमि संरक्षण, मनरेगा योजना, आवास योजना एवं प्रखंड स्तर पर संचालित योजनाओं की कार्य प्रगति का क्रमवार समीक्षा किया। मौके पर उपायुक्त नें विभिन्न विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं के तहत किए जा रहे निर्माण कार्य में गति लाते हुए निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने का निर्देश दिया। वही विभिन्न योजनाओं के तहत निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य में गति लाने व सरकार के जन कल्याणकारी योजना के तहत छूटे लाभुकों को जोड़कर उन्हें लाभ प्रदान करने के संबंध में कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए।समीक्षा बैठक के दौरान उपायुक्त ने आवास योजना अंतर्गत अब तक 3048 पेंडिंग आवास निर्माण कार्य में गति लाने के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी व प्रखंड समन्वयक को निर्देश दिया। उन्होंने कहा आपसी तालमेल स्थापित करते हुए कार्य करे। साथ ही लाभुक को लंबित कार्य पूर्ण करने के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा लक्ष्य निर्धारित कर आवास निर्माण के लंबित कार्य को पूर्ण करें सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी क्षेत्र का भ्रमण करें। ताकि योजनाएं निर्धारित समयावधि में पूर्ण की जा सके। इस दौरान उन्होंने ऑनगोइंग स्कीम के तहत पूर्व की योजनाओं में पेमेंट स्टेटस डालकर क्लोज करने की बात कही। वही पेंडिंग स्कीम के तहत छोटे-छोटे योजनाओं को यथाशीघ्र पूर्ण करने व लंबित कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। वही उपायुक्त ने विभिन्न पंचायतों में 5 से अधिक योजनाएं संचालित कर मानव सृजन की संख्या बढ़ाने, अमृत सरोवर योजना अंतर्गत निमार्णाधीन कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करने तथा मुख्यमंत्री कृषि ऋण माफी योजना अंतर्गत सभी प्रखंड, पंचायतो में अभियान चलाकर शेष बचे लाभुकों को चिन्हित कर लाभ प्रदान करने के निर्देश दिया।

युवक की कार दुर्घटना में मौत

मझिआंव (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के नगर पंचायत वार्ड नंबर 6 के लोहार पुरवा मुहल्ला निवासी निवासी महेंद्र शर्मा के लगभग 22 वर्षीय पुत्र भास्कर शर्मा उर्फ बबलू शर्मा की कार दुर्घटना में मौत हो गई। दुर्घटना के बाद रांची रिम्स ले जाने के क्रम में युवक की मृत्यु हुई। जानकारी देते हुए ऑल्टो कार के चालक सह मालिक लोहार पुरवा निवासी सुनील शर्मा ने बताया कि वह अपनी अल्टो कार लेकर नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 7 के बकरी बाजार निवासी प्रसाद साव की पुत्री का तिलक चढ़ाने के लिए नगर उंटारी थाना क्षेत्र के ठरकीया गांव गए हुए थे। उसके साथ कार मे भास्कर भी था। उसने बताया कि तिलकोत्सव के बाद बुधवार की रात्रि लगभग 12बजे मझिआंव वापसी अल्टो कार से आने के क्रम में नगर उंटारी से लगभग 5 किलोमीटर दूर धुरकी रोड में अल्टो कार अनियंत्रित होकर तीनचार बार पलटा । जिसमें कार में बैठे हुए भास्कर उर्फ बबलू गाड़ी से कब गिर गया उसे खुद पता नहीं चल पाया। देखने के बाद पता चला कि वह कार से बाहर गंभीर रूप से घायल पड़ा हुआ है । जिसे परिजनों की सूचना देने के बाद उसे आनन-फानन में नगर उंटारी अस्पताल में ईलाज के लिए ले जाया गया। जहां से चिकित्सकों के द्वारा स्थिति गंभीर देखते हुए सदर अस्पताल गढ़वा लाया गया। जहां से चिकित्सकों ने स्थिति गंभीर देखते हुए उसे रांची रीम्स रेफर कर दी। जिसे अस्पताल पहुंचने से पहले ही रांची के कर्मतोली चौक के समिप उसकी मृत्यु अहले सुबह हो गई।

अतिक्रमण हटाने के नाम पर गरीबों को परेशान किया जा रहा है : सन्नी चंद्रवंशी

गढ़वा (आजाद सिपाही)। जिला मुख्यालय में शहर के दानरो नदी व सरस्तीया नदी पूरी से सूख चूकी है। शहर के लाइफ लाइन कहे जाने वाले दानरो नदी से तो अप्रैल माह में ही सूख गई है। जबकि सरस्तीया नदी नाला में तब्दिल हो गया है। सरस्तीया नदी के किनारे रहने वाले लोग अपने घर का कचरा सरस्तीया नदी में डाल रहे है। इसकी जानकारी देते हुए गढ़देवी मोहल्ला निवासी चंद्रवंशी सेना के अध्यक्ष सन्नी चंद्रवंशी ने बताया कि सरस्तीया नदी का अतिक्रमण नदी के किनारे रहने वाले लोगों ने कर लिया है। सरस्तीया नदी नाला में तब्दिल हो गया है।

झामुमो आपके द्वार कार्यक्रम में दी जा रही सरकारी योजनाओं की जानकारी

विकास से घबरा गये हैं विरोधी

आजाद सिपाही संवाददाता

रंका। रंका प्रखंड में झामुमो आपके द्वार कार्यक्रम चला कर प्रखंड के सभी पंचायतों में ग्रामीण जनता को सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करने का कार्य किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत बाहाहारा पंचायत भवन में पंचायत कमेटी के सभी पदाधिकारियों, जुझारू कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों के साथ एक अहम बैठक किया गया। बैठक में प्रभारी के रूप में झामुमो जिला उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि संजय सिंह छोटू उपस्थित थे। इस बैठक में संगठन की मजबूती के बारे में विस्तृत चर्चा किया गया वहीं दूसरी ओर झारखंड की लोकप्रिय हेमंत सरकार के द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी गयी। साथ ही मंत्री सह गढ़वा विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर के द्वारा पुरे विधानसभा क्षेत्र में किए जा रहे विकास कार्यों के बारे में जानकारी दिया गया। बैठक में सरकार के द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से कोई वंचित नहीं रह जाए, यह सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। झामुमो आपके द्वार कार्यक्रम के तहत घर घर जाकर सभी लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने पर बल दिया गया। इस अवसर पर बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए प्रभारी विधायक प्रतिनिधि संजय सिंह छोटू ने कहा कि आज मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के नेतृत्व में पूरे विधानसभा क्षेत्र में जिस तरह से विकास का काम किया गया है,यह किसी दूसरे जनप्रतिनिधि के बूते की बात नहीं है। पूर्व के जनप्रतिनिधियों ने जनता का वोट लेकर जनता को ही चलने का काम किया है। गढ़वा विधानसभा सहित झारखंड में हो रहे विकास कार्यों से भाजपा के लोग बौखलाए हुए हैं । उन्होंने कहा कि धार्मिक उन्माद फैलाकर लोगों को आपस में लड़ाने वाली षड्यंत्रकारी भाजपा को जनता इस बार पुणः सबक सिखायेगी। क्योंकि भाजपा कई बार जनमत का अपमान करने का काम किया है । मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने सभी महान स्वतंत्रता सेनानियों वीर सपूतों को सम्मान देने का काम किया है। महान स्वतंत्रता सेनानी वीर शहीद निलांबर पितांबर के नाम से पूरे झारखंड में निलांबर पितांबर जल समृद्धि योजना सरकार चला रही है । गढ़वा में भव्य निलांबर पितांबर भवन का निर्माण मंत्री के द्वारा कराया गया है। वीर शहीद फेतल सिंह खरवार का प्रतिमा उनके पावन भूमि बहाहारा में स्थापित किया गया है। इस अवसर पर पंचायत अध्यक्ष ओम प्रकाश यादव, पंचायत सचिव नंदलाल सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष विजय सिंह, युवा मोर्चा सचिव विकास कुमार यादव, बहाहारा पंचायत के मुखिया श्रीमती किरण देवी, पंचायत प्रभारी लल्लन यादव, वार्ड सदस्य प्रताप सिंह, वार्ड सदस्य पति सत्यनारायण सिंह, रमेश यादव, वार्ड सदस्य हजारी राम,झामुमो नेता फुलटून यादव, रमेश यादव, राजकुमार यादव, सुजीत सिंह, सुकुल यादव,संजय साहू, जितेंद्र सोनी, बालेश्वर सिंह, हरकुलास सिंह, अरुण सिंह, लोहा सिंह, पवन सिंह, पुरूषोत्तम पासवान, सतनारायण सिंह, कृष्णा सिंह, मोती सिंह, सभी झामुमो कार्यकर्ता और पंचायत के ग्रामीण जनता काफी संख्या में उपस्थित थे।

बस-ट्रक की टक्कर, कोई घायल नहीं

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। भवनाथपुर खरौंधी मुख्य मार्ग पर रोहिनिया गांव के समीप तीखे मोड़ पर गुरुवार के सुबह शिवोत्तम नामक बस और एलपी ट्रक के बीच हुई आमने सामने की टक्कर में आधा दर्जन से अधिक यात्री गंभीर रूप से चोटिल हो गये। गनीमत रही कि इतनी भीषण दुर्घटना के बाद भी कोई हताहत नहीं हुई। घायलो में भवनाथपुर थाना क्षेत्र के बुका गांव निवासी बिनोद राम और उसके पुत्र उत्पल कुमार, यस कुमार, करिवाडीह के हुसरु निवासी रामनाथ उरांव को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर में भर्ती कराया गया है, शेष घायलो का खरौंधी के निजी अस्पतालो में किया जा रहा है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है, कि यात्रियों के खचाखच भरी शिवोत्तम नामक यात्री बस गुरुवार के सुबह खरौंधी से भवनाथपुर आ रही थी, जबकि श्रीबंशीधर नगर थाना क्षेत्र के कुशदड गांव से लिप्टस का बोटा लदा हुआ एलपी ट्रक खरौंधी जा रही थी, तभी मुख्य पथ स्थित रोहिनिया गांव के समीप तीखे मोड़ पर बस और ट्रक की सीधी टक्कर हो गई। इस टक्कर में बस सवार आधा दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए। उधर घटना की सूचना मिलते ही भवनाथपुर थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच घायल यात्रियों को ईलाज के लिए अस्पताल भेजवाया। बस और ट्रक के बीच हुई टक्कर से जाम हुई मुख्य पथ से वाहनों को हटवा कर आवागमन चालू करा या साथ ही उक्त दुर्घटनाग्रस्त वाहन को जब्त कर ली गयी है।

महिला के अकाउंट से एक लाख से अधिक की अवैध निकासी

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। ग्राहक न तो आधार बेस्ड निकासी हेतु कहीं अंगूठा लगाया नहीं बैंक से निकासी की फिर भी पंजाब नैशनल बैंक सिंघीताली शाखा के सेविंग अकाउंट से फर्जी तरीके से एक लाख नौ हजार पांच सौ रुपये निकासी का मामला प्रकाश में आया है। उक्त नामले को लेके ग्राहक गायत्री देवी ने शाखा प्रबंधक को आवेदन देकर पैसा वापस कराने का गुहार लगायी है। केतार थाना क्षेत्र के परसोडीह निवासी अजय गुप्ता की पत्नी गायत्री देवी ने पंजाब नैशनल बैंक सिंघीताली शाखा को दिये आवेदन में बताया कि मेरे खाता संख्या 2653001700401735 से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा अगल-अलग 12 किश्तों में एक लाख नौ हजार पांच सौ की निकासी कर ली गयी है। जबकि निकासी हेतु मैंने न तो कहीं अंगूठा लगाया नही बैंक में निकासी के लिये फॉर्म भरा है। मेरे खाते से 12 अप्रैल को 15 हजार, 13 अप्रैल को 10 हजार, 14 अप्रैल को 10 हजार, 15 अप्रैल को 10 हजार, 16 अप्रैल 5 हजार, 1 माई 10 हजार, 2 माई को 19 हजार 5 सौ, 3 माई को 10 हजार, 4 माई को 10 हजार, 2 जून को 10 हजार रुपये निकासी किया गया है। कस्टमर ने बैंक मैनेजर को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी है। इस संबंध में शाखा प्रबधक मनीष कुमार ने बताया कि उक्त राशि की निकासी आधार एनेबल के माध्यम से हुआ है, मैसेज इनेबल नही होने के कारण इतनी बार निकासी हो पायी।

कार्यालयः जिला शिक्षा अधीक्षक, रामगढ़

E-Mail ID:-dseramgarh.mdm@gmail.com

रामगढ़ जिला अन्तर्गत प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों के शिक्षक/शिक्षिकाओं की प्रोन्नति हेतु मास्टर वरीयता सूची संख्या 1, 2 एवं 3 संबंधी आवश्यक सूचना

सरकार के प्रधान सचिव, प्राथमिक शिक्षा, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या 3027 दिनांक 14.12.2015, संकल्प संख्या 1145 दिनांक 18.07.2019, माननीय उच्च न्यायालय, झारखण्ड, राँची WP(S) संख्या 1474/2017 के न्यायिक आदेश एवं प्रारंभिक शिक्षक प्रोन्नति नियमावली 1993 को आधार मानते हुए रामगढ़ जिला अन्तर्गत प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों के शिक्षक/शिक्षिकाओं की मास्टर वरीयता सूची 1, 2 एवं 3 का निर्माण किया गया है। मास्टर वरीयता सूची 1 में सेवानिवृत्त मृत एवं कार्यरत शिक्षकों का, मास्टर वरीयता सूची 2 में ग्रेड–4 में नियुक्त शिक्षकों का एवं मास्टर वरीयता सूची 3 में उर्दू कोटि (वर्ष 1994) में नियुक्त शिक्षकों की विवरणी को जिले के आधिकारिक वेबसाईट ramgarh.nic.in पर प्रकाशित किया जा रहा है, जिसमें शिक्षकों को किसी प्रकार की आपत्ति हो, तो दिनांक 20.06.2023 के अपराह्न 05:00 बजे तक निम्नांकित प्रपत्र में अपना दावा–आपत्ति साक्ष्य के साथ जिला शिक्षा अधीक्षक, कार्यालय रामगढ़ में जमा कर सकते हैं। उक्त निर्धारित तिथि तक शिक्षक/शिक्षिकाओं के द्वारा किसी प्रकार का दावा प्राप्त नहीं होता है, तो यह समझा जायेगा कि इस संबंध में उनको कोई आपत्ति नहीं है।

प्रपत्र

क्र. सं.	मास्टर वरीयता सूची संख्या	सूची क्रमांक	शिक्षक/शिक्षिका का नाम	विद्यालय का नाम	दावा–आपत्ति का कॉलम संख्या	दावा–आपत्ति का विवरण	हस्ताक्षर

ह०/–
जिला शिक्षा अधीक्षक, रामगढ़।

PR 299530 District(23-24)D

बिजली चोरी के मामले में 16 पर प्राथमिकी

आजाद सिपाही संवाददाता

बंशीधर नगर। विद्युत विभाग की टीम ने अवैध बिजली जलाने वाले के विरुद्ध नकेल कसने शुरू कर दिया है।

बिजली विभाग के करवाई से अवैध बिजली जलाने वाले लोगों में हड़कंप मचा हुआ है । बंशीधर नगर अनुमंडल क्षेत्र के चार गाव में छापामारी अभियान चलाकर 16 लोगों के विरुद्ध स्थानीय थाना में अवैध रूप से बिजली जलाने को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराया है। विद्युत विभाग के कनिय अभियंता गुणवंत कुमार ने प्राथमिकी दर्ज करने के साथ-साथ दो लाख 13 हजार एक सौ 21 रुपए का हजार्ना लगाया है। सहायक अभियंता धीरेंद्र कुमार के नेतृत्व में निकले विद्युत विभाग के टीम ने बंशीधर नगर के भोजपुर कधवन, कोलझीकी, कोइंदी गांव में छापामारी अभियान चलाया जिसमें कधवन गांव से अवैध रूप से बिजली जलाने वाले अबरार अहमद, करार अहमद, अफजल अंसारी, जमील अंसारी, कोलझीकी गाव के नीरज कुमार चंद्रबंशी, मंजीत चंद्रबंशी, कोइंदी गाव के फिजा हुसैन, भोजपुर गाव के रामनाथ यादव, भृगुन यादव, शिवशंकर मेहता, रामसागर मेहता, देवब्रत चंद्रवंशी, सत्येंद्र पासवान, राम स्वरूप राम,योगेश्वर राम, राजेश्वर राम के विरुद्ध अवैध बिजली जलाने को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराया है। कनीय अभियंता गुणवंत कुमार ने कहा कि अवैध बिजली जलाने वाले के विरुद्ध लगातार छापामारी अभियान जारी रहेगा।

पूर्व तट रेलवे

पार्सल स्थान लीज पर देने के लिए ई-नीलामी

59 SLRs एवं 10 VPs की नीलामी

क्र. सं.	ट्रेन नं. एवं CC टन में	स्टेशन से - तक	SLR आगे/पीछे	आवृत्ति	लॉट प्रारंभ समय	लॉट बंद समय
1.	18463/18464(24T)	भुवनेश्वर-बेंगालूरु सिटी (Round Trip)	VP	7 दिन	1130 बजे	1200 बजे
2.	22866/22865(24T)	पुरी-लोकमान्य तिलक (T) (Round Trip)	VP	1 दिन	1130 बजे	1210 बजे
3.	12898/12897(24T)	भुवनेश्वर-पुडुचेरी(Round Trip)	VP	1 दिन	1130 बजे	1220 बजे
4.	12880/12879(24T)	भुवनेश्वर-लोकमान्य तिलक (T) (Round Trip)	VP	2 दिन	1130 बजे	1230 बजे
5.	12843/12844(24T)	पुरी-अहमदाबाद (Round Trip)	VP	4 दिन	1130 बजे	1240 बजे
6.	12146/12145(24T)	पुरी-लोकमान्य तिलक (T) (Round Trip)	VP	1 दिन	1130 बजे.	1250 बजे
7.	18477/18478(23T)	पुरी-योग नगरी ऋषिकेश (Round Trip)	VP	7 दिन	1130 बजे	1300 बजे.
8.	12830/12829(24T)	भुवनेश्वर-चेन्नई सेंट्रल (Round Trip)	VP	1 दिन	1130 बजे	1310 बजे
9.	22805/22806(24T)	भुवनेश्वर-आनंद विहार (T) (Round Trip)	VP	1 दिन	1130 बजे	1320 बजे
10.	12815/12816(24T)	पुरी-आनंद विहार (T) (Round Trip)	VP	2 दिन	1130 बजे	1330 बजे
11.	20918 & (3.9T)	पुरी-इंदौर जंक्शन	F-1	1 दिन	1100 बजे	1130 बजे
12.	12822 & (3.9T)	पुरी-शालीमार	F-1	7 दिन	1100 बजे	1140 बजे
13.	12845 & (3.9T)	भुवनेश्वर-बेंगलुरु कैंट.	F-1	1 दिन	1100 बजे	1150 बजे
14.	22833 & (3.9T)	भुवनेश्वर-कृष्णराजपुरम	F-1	1 दिन	1100 बजे	1200 बजे
15.	18417 & (4T)	पुरी-गुणुपुर	F-1	7 दिन	1100 बजे	1210 बजे
16.	18417 & (4T)	पुरी-गुणुपुर	R-1	7 दिन	1100 बजे	1220 बजे
17.	12994 & (3.9T)	पुरी-गाँधीधाम	F-1	2 दिन	1100 बजे	1230 बजे
18.	12880 & (3.9T)	भुवनेश्वर-लोकमान्य तिलक (T)	R-1	2 दिन	1100 बजे	1240 बजे
19.	12281 & (3.9T)	भुवनेश्वर-नई दिल्ली	R-1	1 दिन	1100 बजे	1250 बजे
20.	22871 & (3.9T)	भुवनेश्वर-तिरूपति	F-1	1 दिन	1100 बजे	1300 बजे
21.	12888 & (3.9T)	पुरी-शालीमार	F-1	1 दिन	1100 बजे	1310 बजे
22.	18447 & (3.9T)	भुवनेश्वर-जगदलपुर	F-1	7 दिन	1100 बजे	1320 बजे
23.	20472 & (3.9T)	पुरी-बीकानेर जंक्शन	R-1	1 दिन	1100 बजे	1330 बजे
24.	20896 & (3.9T)	भुवनेश्वर-रामेश्वरम	R-1	1 दिन	1100 बजे	1340 बजे
25.	22836 & (3.9T)	पुरी-शालीमार	F-1	1 दिन	1100 बजे	1350 बजे
26.	18419 & (3.9T)	पुरी-जयनगर	R-1	1 दिन	1100 बजे	1400 बजे
27.	22840 & (3.9T)	भुवनेश्वर-राउरकेला	F-1	7 दिन	1100 बजे	1410 बजे
28.	20861 & (3.9T)	पुरी-अहमदाबाद	R-1	1 दिन	1100 बजे	1420 बजे
29.	20817 & (3.9T)	भुवनेश्वर-नई दिल्ली	F-1	1 दिन	1100 बजे	1430 बजे
30.	22882 & (3.9T)	भुवनेश्वर-पुणे	R-1	2 दिन	1100 बजे	1440 बजे
31.	22879 & (3.9T)	भुवनेश्वर-तिरूपति	F-1	1 दिन	1100 बजे	1450 बजे
32.	22827 & (3.9T)	पुरी-सूरत	R-1	1 दिन	1100 बजे	1500 बजे
33.	12898 & (3.9T)	भुवनेश्वर-पुडुचेरी	F-1	1 दिन	1100 बजे	1510 बजे
34.	17479 & (4T)	पुरी-तिरूपति	F-1	5 दिन	1100 बजे	1520 बजे
35.	17479 & (4T)	पुरी-तिरूपति	R-1	5 दिन	1100 बजे	1530 बजे
36.	18449 & (3.9T)	पुरी-पटना जंक्शन	R-1	1 दिन	1100 बजे	1540 बजे
37.	20819 & (3.9T)	पुरी-ओखा	R-1	1 दिन	1100 बजे	1550 बजे.
38.	22974 & (3.9T)	पुरी-गाँधीधाम	F-1	1 दिन	1100 बजे	1600 बजे
39.	22910 & (3.9T)	पुरी-वलसाड	R-1	1 दिन	1100 बजे	1610 बजे
40.	12146 & (3.9T)	पुरी-लोकमान्य तिलक (T)	R-1	1 दिन	1100 बजे	1620 बजे
41.	15643 & (3.9T)	पुरी-कामाख्या	R-1	1 दिन	1100 बजे	1130 बजे
42.	22890 & (3.9T)	पुरी-दीघा	F-1	1 दिन	1100 बजे	1140 बजे
43.	12896 & (3.9T)	पुरी-शालीमार	F-1	1 दिन	1100 बजे	1150 बजे
44.	18410 & (4T)	पुरी-शालीमार	F-1	7 दिन	1100 बजे	1200 बजे
45.	18410 & (4T)	पुरी-शालीमार	R-1	7 दिन	1100 बजे	1210 बजे
46.	12875 & (3.9T)	पुरी-आनंद विहार (T)	F-1	3 दिन	1100 बजे	1220 बजे
47.	12815 & (3.9T)	पुरी-आनंद विहार (T)	F-1	4 दिन	1100 बजे	1230 बजे
48.	22202 & (3.9T)	पुरी-सियालदह	F-1	3 दिन	1100 बजे	1240 बजे
49.	18452 & (3.9T)	पुरी-हटिया	R-1	7 दिन	1100 बजे	1250 बजे
50.	18477 & (4T)	पुरी-योग नगरी ऋषिकेश	R-1	7 दिन	1100 बजे	1300 बजे
51.	18477 & (4T)	पुरी-योग नगरी ऋषिकेश	F-1	7 दिन	1100 बजे	1310 बजे
52.	22819 & (4T)	भुवनेश्वर-विशाखापत्तनम	F-1	7 दिन	1100 बजे	1320 बजे
53.	22819 & (4T)	भुवनेश्वर-विशाखापत्तनम	R-1	7 दिन	1100 बजे	1330 बजे
54.	22819 & (4T)	भुवनेश्वर-विशाखापत्तनम	F-2	7 दिन	1100 बजे	1340 बजे
55.	22805 & (3.9T)	भुवनेश्वर-आनंद विहार (T)	F-1	1 दिन	1100 बजे	1350 बजे
56.	12801 & (3.9T)	पुरी-नई दिल्ली	F-1	7 दिन	1100 बजे	1400 बजे
57.	20837 & (4T)	भुवनेश्वर-जुनागढ़ रोड	R-1	7 दिन	1100 बजे	1410 बजे
58.	18022 & (4T)	खोरधा रोड जं.-खड़गपुर	F-1	7 दिन	1100 बजे	1420 बजे
59.	18304 & (4T)	पुरी-संबलपुर	F-1	7 दिन	1100 बजे	1430 बजे
60.	20857 & (3.9T)	पुरी-साईंनगर शिर्डी	F-1	1 दिन	1100 बजे	1440 बजे
61.	22823 & (3.9T)	भुवनेश्वर-नई दिल्ली	F-1	4 दिन	1100 बजे	1450 बजे
62.	12843 & (3.9T)	पुरी-अहमदाबाद	R-1	4 दिन	1100 बजे	1500 बजे
63.	22811 &(3.9T)	भुवनेश्वर-नई दिल्ली	F-1	2 दिन	1100 बजे	1510 बजे
64.	12819 & (3.9T)	भुवनेश्वर-आनंद विहार (T)	F-1	2 दिन	1100 बजे	1520 बजे
65.	20823 & (3.9T)	पुरी-अजमेर जंक्शन	R-1	2 दिन	1100 बजे	1530 बजे
66.	12074 & (3.9T)	भुवनेश्वर-हावड़ा	F-1	7 दिन	1100 बजे	1540 बजे
67.	20837 & (4T)	भुवनेश्वर-जुनागढ़ रोड	F-1	7 दिन	1100 बजे	1550 बजे
68.	18126 & (4T)	पुरी-राउरकेला	R-1	7 दिन	1100 बजे	1600 बजे
69.	18126 & (4T)	पुरी-राउरकेला	F-1	7 दिन	1100 बजे	1610 बजे

लॉट प्रारंभ होने की तिथि: 21.06.2023 (क्र. सं. 01 से 10 के लिए), **22.06.2023** (क्र. सं. 11 से 40 के लिए), **23.06.2023** (क्र. सं. 41 से 69 के लिए), **लॉट बंद होने की तिथि: 21.06.2023** (क्र. सं. 01 से 10 के लिए), **22.06.2023** (क्र. सं. 11 से 40 के लिए), **23.06.2023** (क्र. सं. 41 से 69 के लिए), **न्यूनतम वृद्धि: 0.20%** (सभी के लिए)।

क्र. सं. 1 से 10-**नीलामी सूची सं. KUR-VP-June-23**, क्र. सं. 11 से 40-**नीलामी सूची सं. SLR-JUNE-23-01** तथा क्र. सं. 41 से 69-**नीलामी सूची सं. SLR-JUNE-23-02**

उपरोक्त ई-नीलामी सूचना का संपूर्ण विवरण **https://www.ireps.gov.in** में उपलब्ध है।

PR-248/O/23-24

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/खोरधा रोड

चिलचिलाती धूप से फुटपाथ दुकानदार परेशान

सोनू कुमार गुप्ता

गढ़वा । जून माह में आसमान से आग बरस रहा है। जिसके कारण लोगों को काफी परेशानी की सामना करना पड़ रहा है। चिलचिलाती धूप में खुले आसमान के नीचे फुटपाथ दुकानदार अपना- अपना दुकान सड़क के किनारे लगाकर ग्राहक का इंतजार कर रहे है। तेज धूप के कारण दुकान पर ग्राहक नहीं पहुंच रहे है। जिसके कारण फुटपाथ दुकानदारों का और परेशानी बढ़ गई है। जानकारी के अनुसार फुटपाथ दुकानदार दिन भ सड़क के किनारे दुकान लगाकर अपना जीवन यापन करते है। फुटपाथ दुकानदार अगर दिन भर सड़क के किनारे दुकान नहीं लगाते है । तो उनके घर में शाम को चूल्हा भी नहीं जलेगा। गर्मी हो, सर्दी हो या बरसात का मौसम हो फुटपाथ दुकानदारों को दो रुपए कमाने के लिए काफी मसक्कत करना पड़ता है। दुकानदारों ने कहा कि गर्मी के मौसम में काफी दिक्कत होती है। सड़क के किनारे दिन भर दुकान लगाकर ग्राहक का इंतजार करते है फिर भी ग्राहक दुकान पर नहीं पहुंचते है। दुकानदारों ने कहा कि हमलोगों का दुकान ग्रामीण क्षेत्र के ग्राहक पर निर्भर है। गुरूवार को सप्ताहिक बाजार लगता है फिर भी सड़क पर भीड़- भाड़ देखने को नहीं मिला। जिसके कारण और भी परेशानी हमलोगों का बढ़ गई है। सब्जी विक्रेताओं ने कहा कि गर्मी के कारण हरी सब्जी की उपज नहीं हो पा रही है। हमलोग ज्यादा दाम में हरी सब्जी की खरीदारी कर विक्री लिए शाम को बाजार में ले जा रहे हैं तो तेज गर्मी के कारण सब्जी सुख जा रहा है जिससे कि उतना दाम नहीं मिल पा रहा है। जल संकट बढ़ गया है सभी जलाशय सुख जाने के कारण पैसे से बोतल का पानी 15 से 20 रुपया में खरीद कर पीना पड़ रहा है वही लाइट नही रहने से घर में भी पानी की किल्लत हो गई है जिस कारण नहाना-कपड़ा धोना भी मुश्किल हो गया है।

बहू ने सास को दांत से काट किया घायल

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। खरौंधी थाना क्षेत्र के गटियरवा गांव में पुतोह ने सास को दांत से काट कर घायल कर दिया। घायल अवस्था में फुलेश्वरी देवी ने बताया घर में गाय बांधने को लेकर उपजे विवाद में मेरी पुतोहु कविता देवी पति उमेश मेहता ने मुझे बाल पकड़कर पटक दिया और मेरे पति को भी मारा। जिसके बाद गुस्से में आकर उसने मुझे दांत से काटकर लहूलुहान कर दिया। घायल अवस्था में फुलेश्री देवी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर पंहुची। जहां पर मौजूद चिकित्सक नीतीश भारती ने उक्त महिला का इलाज किया।

TETRI CHANDRAVANSI COLLEGE OF EDUCATION
Pindra, Garhwa, (Jharkhand)

Website-www.tccedu.in, Email - info.tcce@gmail.com
Ph. 8298271559, 7903128055, 7645979214, 7677162892
(Recognised by ERC, NCTE, Bhubaneswar and under Ramchandra Chandravansi University, Bishrampur, Palamu- M.Ed. Course and Affiliated to JAC, Ranchi- D.El.Ed. Course)

ADMISSION NOTICE
(Session 2023-25)
(Course- D.El.Ed. / M.Ed.)

D.El.Ed.- योग्यताः - इन्टरमीडियट (+2) (कला, विज्ञान, वाणिज्य) में न्युनतम 50 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण, एस०टी० / एस०सी० / ओ०बी०सी० एवं निशक्त के लिए 45 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण, 01 जुलाई 2023 को छात्र की उम्र 18 वर्ष पुरा होना चाहिए ।

M.Ed.- योग्यता:- (i) B.Ed. (ii) B.A.B.Ed., B.Sc.B.Ed. (iii) B.El.Ed. (iv) D.El.Ed. with an undergraduate degree में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण, एस.टी. / एस.सी./ ओ.बी.सी. एवं निशक्त के लिए 45 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण

आवेदन पत्र मिलने की तिथि -> 09.06.2023 से 30.06.2023
आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि -> 01.07.2023
चयनित छात्रों की मेघा सूची जारी करने की तिथि -> 04.07.2023
काउंसलिंग एवं नामांकन की तिथि -> 05.07.2023 to 10.07.2023

नोटः- 1. चयन का आधार मेधा अंक होगा 2. छात्रवृति की सुविधा । 3. छात्रावास की सुविधा 4. आवेदन पत्र का मूल्य 750/-

आवेदन पत्र मिलने का स्थान :-
College office :- Tetri Chandravansi College of Education, Pindra, Garhwa
Ranchi Office :- Astha Regency, T-15, Ratu Road Ranchi, Ph.- 9608198370

Sd/-
Director

Ref. No. TceE/1499/2023 **Date** : 08/06/2023

राज्यपाल का डीसी और पुलिस अधीक्षक ने किया स्वागत

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। महामहिम राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन का आज गुरूवार को लोहरदगा जिला की सीमा पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार द्वारा पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। महामहिम राज्यपाल आज जिला लातेहार, पलामू और गढ़वा जिला के दो दिवसीय पर रांची-लोहरदगा होते हुए सड़क मार्ग से उपरोक्त तीनों जिलों के लिए रवाना हुए।

विकास योजनाओं की समीक्षा

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में पथ निर्माण की बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। बैठक में ग्रामीण कार्य विभाग और ग्रामीण कार्य विशेष प्रमण्डल के योजनाओं की समीक्षा की गयी और योजनाओं को पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। ग्रामीण कार्य विभाग के पेशरार-चैनपुर पथ, तुरियाडीह-हेसाग पथ, नारी धुर्वा मोड़ से पाखर वाली सड़क के कार्य प्रगति की भी समीक्षा की गयी। बैठक में ग्रामीण कार्य विशेष प्रमण्डल के कार्यपालक अभियंता सूरज प्रकाश चौधरी, सहायक अभियंता आर०ई०ओ० उपस्थित थे।

सहायक अध्यापकों के रिक्त पदों पर चर्चा

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की बैठक उनके कार्यालय में हुई। बैठक में सर्वप्रथम जिला में सहायक अध्यापकों के रिक्त पदों के आलोक में राज्य को अधियाचना भेजे जाने पर चर्चा हुई और नियमावली के आलोक में यह अधियाचना भेजे जाने का निदेश जिला शिक्षा अधीक्षक को दिया गया। इसी प्रकार शिक्षा विभाग लोहरदगा की ओर से विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई के लिए बनाये गये प्रोजेक्ट लीप को भी मंजूरी दी गयी। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर और जिला शिक्षा अधीक्षक अपरूपा पॉल चौधरी उपस्थित थे।

लातेहार पहुंचे राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, कई कार्यक्रमों में हुए शामिल

जानने आया हूं कि आप को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है या नहीं : राज्यपाल

आजाद सिपाही संवाददाता

लातेहार। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन गुरुवार को लातेहार पहुंचे और उदयपुरा और मतनाग में जनता से संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने परिसंपत्ति का वितरण भी किया। गार्ड ऑफ ऑनर तथा औपचारिक स्वागत के बाद राज्यपाल धनबाद में रेलवे पोल गाड़ने के दौरान करंट से मरे दो श्रमिकों दिनेश भुइयां और संजय राम के परिजनों से मिले और सांत्वना दी। उन्होंने दोनों की विधवा, रिंकी देवी और पूर्णिमा देवी को एक-एक लाख का चेक सौंपा। इसके अलावा उन्हें मुख्यमंत्री राज्य निराश्रित महिला सम्मान पेंशन योजना तथा बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास योजना का लाभ भी प्रदान किया।

जनता से संवाद कार्यक्रम

इसके बाद राज्यपाल ने उदयपुरा और मितनाग गांवों में अलग-अलग आयोजित जनता के साथ संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

उन्होंने कहा कि राज्यपाल को लोगों से संवाद कर योजनाओं के लाभ की जानकारी लेनी चाहिए, ताकि शासन तक लोगों की बात को पहुंचाया जा सके। इसलिए उन्होंने जनता के बीच जाने का फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियों के बावजूद आज जिले के लोगों को व्यापक सुविधाएं मिल रही हैं और अधोसंरचना विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि यह प्रसन्नता की बात है कि यहां के लोग बड़ी संख्या में सरकारी योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। राज्यपाल ने उपायुक्त भोर सिंह यादव के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से योग्य लाभुकों को लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से गांवों के विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ एकजुट होकर काम करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि गांव विकसित होंगे, तो प्रखंड विकसित होगा। उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियों के बावजूद जिले के लोगों को मौलिक सुविधाएं मिल रही हैं और अधोसंरचना विकास हुआ है, यह बेहद खुशी की बात है। उन्होंने लातेहार जिले में उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन आदि की स्थिति का उल्लेख करते हुए केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही स्वास्थ्य बीमा योजनाओं का लाभ उठाने के लिए कहा।

इस दौरान राज्यपाल ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉल का अवलोकन किया। उन्होंने विभिन्न योजनाओं से संबंधित परिसंपत्तियों का वितरण किया। मितनाग में उन्होंने नीलांबर-पीतांबर की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया।

ये रहे उपस्थित

इस दौरान उपायुक्त भोर सिंह यादव, पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, वन प्रमंडल पदाधिकारी रोशन कुमार समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

नगर उपाध्यक्ष ने सौंपा 12 सूत्री मांग पत्र

लातेहार नगर पंचायत के निवर्तमान उपाध्यक्ष नवीन कुमार सिन्हा ने राजपाल को 12 सूत्री मांग पत्र सौंपा। इसमें उन्होंने नगर पंचायत द्वारा लोगों से भारी-भरकम टैक्स वसूलने पर रोक लगाने, शेल्टर हाउस की व्यवस्था कराने, अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने, दुढ़वा गांव में जमीन की अवैध बंदोबस्ती रद्द करने, इलाके में फैल रहे प्रदूषण को कम करने का उपाय करने समेत कई अन्य मांग की है।

नक्सली पोस्टर चिपकाने, फायरिंग करने और धमकी देने की वारदात में थे शामिल

फर्जी नक्सली के नाम पर अपराध करनेवाले गिरोह का भंडाफोड़, तीन आरोपी गिरफ्तार

- तीन आरोपी गिरफ्तार, अवैध हथियार, मोबाइल और स्कूटी जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। सदर प्रखंड के निगनी गांव में गत माह दहशत फैलाने को लेकर किया गया फायरिंग, टीपीसी नक्सली संगठन का पोस्टर घर में चिपकाने, लेवी मांगने और व्यवसाई को जान से मारने की धमकी देने की घटना का खुलासा करते हुए पुलिस की स्पेशल टीम ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से पुलिस ने एक देसी कट्टा, तीन एंड्राइड फोन, एक स्कूटी जब्त किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गुमला सिसई थाना क्षेत्र के पोढ़ा गांव निवासी गौरी साहू का पुत्र 26 वर्षीय रवि साहू उर्फ अजय जी, निगनी गांव निवासी रामकुमार साहू का पुत्र 27 वर्षीय शिवराज साहू उर्फ बबलू साह और निगनी कुंबटोली निवासी रामदयाल साहू का पुत्र 30 वर्षीय नवल साहू के रूप में पुलिस ने की है। पुलिस गिरफ्त में आये सभी अपराधियों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है आरोपियों के विरुद्ध सदर थाना कांड संख्या 116 /23 में आर्म्स एक्ट एव 17 सी एल एक्ट के तहत मामला दर्ज है सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया। इस संदर्भ में गुरुवार को पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने प्रेस वार्ता आयोजित कर पूरे मामले का खुलासा किया। पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने बताया कि, नक्सली संगठन के नाम पर पोस्टर बाजी कर फायरिंग करने की घटना में मामला दर्ज कर स्पेशल टीम का गठन किया गया था। कहा कि, घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी युवक फरार हो गये थे। तकनीकी शाखा और पुलिस के अनुसंधान के बाद निगनी शांति नगर से शिवराज साहू उर्फ बबलू और कुंबटोली से नवल साहू को उठाकर जब पुलिस कड़ाई से पूछताछ की तो, उन्होंने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। वारदात का सरगना रवि साहू उर्फ अजय के संदर्भ में भी महत्वपूर्ण जानकारी दिया। घटना में प्रयुक्त हथियार रवि साहू द्वारा छिपाने की बात बताई गयी। इस पर पुलिस की स्पेशल टीम ने गुमला के सिसई स्थित रवि साहू उर्फ अजय के घर से अवैध हथियार बरामद किया।

शॉर्टकट रुपया कमाने के लिए वारदात को दिया अंजाम

पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने बताया कि शॉर्टकट शीघ्र पैसा कमाने की मंशा से अपराधिक युवकों ने टीपीसी फर्जी संगठन बना कर दहशत फैलाने का प्रयास किया। पूछताछ में गिरफ्तार अपराधियों ने रुपया कमाने की लालच से वारदात को अंजाम देने की बात स्वीकार किया है।

स्पेशल टीम में ये थे शामिल

पुलिस की स्पेशल टीम में वरीय पुलिस उपाधीक्षक अभियान दीपक कुमार पांडे, सदर थाना प्रभारी अनिल उरांव, अनुसंधानकर्ता पुअनि संतोष कुमार यादव, बगडू थानेदार पंकज शर्मा, भंडरा थानेदार गौतम कुमार, सेन्हा थानेदार अभिनव कुमार, तकनीकी शाखा के होलिका तिग्गा,नीरज मिश्रा, ललित उरांव, बलराम भगत, निर्मल सिंह आदि शामिल थे।

मर्डर केस में जेल जा चुका है सरगना

अपराधिक गिरोह का सरगना रवि साहू उर्फ अजय की आपराधिक पृष्ठभूमि रही है। वर्ष 2021 में कांके थाना में उसके विरुद्ध हत्या का नामजद मामला दर्ज है। सीपीआई संस्था के मैनेजर के भाई की उसने हत्या की थी। हत्याकांड में उसे जेल भी जाना पड़ा था। बेल पर बाहर आने के बाद पुनः अपराधी गतिविधियों में सक्रिय हो गया।

वन विभाग ने बीड़ी पत्ता किया जब्त

बरवाडीह (आजाद सिपाही)। वन विभाग की टीम ने गुरुवार को पलामू व्याघ्र परियोजना उत्तरी प्रमडंल के उपनिदेशक प्रजेशकान्त जैना के निर्देश पर वन क्षेत्र पदाधिकारी गणेश प्रसाद के नेतृत्व में अवैध बीड़ी पता के खिलाफ कार्रवाई करते हुए छापामारी कर होरीलोंग से अवैध बीड़ी पत्ता जब्त किया है।वही तितहि टोला में नष्ट करने का भी कार्य किया है। इस संबंध में पलामू व्याघ्र परियोजना उत्तरी प्रमडंल के उपनिदेशक प्रजेशकान्त जैना ने कहा कि एक बोरी भी अवैध बीड़ी पत्ता बाहर नही जाने दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि अवैध बीड़ी पत्ता खरीदने मे जितने भी लोग शामिल है, सभी को जल्द ही चिन्हित कर कार्रवाई किया जायेगा। और ग्रामीणों से अपील भी की है कि पीटीआर क्षेत्र से बीड़ी पता कि तुड़ाई न करें यह कानूनन अपराध है। एक बेहतर व्यवसाय के साथ जुड़े और अवैध धंधेबाजो को पनाह नही दें। वन विभाग का सहयोग करे। इधर, वन विभाग की कार्रवाई देख कर अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। वनपाल ने बताया कि जब्त किया गया बीड़ी पत्ता को वन कार्यालय मे रखा गया है। इसमें जो भी लोग शामिल होंगे उनपर वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जायेगा। बीड़ी पत्ता किस संवेदक का है उसका पता लगाया जा रहा है। छापामारी में वनपाल, वनरक्षी समेत वन विभाग के कई कर्मी शामिल थे।

गंजेड़ियों का अड्डा बन चुका है रामकली विद्यालय कचहरी रोड के आसपास का क्षेत्र

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। कचहरी रोड (पावरगंज)स्थित रामकली देवी सरस्वती शिशु मंदिर के समीप का क्षेत्र गांजा बार के नाम से प्रसिद्ध हो रहा है। इस विद्या के मंदिर के समीप की दो दुकानों में खुले तौर पर गांजा की बिक्री सवेरे से रात तक की जाती है, विद्यालय के छात्र और छात्रायें तो परेशान हैं ही, विद्यालय के आसपास और उसके पीछे रहने वाले लोगों ने बताया की 12 से 14 साल की उम्र से लेकर बुजुर्ग तक सवेरे से रात तक यहां पर गांजा खरीदते हैं और विद्यालय के बगल में और पीछे जाकर गांजा पीते हैं, दिन भर अवांछित तत्वों का आना जाना लगा रहता है। चोरी की घटनाएं बढ़ी हैं। आसपास की महिलाओं का कहना है कि हम लोग भी दो-चार दिन देख रहे हैं वरना महिलाओं का जत्था बनाकर दोनों दुकानदारों पर ही धावा बोलेंगे क्योंकि खुले तौर पर गांजा बिक रहा है और इसे रोकने वाला कोई नहीं है ,जिसके कारण छोटे-छोटे बच्चों की जिंदगी भी बर्बाद हो रही है और आसपास के क्षेत्र में अपराधिक घटनाओं में वृद्धि हो रही है।

संजय गांधी पथ पावरगंज में अविलंब जुआ बंद कराने की प्रशासन से मांग

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। वार्ड नंबर आठ नगर परिषद क्षेत्र लोहरदगा पावरगंज की पूर्व पार्षद अविनाश कौर ने जिला प्रशासन से यह मांग की है कि संजय गांधी पथ, कुम्हार मोहल्ला के पीछे लगातार जुआ होता है। स्थानीय निवासी इसकी शिकायत लगातार हम से आकर कर रहे हैं। विभिन्न मोहल्ले जैसे नदिया, मैंना बगीचा, कुरैशी मोहल्ला, पावरगंज, कुटुम आदि जगह-जगह के जुआरी आकर यहां पर हजारों-लाखों का जुआ खेलते हैं और मोहल्ले वासी महिला ,बच्चे परेशान हैं यह लोग गाली गलौज भी करते हैं आपस में लड़ते भी हैं। वार्ड पार्षद अविनाश कौर ने इसकी शिकायत थाना प्रभारी से भी की है किंतु अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इसको लेकर वार्ड पार्षद ने कहा कि अगर जुआ खेलने से लोगों को यहां नहीं रोका गया तो वह पुलिस अधीक्षक, लोहरदगा को इसकी लिखित शिकायत करेंगी।

पुलिस ने बालू लदा एक ट्रैक्टर किया जब्त

सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। सेन्हा थाना क्षेत्र के सीठीयो कोयल नदी से इन दिनों लगातार अवैध बालू उठाव कर परिवहन का मामला प्रकाश में आते ही गुप्त सूचना के आधार पर अंचलाधिकारी विजय कुमार के नेतृत्व में सेन्हा थाना प्रभारी अभिनव कुमार द्वारा शस्त्र बल के सहयोग से एक ट्रैक्टर को अवैध बालू परिवहन करते हुए जब्त कर थाना लाया गया। पकड़े गये ट्रैक्टर में स्वराज ट्रैक्टर रजिस्टेशन नंबर अंकित नही है। ट्रैक्टर को सेरेंगहातु लोहरदगा पथ से जब्त किया गया है। जब्त वाहन के विरुद्ध खनन अधिनियम के तहत सख्त कारवाई किया जायेगा। थाना प्रभारी ने बताया कि एक स्वराज ट्रैक्टर 735 एफ ई को जब्त कर थाना लाया गया है। जिस पर ट्रैक्टर मालिक और चालक के विरुद्ध खनन अधिनियम के तहत नियम संगत कारवाई किया जा रहा है।

ट्रेन से कटी महिला की अब तक नहीं हो पायी है पहचान

चंदवा (आजाद सिपाही)। चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत टोरी शिवपुर रेलखंड पर भंडारगढ़ा गांव के समीप बुधवार सुबह मालगाड़ी की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई थी। पुलिस ने महिला के शव को अपने कब्जे में लेते हुये अंत्यपरीक्षण हेतु लातेहार भेज दिया था। 36 घंटे बीतने के बावजूद मृत महिला की पहचान नहीं हो पायी थी। महिला के पहचान नहीं होने के कारण शव को अंत्यपरीक्षण के पश्चात लातेहार के शीतगृह में ही रखा गया है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार महिला भंडारगढ़ा के आस पास ही रहा करती थीं पर उसके बारे में लोगो के पास ज्यादा जानकारी नहीं है। महिला की उम्र लगभग 50 वर्ष के आस पास है वह हरे रंग की साड़ी पहनी हुई है।

नौ दिवसीय रथयात्रा मेला की तैयारी शुरू

भंडरा / लोहरदगा(आजाद सिपाही)। प्रखंड में नौ दिवसीय ऐतिहासिक रथयात्रा मेला की तैयारी शुरू कर दी गई। है। आगामी 20 जून को लगने वाले ऐतिहासिक रथयात्रा को लेकर रथ का निर्माण कार्य करने समेत अन्य जरूरी काम शुरू हो गया है। भंडरा में ऐतिहासिक रथ मेला को लेकर अभी से ही दूर-दराज से झूला, सर्कस, मौत का कुआं के टेंट लगाना शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि 20 जून को सैंकड़ो की संख्या में श्रद्धालु भगवान जगनाथ, बलभद्र और बहन सुभद्रा को रथ में आरुढ़ कर अखिलेश्वर धाम स्थित मौसी बाड़ी लेकर जायेंगे। जहां पर नौ दिन तक भगवान के अलग-अलग रूपों का श्रद्धालु भक्त दर्शन करेंगे। साथ ही भंडारा का भी प्रसाद ग्रहण कर पुण्य के भागी बनेंगे।

कारीपानी के लोग चुआं खोद कर पानी पीने को मजबूर

फुसरो(बेरमो)(आजाद सिपाही)। फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के कारीपानी के लोग कई सालो से नाले के किनारे चुआं खोद कर पानी भरने को मजबूर है। लोग उसी पानी से खाना बनाते हैं साथ ही उसी चुआं के पानी से सारा काम करने को मजबूर है। यहां के लोग मूलभूत सुविधाओं के लिए सालो से संघर्ष कर रहे हैं। लोग पानी की सुविधा से वंचित हैं। सांसद, विधायक और नगर परिषद से यहां के लोग काफी नाराज हैं। महिलाओं को पानी ले जाते-जाते सुबह से शाम हो जाता है। चुआं से पानी ले जाने के कारण घर का काम भी सही तरीके से नहीं कर पाते हैं। पानी ले जाने में ही सारा समय बीत जाता है। कहा कि हमलोगों ने ना कभी सांसद को देखे है और ना ही विधायक को देखे हैं। सभी सिर्फ चुनाव के समय आते हैं। उनसे निवेदन है कि हमलोगों को इस पानी के विकट संकट से निजात दिलाए। इन दिनों भीषण गर्मी में झारखंड के कई इलाकों में पीने के पानी की किल्लत हो गयी है। फुसरो नगर परिषद के कारीपानी की सूरत आज तक नहीं बदली है। इस गर्मी में कारीपानी के लोग चुआं का पानी पीने को मजबूर हैं। सुबह होते ही यहां की महिलायें और बच्चे पानी के जुगाड़ में लग जाते है।

पर्यावरण पखवाड़ा के तहत बर्मन हाइवे पेट्रोल पंप परिसर में पौधरोपण किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। पर्यावरण पखवाड़ा के तहत बी एस कॉलेज के पास बर्मन हाइवे पेट्रोल पंप परिसर में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर आई एम ए सह साइंस फॉर सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ गणेश प्रसाद, सड़क सुरक्षा समिति सदस्य संजय बर्मन और इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव अरुण राम ने संयुक्त रूप से अपराजिता पौधरोपण किया। मौके पर सोसायटी के अध्यक्ष डॉ गणेश प्रसाद ने बतलाया कि भारत की जनसंख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। जंगल का अनुपात घट रहा है। जिसके कारण मौसम में बदलाव, अत्यधिक गर्मी बरसात सहित कई विपदाओं का सामना करना पड़ रहा है। हम सभी को सामाजिक कार्यक्रम शादी व्याह, जीवन मरण, जन्मदिन, वर्षगांठ या किसी भी समारोह में पौधे को उपहार के रूप में देना, पौधा लगाना और संरक्षण करना होगा तभी जाकर पर्यावरण को संरक्षित कर पायेंगे। इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव अरुण राम ने बतलाया कि प्लास्टिक का उपयोग पर्यावरण के लिए खतरा है। प्लास्टिक को इधर उधर फेंकने से जमीन बंजर हो जा रहा है, जलाशयों में जाने से जल प्रदूषित हो रहा है। इस अवसर पर साइंस फॉर सोसायटी के कोषाध्यक्ष प्रवीण कुमार, समन्वयक आलोक कुमार, श्रेया शर्मा, शाक्षी शर्मा, पेट्रोल पम्प कर्मी सोनिया उरांव, सुरेंद्र उरांव, आकाश भगत अमित सोनी इत्यादि ने भी परिसर में कपूर, इलायची, हींग रुद्राक्ष, लेमन ग्रास, लवंग, जायफल, सेव, अंगूर, काजू आदि उपयोगी पौधा लगाया।

ओबीसी आरक्षण की मांग को लेकर राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता

लातेहार। लातेहार सदर के ग्राम मनन चौटांग में राज्यपाल के जनसंवाद कार्यक्रम में राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के द्वारा लातेहार जिला में ओबीसी आरक्षण देने की मांग को लेकर एक ज्ञापन सौंपा गया। आरक्षण की मांग को लेकर मोर्चा के सत्येंद्र कुमार यादव ने कहा कि लातेहार जिला बनने से पूर्व पलामू जिला में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण मिलता था। 2001 में लातेहार जिला बनने के पश्चात लातेहार जिला में ओबीसी आरक्षण को शून्य कर दिया गया, जबकि यहां पर ओबीसी की आबादी लगभग 50 फीसदी है। यहां के ओबीसी समुदाय के साथ यह घोर अन्याय है। झारखंड के अन्य 13 मेसो क्षेत्र जिले में से 6 जिले में ओबीसी आरक्षण दे दिया गया है। इस अवसर पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा यह मामला मेरे संज्ञान में है और मैं इस मामले को उच्च स्तर पर रखकर बात करूंगा।

निश्चित रूप से ओबीसी एससी एसटी को उनके जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण मिलना चाहिए। ज्ञापन सौंपने वालों में कार्यकारी जिला अध्यक्ष महेश प्रसाद गुप्ता प्रखंड अध्यक्ष हीरा प्रसाद यादव से सत्येंद्र यादव, वीरेंद्र यादव, बालदेव यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

जरीडीह बाजार (बेरमो)। बेरमो विधानसभा अंतर्गत जरीडीह प्रखंड के बेलडीह न्यू पंचायत भवन में डॉक्टर रविंद्र उषा सिंह चैरिटेबल फाउंडेशन के चेयरमैन सह भाजपा नेत्री डॉक्टर उषा सिंह के द्वारा एक दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर और दवा वितरण का आयोजन किया गया. गांव की आदिवासी महिलाओं ने अपने वेशभूषा और परंपरागत तौर तरीकों के साथ डॉक्टर उषा सिंह का गर्मजोशी के साथ फूल मालाओं से स्वागत किया .कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित और फीता काटकर किया गया। शिविर में लगभग 200 आदिवासी महिला पुरुषों की बीमारी की जांच की गयी और उन्हें निःशुल्क दवा वितरण किया गया। इस मौके पर डॉक्टर उषा सिंह ने कहा डॉक्टर रविंद्र उषा सिंह चैरिटेबल फाउंडेशन के बैनर तले सेवा की भावना से भाजपा के साथ जुड़ कर इंसानों के साथ साथ बेजुबान जानवरों को भी सेवा देने का काम कर रही हूं। उन्होंने कहा बेलडीह गांव आदिवासी गांव है जहां ज्यादातर लोग गरीबी में अपना जीवन यापन कर रहे हैं।

मौके पर जरीडीह प्रखंड उप प्रमुख सिथोनी मुर्मू, बेलडीह पंचायत मुखिया सोनिया सोरेन, उप मुखिया रूपलाल मरांडी, वार्ड सदस्य उर्मिला देवी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य यमुना हांसदा, भाजपा नेता गोविंद टुडू, जितेंद्र मुर्मू, के ललिता राव, सहदेव सिंह, अशोक सिंह, मिनी कुमारी, सोनिया कुमारी, उर्मिला देवी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

उग्रवादी रवि साहू गिरफ्तार

गुमला। लोहरदगा जिले में टीपीसी उग्रवादी संगठन के नाम पर लेवी मांगने के आरोप में गुमला जिले के सिसई पोढ़ा निवासी रवि साहू उर्फ अजय जी को लोहरदगा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गुमला व लोहरदगा पुलिस ने संयुक्त रूप से सघन छापेमारी कर लेवी मांगने वाले तीन आरोपियों को पकड़ लिया है। रवि साहू के साथ उसके क्राइम पार्टनर निगनी के बबलू साहू और रामदयाल साहू को भी पुलिस ने धर दबोचा है। पुलिस ने उक्त गिरफ्तार उग्रवादियों के पास से एक देशी कट्टा, तीन एंड्राइड मोबाल फोन, एक सैमसंग कीपैड मोबाइल फोन, एक स्कूटी बरामद की है। बताया जा रहा है कि बीते 8 मई को लोहरदगा के निगनी कुंबटोली निवासी उपेन्द्र कुमार साहू के फर्द बयान के आधार पर लोहरदगा सदर थाना कांड संख्या 116/2023 दिनांक 8-5-2023 धारा 387, आईपीसी, 27 आर्म्स एक्ट एवं 17 सीएलए एक्ट के तहत दर्ज की गई थी। पुलिस कप्तान के निदेर्शानुसार एक छापामारी दल का गठन किया गया एवं तकनीकी शाखा के सहयोग से सिसई एवं लोहरदगा थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर छापामारी की गयी और उक्त लोगो की गिरफ्तारी की गयी।

मृतकों के घर पहुंचायी राहत

बसिया। बुधवार को कामडारा में हुई दर्दनाक सड़क दुर्घटना में 4 लोगों की मौत होने के उपरांत गुरुवार को प्रशासन की ओर से बीडीओ रविन्द्र कुमार गुप्ता एवम थाना प्रभारी कौशलेंद्र कुमार द्वारा सभी चारो मृतकों के घर जा कर 50-50 किलोग्राम चावल और 2 परिवार को 15-15 हजार एवम 2 परिवार को 10-10 हजार नगद अंतिम क्रिया कर्म हेतु दिया गया। बीडीओ द्वारा बताया गया कि सभी प्रभावित परिवार वालो को अविलंब सभी सरकारी सहायता उपलब्ध कराया जायेगा। इस मौके पर प्रखण्ड प्रमुख सुनील सुरीन, समाजसेवी अजित गुड़िया, निकोलस सुरीन, सुरुहू एवं सरिता मुखिया के साथ ग्रामीण उपस्थित थे।

डायन बिसाही को लेकर चला जागरूकता अभियान

गुमला। सदर प्रखंड के फोरी ग्राम पंचायत भवन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार एवं जिला समाज कल्याण के संयुक्त तत्वधान में डायन बिसाही उन्मूलन पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव पार्थ सारथी घोष ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि गुमला जिला में डायन बिसाही को लेकर बराबर घटनाएं हो रही है जो चिंता का विषय है । डायन प्रथा उन्मूलन के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार एवं जिला प्रशासन के द्वारा लोगों के बीच बराबर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है । श्री घोष ने कहा कि ग्रामीण जनता डायन बिसाही का भरम नहीं पालें क्योंकि डायन विशाही नाम का कोई भी चीज नहीं होता है । यदि आपके घर पर कोई भी व्यक्ति कोई भी बच्चा बीमार पड़ता है तो ओझा गुनी झाड़-फूंक के चक्कर में रहकर बीमारी को नहीं बढावे सरकारी अस्पताल में निशुल्क इलाज होता है आप बीमार होते हैं तो शीघ्र वहां जाएं और अपना इलाज करावे यदि किसी भी प्रकार की सरकारी सहायता, कानूनी सहायता की आवश्यकता होती है तो आपके पंचायत में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा लीगल एड क्लीनिक खोला गया है वहां आप अपना आवेदन दे सकते हैं डायन कुप्रथा को जड़ से खत्म करने के लिए माननीय झालसा के द्वारा लीगल एड क्लीनिक का संचालन जिला की 13 पंचायतों में किया गया जा रहा है तथा फोरी पंचायत में भी क्लीनिक चल रहा है जहां पीएलबी जोसेफ किंडो को नियुक्त किया गया है। ग्रामीणों को किसी भी तरह की कोई भी दिक्कत होने पर तुरंत ही पीएलबी जोसेफ किंडो से संपर्क कर उसकी जानकारी दें ताकि हमको उसकी जानकारी हमें मिल सकेगी और हम उसका समाधान करेंगे। लीगल एड डिफेंस काउंसिल के जितेंद्र सिंह ने भी डायन बिसाही अधिनियम पर लोगों को विस्तृत जानकारी दी, उक्त कार्यशाला में मुखिया सुदामा उरांव ,सेविका सरस्वती देवी, सहायिका, पंचायत सेवक तथा ग्रामीणों में केशव चंद्र साय, गंभीर बख्श, मगन उरांव, जिमा बीबी, कार्तिक उरांव, गनदूर बड़ाईक तथा अन्य ग्रामीण काफी संख्या में उपस्थित थे।

रागी मिशन को लेकर समीक्षात्मक बैठक, उपायुक्त ने दिये कई निर्देश

गुमला। आज गुरुवार को उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में रागी मिशन से संबंधित समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से रागी के उत्पादन के साथ साथ उसके मार्केटिंग स्टारटर्जी से संबंधित विषयों पर चर्चा करते हुए उपायुक्त द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने जेएसएलपीएस डीपीएम को मार्केट एनालिसिस के आधार पर उत्पाद के गुणवत्ता पर कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने उत्पाद बढ़ाने के साथ साथ मार्केटिंग स्ट्रेटजी तैयार करने का भी निर्देश दिया। साथ ही मार्केटिंग टीम के गठन करने पर निर्देशित किया। रागी से निर्मित सभी उत्पाद पौष्टिकता के गुण साथ साथ स्वाद से भरपूर है। जानकारी के अभाव से लोग रागी निर्मित वस्तुओं की खरीद नहीं कर पाते जिसके लिए हर एक मुख्य चौक चौराहे पर उक्त संबंधित होर्डिंग एवं पोस्टर लगाने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने मिलेट कैफे के सौंदरी करण एवं उसके क्षमता वृद्धि करने का निर्देश दिया। उन्होंने ओडिशा एवं साउथ इंडिया विजिट करते हुए रागी निर्मित उत्पादों के उत्पाद गुणवत्ता एवं उसके मार्केटिंग स्टारटर्जी को समझने की बात कही। उपायुक्त के निर्देश पर अब रागी के गिफ्ट हैंपर्स भी तैयार किए जाएंगे। एवं होम डिलीवरी की भी सुविधा जल्द हो प्रारंभ किया जाएगा। इसके अलावा उपायुक्त द्वारा कई विषयों पर चर्चा करते हुए उपायुक्त द्वारा आवश्यक निर्देश दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जेएसएलपीएस डीपीएम के अलावा अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें।

साइबर अपराधी ने महिला से ठगे 40 हजार रुपये

खुद को सदर अस्पताल का कर्मी बता कर महिला को झांसे में लिया, मामला दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। क्या सदर अस्पताल से पेसेंट के डाटा की चोरी हो रही है? क्या सदर अस्पताल में डाटा कलेक्शन करके सुरक्षित रखने वाले कर्मी अपराधियो को डाटा दे रहे हैं? या कोई सदर अस्पताल का कर्मी ही एक अपराधी की तरह जुर्म को अंजाम दे रहा है? जी हां! ये तीनों परस्थितियां मुमकिन नजर आ रही है। क्योंकि गुमला के सदर में जो आवेदन आया वह काफी चौंका देने वाला है। सदर थाना क्षेत्र के भलदम चट्टी निवासी सतीश उरांव की पत्नी तनिशा उरांव ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि साइबर अपराधियों ने उनके खाते से ₹39638 की ठगी कर ली। मामले को लेकर पीड़ित महिला ने गुमला थाना में लिखित आवेदन देकर साइबर क्राइम के ठग के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित ने आवेदन में ठगी करने का जो तरीका बताया है वह आपके होश उड़ा देगा। पीड़िता ने बताया कि मंगलवार को उसके मोबाइल नंबर पर एक कॉल आता है जिसे उठाने पर कॉल करने वाला शख्स कहता है कि वह सदर अस्पताल से डीएमओ अमित शर्मा बोल रहा है। आप की डिलीवरी का अंतिम महीना चल रहा है। आपको डिलीवरी के बाद मिलने वाली 6 हजार की राशि आ गई है आप हमें अपना बैंक अकाउंट नंबर दे। इस पर महिला ने कहा कि उसे बैंक अकाउंट नंबर याद नहीं है तो उस व्यक्ती ने कहा कि अगर आप पेटीएम या गूगल पे चलाती हैं तो उसका क्यू आर कोड मेरे व्हाट्सएप नंबर पर भेजें। महिला ने क्यू आर कोड भेजा तो उस ठग व्यक्ती ने पहले ?1 डाला फिर उसे वापस ले लिया। उसके बाद? 2 डाला उसे भी वापस ले लिया। तीसरी बार में कहा कि आपके मोबाइल में एक कोड जाएगा जो आप मुझे बताएंगे तो ₹6000 आपके खाते में जमा हो जायेगा। जैसे ही उसने मुझे कोड भेजा और मैंने उसे बताया उसके बाद मेरे खाते से ₹39638 कट गया। तब पीड़िता को इसकी जानकारी हुई कि वह ठगी का शिकार हो चुकी है। महिला ने पुलिस प्रशासन से ठग के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। सुनने में यह भी आ रहा है कि इससे पूर्व भी दो तीन महिलाओं के साथ इसी प्रकार की ठगी हो चुकी है। अब सवाल यह उठता है कि साइबर अपराधी के पास सदर अस्पताल का डाटा कहां से आता है। ठग कैसे जान लेते हैं कि किस गर्भवती महिला का कौन सा महीना चल रहा है। और यह भी कि महिला सदर अस्पताल की निगरानी में अपना इलाज करा रही है। हालांकि इस ठगी में पीड़िता का कोई नजदीकी आदमी भी हो सकता है। लेकिन इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता है कि सदर अस्पताल का कोई कर्मी ठग से मिला हुआ है या फिर साइबर अपराधी सदर अस्पताल के डाटा को हैक कर ठगी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। हालाकि मामले को लेकर पुलिस जांच में जुटी है। लेकिन ऐसे मामलों में आज तक पैसों की रिकवरी नहीं हुई है। पुलिस इस तरह के मामले में प्राथमिकी दर्ज कर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेती है। और संभवतः इस तरह की ठगी करने वाले अखबारों में इस तरह की खबरें पढ़ कर मुस्कुराते रहते हैं।

पुलिस ने गोवंश तस्करों को किया गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

चैनपुर। चैनपुर प्रखंड के कुरुमगढ़ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। गुरुवार अहले सुबह लगभग 5:00 बजे कुरूमगढ़ थाना प्रभारी नीतीश कुमार के नेतृत्व में छापेमारी कर रही पुलिस ने थाना क्षेत्र के रोगाडीह गांव के पास से तस्करी के लिए ले जा रहे 100 से अधिक गोवंश पशुओं के साथ 10 तस्कर को गिरफ्तार किया है। इस गिरफ्तारी के बाद से पशु तस्करों में खलबली मच गई है। कुरुमगढ़ पुलिस को यह दूसरी उपलब्धि मिली है इससे पहले भी कुरुमगढ़ पुलिस ने 120 के लगभग गोवंश पशुओं को तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया था हालांकि उस समय पशु तस्कर अंधेरा का फायदा उठाकर जंगल की ओर भाग गए थे। मिली जानकारी के अनुसार कुरुमगढ़ थाना प्रभारी को गुप्त सूचना मिली थी कि पशु तस्करों के द्वारा भारी संख्या में तस्करी के लिए गोवंश पशुओं को थाना क्षेत्र से तस्करी कर ले जाया जायेगा सूचना के बाद एक छापेमारी दल का गठन किया गया और कई जगह घेराबंदी की गयी बुधवार रात से ही पुलिस तस्करों की गिरफ्तारी में लगी रही जिसके बाद गुरुवार की अहले सुबह लगभग 5:00 बजे पुलिस को सफलता मिली। तस्कर गोवंश पशुओं को हांकते हुए ले जा रहे थे तभी रोगाडीह गांव के पास पुलिस ने 100 से अधिक गोवंश पशुओं सहित 10 तस्करों को गिरफ्तार किया। इधर पुलिस की इस कार्रवाई के बाद पशु तस्कर हड़कंप में आ गए हैं। चैनपुर क्षेत्र में इन दिनों पशु तस्करी का मामला काफी बढ़ गया है आए दिन चैनपुर पुलिस एवं कुरुमगढ़ पुलिस पशु तस्करों पर कार्रवाई कर रही है। जिसके बाद भी पशु तस्करी की घटना कम नहीं हो रही है हालांकि इस बार पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है इतने अधिक संख्या में गोवंश पशुओं को जब किया गया है एवं तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है इस कार्रवाई के बाद पशु तस्करी के घटना में लगाम लगने की संभावना है।

जिला परिषद् सदस्य के नेतृत्व में बैठक हुई

आजाद सिपाही संवाददाता

बसिया। प्रखंड के तेतरा पंचायत अंतर्गत सायटोली गांव में जिला परिषद सदस्य बसंती डुंगडुंग के नेतृत्व में बैठक कर सामाजिक तरीके से दो मामलों का निपटारा किया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार गांव के दो परिवारों में पारिवारिक विवाद था जिसको लेकर गांव के ही लोगों द्वारा दोनो ही परिवारों को समझाने की कोशिश किये परतु दोनो विवाद का समाधान नहीं हो पाया जिसके बाद गांव के गण्यमान्य लोगो ने विवाद का निपटारा करने के लिये एक बैठक बुलायी और इस बैठक में विशेष तौर पर जिला परिषद सदस्य बसंती डुंगडुंग को भी आमंत्रित किया गया। तीन घंटे चली बैठक में जिला परिषद सदस्य बसंती डुंगडुंग द्वारा दोनों मामलों में सभी पक्षो को समझा बुझाकर सुलह कराया गया।मौके पर जिप सदस्य ने लोगों को समझाते हुए कहा कि गांव में आज की समस्या बाल विवाह के कारण हुई है इसलिये अपने बच्चो खासकर लड़कियों को बालिग होने और शादी के लिए मानसिक रूप से तैयार होने पर ही उनका शादी कराये। लड़के लड़कियों के कम उम्र में शादी करने से उन्हें बहुत सारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है और समाज को इससे बचने की जरूरत है। जिप सदस्य बसंती डुंगडुंग द्वारा उपस्थित ग्रामीणों एवं शिक्षकों से बच्चो को स्कूल और परिवार में नैतिक शिक्षा देने की अपील भी की गयी। इस मौके पर ग्राम प्रधान माधो पहान, कलिंदर इंदवार, भीम मिश्रा, अमर इंदवार,जयंती देवी, धनेश्वरी देवी, मोहन मिश्रा, भोला खडिया, अंकित मिश्रा, जितेंद्र मिश्रा, विजय खडिया समेत अनेक महिला पुरुष उपस्थित थे।

सार्वजनिक चापानल को निजी कब्जे में लेनेवालों पर होगी कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। नगर परिषद के प्रशासक संजय कुमार ने बताया कि नगर परिषद को ऐसी भी शिकायत मिल रही है कि किसी सार्वजनिक हैंडपंप को कुछ लोगों ने निजी उपयोग के लिए उसको कब्जे में ले लिया है या उसको अपने चाहारदीवारी के अंदर कर लिया है। ऐसा करना दंडनीय है। अगर जांच में ऐसा पाया गया तो उन पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि कोई भी सरकारी संपत्ति सार्वजनिक उपयोग के लिए होती है उसे निजी अधिकारिता में न रखें। प्रशासक ने लोगों से अपील की कि वे जरूरत अनुसार ही पानी का उपयोग करें। सार्वजनिक नलों को खुला न छोड़ें। जलापूर्ति के पानी पाइप में मोटर न प्रयोग करें। सरकारी चापाकल में मोटर ना लगाएं। पाइप की टूट-फूट के कारण कहीं पर पानी बहते देखें तो तुरंत पेयजल विभाग या नगर परिषद को सूचित करें। उन्होने कहा कि किसी विशेष मोहल्ले में पेयजल संकट हो तो वे नगर परिषद को लिखित सूचना देकर पानी का टैंकर मंगवा सकते हैं। सार्वजनिक प्रयोग में लाने के लिए उपलब्ध कराया गये टैंकर के बदले नगर परिषद कोई शुल्क नहीं लेगा। नगर परिषद गुमला ने आसन्न गर्मी को देखते हुए अप्रैल माह से ही चापानल दुरुस्त करवाने के लिए सघन अभियान शुरू किया था। अब तक शहर में लगभग 100 हैंडपंपों की मरम्मती की जा चुकी है। प्रशासक संजय कुमार ने बताया कि पिछले कुछ हफ्तों से औसतन दो से तीन हैंडपंप प्रतिदिन ठीक किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जैसे जैसे लोगों की शिकायत मिलती है हमारे प्लंबर और तकनीशियन चापानल को जाकर दुरुस्त करते हैं। उन्होंने बताया कि अब तक जहां से शिकायतें प्राप्त हुई थी उन्हें लगभग सब को मरम्मती कर दिया गया है। इसके बाबजूद अगर कहीं चापाकाल मरम्मती की जरूरत पड़े तो नगर परिषद से संपर्क किया जाय।

बिजली चोरी के खिलाफ छापामारी अभियान चला

बसिया। झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड के निदेर्शानुसार कनीय अभियंता कंचन टुडू के नेतृत्व में प्रखंड के कोनबीर कलिगा आर्या दलमादी एवं दलमादी तेतर टोली में विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर एक दिवसीय छापामारी अभियान चलाया गया। जिसमें दलमादी तेतर टोली निवासी भीमसेन डुंगडुंग एवं गुलशन डुंगडुग पर बिजली चोरी करने के आरोप में दोनों के ऊपर 6570-6570 का जुर्माना लगते हुए बसिया थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। छापामारी दल में गंगाधर ओहदार के अलावे सम्बेदक कर्मी उपस्थित थे।

सड़क सुरक्षा को लेकर चलाया गया जागरूकता अभियान

गुमला। जिला परिवहन पदाधिकारी ने अपने निर्देशन में सड़क सुरक्षा के नियमो के प्रति जागरूकता अभियान चलाया। जिसमें उपस्थित सड़क सुरक्षा प्रबंधक के द्वारा सभी ड्राइवरों को टेंपो के दस्तावेजों जैसे फिटनेस टैक्स पॉल्यूशन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया बिना इन सभी वैद्य कागजातों के अभाव में इंश्योरेंस की राशि इंश्योरेंस कंपनी द्वारा काट दी जाती है। फलस्वरूप पूरी क्षतिपूर्ति की जवाबदेही गाड़ी के मालिकों की हो जाती है। इसलिए सभी को अपने वाहनों के दस्तावेजों को जल्द से जल्द दुरुस्त करने को ले कर जागरूक किया गया। नवनिमित टेंपो स्टैंड से ही पैसेंजर को ले कर परिचालन करने की हिदायत भी दी गयी। गुमला जिला में ऑटो और बस पडाव का का चयन कर दिया गया है। उसके अलावा स्थानों से पैसेंजर ले जाने या छोड़ने की स्थिति मे जुमार्ना किया जा सकता है। बीते पहली जून से नियमित यह अभियान जारी है और सीसी टीवी कैमरा के माध्यम से 52 वैसे लोगों जिन्होंने गुमला जिले मे सड़क पर गाड़ी खड़ी कर आदेश अवहेलना की है को ऑनलाइन चालान निर्गत किया गया है। स्टैंड में लगे सभी टेंपो 20-25 ड्राइवरों का सड़क सुरक्षा के द्वारा यातायात नियमो के प्रति जागरूक करने को लेकर सड़क-सुरक्षा के टीम के द्वारा रोड सेफ्टी काउंसलिंग किया गया।

जिला पेंशनर समाज की मासिक बैठक हुई

गुमला। जिला पेंशनर समाज की मासिक बैठक वरिष्ठ पेंशनर भागी नाग की अध्यक्षता में हुई। बैठक मे अल्पसंख्यक विद्यालयों से सेवानिवृत शिक्षकों की समस्याओं के विषय पर चर्चा की गयी और उनके त्वरित निदान के लिए पेंशनर समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश कुमार सिंह से शीघ्र वार्ता करने का निर्णय लिया गया। पेंशधारियों के मंहगाई भत्ता में जनवरी 2023 से चार फीसदी वृद्धि किया गया है।इस आशय की अधिसूचना भी झारखंड सरकार के वित्त विभाग द्वारा निर्गत कर दिया गया है। लेकिन अभी तक यूको बैंक की शाखा द्वारा इस राशि का भुगतान नहीं किये जाने के कारण बैठक में उपस्थित सदस्यों ने रोष व्यक्त किया। भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए आज की बैठक में पेंशनर समाज के जिला उपाध्यक्ष महेश प्रसाद गुप्ता द्वारा समाज के कार्यालय में ठंडा पेयजल का जार और डिसपेंशर अधिष्ठापित किया गया।

जिला प्रशासन ने प्रखंडवासियों को कीमती उपहार दिया है: अध्यक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता

बिशुनपुर। प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित जतरा टाना भगत पुस्तकालय संचालन समिति की बैठक गुरुवार को अध्यक्ष रामप्रसाद बड़ाइक की अध्यक्षता में पुस्तकालय भवन सभागार में आयोजित की गयी। जहां मुख्य रूप से सचिव प्रवीण उरांव कोषाध्यक्ष अनिल असुर सहित चयनित सदस्य गण शामिल हुए। अपने संबोधन में अध्यक्ष ने कहा कि प्रशासन ने प्रखंड वासियों को बेशकीमती उपहार दिया है जहां से क्षेत्र के बच्चे अपने कैरियर गढेंगें। इसे सहेजना हम प्रखंड वासियों की जिम्मेवारी है। पुस्तकालय की सफल संचालन के लिए हरेएक वर्ग को आगे आने की जरूरत है। बैठक में मुख्य रूप से पुस्तकालय के सफल संचालन एवं आर्थिक समस्याओं पर विस्तृत रूप से अध्यक्ष महोदय के द्वारा चर्चा की गई। जिसके उपरांत निर्णय लिया गया कि सभी मेंबर व पदाधिकारी प्राथमिकता के तौर पर प्रखंड के 68 राजस्व ग्राम में बारी बारी कर सदस्यता अभियान चलाते हुए लोगों को पुस्तकालय के प्रति जागरूक एवं तैयारी कर रहे। युवाओं को पुस्तकालय में नामांकन के लिए प्रेरित करेंगे। वहीं पुस्तकालय में हो रही खर्चो की जानकारी एवं बिल प्रस्तुत कर बकाया भुगतान के लिए सदस्यों एवं पदाधिकारियों से सहमति ली गयी। मौके पर भीम बड़ाईक, विनय टाना भगत, बिल्टू लोहरा, फुलेश्वर उरांव, आशीष सिंह, संजीव भगत, बसंत तुरी, रविंदर उरांव, सोमरा उरांव, प्रशांत कुमार, संतोष साहू, अजय उरांव, राम भरत खेरवार, बसंत कुमार, प्रीति कुमारी, सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

बीडीओ ने तालाब का निरीक्षण किया

डुमरी(आजाद सिपाही)।

डुमरी प्रखंड के करनी पंचायत के लतापानी तलाब एवं बिरसा आवास का निरीक्षण बीडीओ एकता वर्मा ने किया। इस दौरान जल जीवन मिशन से बन रहे जलमीनर का निरीक्षण किया गया। वहीं आदिम जनजाति परिवार के लिए कल्याण विभाग द्वारा संचालित बिरसा आवास योजना का बिरसा आवास के लिए दिया गया एक महीने का अल्टीमेट भी खत्म हो गया और अभी भी कई ऐसे लोग हैं जिनके घरों की नींव भी नहीं कोड़ी गयी। सभी मुद्दों पर बीडीओ ने लोगों से बातचीत कर संचालित योजनाओं की जानकारी ली। मौके पर कल्याण पदाधिकारी अशोक गुप्ता, रोजगार सेवक अमित जयसवाल, प्रखंड कर्मी सहित कई अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

कार्यक्रम : विश्व योग दिवस पर आयोजित होंगे कई कार्यक्रम

सदर अस्पताल के सिविल सर्जन होंगे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि

लोगों के बीच जनजागरण चलाकर योग के प्रति ज्यादा से ज्यादा प्रचारित करने का निर्णय लिया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। योग परिवार की बैठक गुरूवार को बिरसा मुंडा एग्रो पार्क में अयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता अशोक जयसवाल ने की। आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले विश्व योग दिवस पर कई कार्यक्रम की रूपरेखा तय करते हुए इसे सफल बनाने को लेकर रणनीति तैयार की गयी। लोगों के बीच जनजागरण चलाकर योग के प्रति ज्यादा से ज्यादा प्रचारित करने का निर्णय लिया गया। बताया गया कि योग निरोग रहने की अचूक दवा है। बैठक में करें योग- रहें निरोग जैसे नारे भी लगाए गये। बैठक में यह निर्णय भी लिया गया कि गुमला सिविल सर्जन राजू कच्छप इस कार्यक्रम के मुख्य आथिति होंगे। इस अवसर पर योगा परिवार के अध्यक्ष अशोक जयसवाल ने कहा कि स्वास्थ्य भारत का निर्माण तभी हो सकता है जब आप खुद स्वस्थ्य हों। श्री जायसवाल ने कहा कि स्वस्थ रहकर योग का प्रचार प्रसार कर अपने लोगों को भी स्वस्थ रखने में योग परिवार अपनी अहम भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर योग परिवार के सचिव एवं योग टीचर संजय साहू, शकर लाल जाजोदिया विशाल कुमार, संतोष झा, शिव कुमार लाल, सुरेन्द्र त्रिपाठी, ओमप्रकाश साहू, बैजनाथ प्रसाद, योगेंद्र साहू, जयकांत राय, राकेश कुमार, संजय सिंह, सुदामा बड़ाइक, सूदन सिंह, किरिसना सोनी, रबिन्द्र कौर, शशि किरण जयसवाल, सरिता देबी, कांति देबी, जयश्री बड़ाइक, राजश्री बड़ाईक, पल्लवी कुमारी आदि उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन सचिव संजय साहू ने किया।

संवाद कार्यक्रम में स्वतंत्रता सेनानी तुलसी तिवारी, बिंदेश्वरी पाठक, रामजन्म सिंह के योगदानों का उल्लेख कर किया नमन

किसानों की खुशहाली से ही समृद्ध बनेगा देश: राज्यपाल

कहा- स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को बनाए विकास की प्रेरणा

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन गुरुवार को पलामू जिला के भ्रमण के क्रम में मेदिनीनगर सदर प्रखंड के लहलहे पंचायत जाकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने देश के स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान का उल्लेख किया। कहा कि देश के स्वतंत्रता सेनानियों के साहस व बलिदान का परिणाम ही है कि आज हम सभी को स्वतंत्र देश का नागरिक कहलाने का गौरव मिला है। कहा कि देश के विकास में हम सभी सहयोग करें। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत निर्मित सड़कें चमक रही है। उज्ज्वला योजना से गैस उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इससे न केवल महिलाओं को धुआं से मुक्ति मिली है, बल्कि पर्यावरण संतुलन हुआ है। साथ ही आमजनों को धुआं रहित भोजन मिल पा रहा है। पीएम आवास योजना से आमलोगों को पक्के मकान बन रहे हैं। आयुष्मान भारत योजना से लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा संभव हो पाया है। बाबा साहब अंबेडकर योजनांतर्गत सभी लोगों को लाभांवित किया जा रहा है। राज्यपाल ने कहा कि एक समय था कि भूख से लोगों की मौत हो रही थी, लेकिन प्रधानमंत्री ने कोरोना जैसे संक्रमण काल में भी खाद्यान्न उपलब्ध कराकर देशवासियों को सुरक्षित रखा, जबकि दूसरे देश अपने लोगों को संभाल नहीं सके। राज्यपाल ने कहा कि हमारे देश ने कोरोना टीका का प्रभावी आविष्कार किया। पीएम मोदी ने अपने लोगों का टीकाकरण कर सुरक्षित रखा और दूसरे देशों को भी टीका उपलब्ध कराया, ताकि वे भी सुरक्षित रह सके। राज्यपाल ने कहा कि देश में विश्वविद्यालयों की संख्या बढ़ी, उसमें मूलभूत सुविधाएं बढ़ाई गई। उन्होंने आमलोगों से भी अपील की कि वे देश के विकास के लिए आगे आएं। स्वयं सहायता समूह का गठन कर महिलाओं को सशक्त एवं स्वावलंबी बनाया गया। देश में बदलाव आ रहे हैं। इस बदलाव को हम लोग अपनी आंखों से देख रहे हैं। बड़ी आबादी के बावजूद भी आज लोग भूखमरी के शिकार नहीं हो रहे हैं। यह सब देश के संपूर्ण विकास से ही संभव हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने सभी लोगों की सुख, समृद्धि व स्वस्थ जीवन की कामना की।

राज्यपाल ने ग्रामीणों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का दिया लाभ

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने लहलहे पंचायत के ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया। उन्होंने लाभुकों के बीच मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन, स्वामी विवेकानंद नि:शक्त स्वावलंबन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री राज्य विधवा सम्मान पेंशन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, बिरसा सिंचाई कुप की स्वीकृति पत्र प्रदान किया। साथ ही दिव्यांगजनों के बीच ब्लाइंड स्टीक, ट्राईसाईकिल का वितरण किया। लक्ष्मी लाडली योजना अंतर्गत लाभुकों को राष्ट्रीय बचत पत्र दिया गया। साथ ही मनरेगा योजना के तहत लाभुकों को जॉब कार्ड प्रदान किये गये। डीसी आंजनेयुलू दोड्डे ने राज्यपाल सहित अन्य अतिथियों का स्वागत करते हुए विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन डीडीसी रवि आनंद ने की। उधर, लहलहे के पंचायत भवन में आयोजित संवाद कार्यक्रम में नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति तपन कुमार सांडिल्य, पलामू आइजी राजकुमार लकड़ा, पलामू डीसी आंजनेयुलू दोड्डे, पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा, वन प्रमंडल पदाधिकारी सौमित्र शुक्ला, उप विकास आयुक्त रवि आनंद, सहायक समाहर्ता श्रीकांत विस्पुते, अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी राजेश साह, नजारत उपसमाहर्ता शैलेश कुमार सिंह, सदर प्रखंड विकास पदाधिकारी अमिताभ भगत सहित जिला एवं प्रखंड के अन्य पदाधिकारी, लहलहे पंचायत की मुखिया पूनम यादव, पंचायत समिति सदस्य अपर्णा तिवारी, उप मुखिया पंचदेव साव, वार्ड सदस्य पूनम देवी, मनु तिवारी आदि जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

लहलहे पंचायत के ग्रामीणों के साथ किया सीधा संवाद

राज्यपाल ने लहलहे पंचायत के ग्रामीणों के साथ संवाद किया। इस दौरान ग्रामीणों ने उसने अलग-अलग मांग रखी। राज्यपाल ने संवाद करते हए कहा कि विकास में हमेशा सहयोग करें। विकास के रास्ते में बांधा न डालें। ग्रामीणों के सवाल पर राज्यपाल ने कहा कि पावर ग्रिड कारपोरेशन द्वारा जो, जमीन इस क्षेत्र में अधिग्रहण की गई है, उसका मुआवजा दिलाने को लेकर उपायुक्त को रिपोर्ट देने की बातें कहीं। राज्यपाल ने कहा कि पावर ग्रिड की स्थापना होने से मुफ्त बिजली देना संभव नहीं होता। इसके लिए सरकार के स्तर से पहल होती है। सीएसआर के तहत क्षेत्र का विकास कराने के लिए पावर ग्रिड कारपोरेशन से बातचीत की जाएगी।

नगर पंचायत चुनाव को लेकर मतदाता सूची के विखंडन का शुरू हुआ काम

मतदाता सूची विखंडन को लेकर सीओ ने बीएलओ के साथ की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

हुसैनाबाद। नगरपालिका चुनाव 2023 को लेकर हुसैनाबाद नगर पंचायत के सभी 16 वार्ड का मतदाता सूची के विखंडन का कार्य शुरू हो रहा है। इसे लेकर गुरुवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में सीओ नंद कुमार राम ने प्रतिनियुक्त पर्यवेक्षक व बीएलओ के साथ बैठक की। इस दौरान उपस्थित पर्यवेक्षक व बीएलओ को मतदाता सूची विखंडन की तैयारी के कार्यक्रम की जानकारी दी गयी। सीओ ने बताया कि मतदाता सूची का वार्ड वार विखंडन पांच से 14 जून तक होगा। मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन 19 जून को किया जाएगा। दावा एवं आपत्ति एक जुलाई तक प्राप्त करना है। प्राप्त दावा आपत्ति का निराकरण एवं मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन छह जुलाई को किया जाएगा। सीओ ने उपस्थित सभी बीएलओ को उनके कर्तव्यों का पालन करने का निर्देश दिया। बैठक में पर्यवेक्षक सह बीपीओ बिष्णु प्रताप मिश्रा, सीआइ अखफाक अहमद, सहायक अभियंता अमित कुमार, पंचायत सेवक सूर्यदेव राम, बीएलओ सह राजस्व उपनिरीक्षक सचिन कुमार गुप्ता, संतोष कुमार, प्रशांत सागर, एहसान अली, कौशिक कुमार, कनीय अभियंता पंकज कुमार, शिवनाथ राम, अभिषेक कुमार, मणिकांत कुमार, नीरज कुमार गुप्ता, आशीष कुमार, अरुण कुमार यादव आदि उपस्थित थे।

पलामू जिप उपाध्यक्ष आलोक हैदराबाद में हुए सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

जिप उपाध्यक्ष को सम्मानित करते प्रशिक्षक।

हुसैनाबाद। पलामू जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह को हैदराबाद में प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षकों की ओर से सम्मानित किया गया। जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह ने कहा कि पलामू जिला परिषद के सर्वांगीण विकास के लिए अभी हम झारखंड की पूरी टीम के साथ हैदराबाद में प्रशिक्षण ले रहे हैं। यह प्रशिक्षण शिविर पांच जून को शुरू हुआ था, जो नौ जून तक चलेगा। इस शिविर में हम उनलोगों से प्रशिक्षण एवं अनुभव ग्रहण कर रहे हैं, जिन्होंने अपनी कड़ी मेहनत के बल पर अपने क्षेत्र को विकास के मामले में पूरे भारतवर्ष में एक विशिष्ट पहचान दिलाई है। हमें उनकी यह संघर्ष-गाथा अपने क्षेत्र में विकास की एक नई लकीर खींचने के काम आएगी। प्रशिक्षण के दौरान उनके करकमलों द्वारा हमें सम्मानित भी किया गया, जो कि हमारे लिए वो एक सुखद क्षण था। उन्होंने अपने इस सम्मान को पलामू का सम्मान बताते हुए सारा श्रेय पूरे पलामू वासियों के प्यार व आशीर्वाद को दिया। विदित हो कि डीडीसी सह पलामू जिला परिषद के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी के दो जून को जारी पत्रांक 678 के आलोक में झारखंड सरकार के पंचायती राज के निदेशक द्वारा राज्य के सभी जिला परिषद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष को क्षेत्र के सर्वांगीण विकास करने के मद्देनजर प्रशिक्षण के लिए हैदराबाद भेजा गया है।

भाजपा ने चलाया महाजनसंपर्क अभियान, मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनायीं

विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। भाजपा के विश्रामपुर नगर मंडल इकाई की ओर से गुरुवार को नपं के वार्ड पांच में महाजनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान लोगों को मोदी सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया गया। बताते चलें कि केंद्र में मोदी सरकार के नौ वर्ष पूरा होने पर भाजपा पूरे देश में महाजनसंपर्क अभियान चला रही है। जिसके तहत भाजपा नेता-कार्यकर्ता गांव-गांव घर -घर जाकर मोदी सरकार की उपलब्धियां गिना रहे हैं। अभियान में शामिल वरीय भाजपा नेता शिवबंश मिश्रा ने कहा कि पिछले नौ सालों में मोदी सरकार ने दर्जनों कल्याणकारी योजनाएं चलाई है। देश के लिए कई ऐतिहासिक फैसला लिया। मोदी के नेतृत्व में आज भारत विश्वगुरु बनने की राह पर अग्रसर है। इस मौके पर शिव शंकर चंद्रवंशी,देवनारायण सिंह,मनीष कुमार,भिखारी साव,नरसिंह चौबे, विकास चौबे, संजय ठाकुर, रामप्रवेश मौर्या सहित कई लोग मौजूद थे।

सलैया पंचायत के दर्जनों चापाकल खराब, पानी के लिए भटक रहे ग्रामीण : राजेंद्र यादव

हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। जिले के हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र के सलैया पंचायत के ग्रामीणों के बीच इन दिनों भीषण गर्मी के बीच पानी का घोर संकट उत्पन्न हो गई है। इसकी जानकारी देते हुए सलैया पंचायत के पूर्व मुखिया प्रतिनिधि सह राजद के पलामू जिला प्रधान महासचिव राजेन्द्र यादव ने बताया कि एक-एक कर दर्जनों चापाकल खराब होने से क्षेत्र में पानी के लिए हाहाकार मच गया है। बताया कि रब्दी गांव में शिव मंदिर, प्राथमिक विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र, बालकिशुन यादव, सरयु यादव,शंकर यादव, ग्राम सलैया में विरेंद्र यादव, रामकिशुन यादव, भौंरहा में रामनंदन यादव और मंझिगावां के ललेंद्र यादव के घर के पास चापाकल खराब हो गया है।

सरकार की सभी सुविधाएं ग्रामीणों तक पहुंचाना मेरा लक्ष्य : प्रियंका

आजाद सिपाही संवाददाता

हरिहरगंज/पलामू। पिपरा प्रखंड के सरैया पंचायत में मुखिया प्रियंका कुमारी ने 15वें वित योजना के तहत दो योजनाओं का शिलान्यास किया। इस दौरान मुखिया ने कहा कि सरकार की ओर से दी जाने वाली सारी सुविधाएं ग्रामीणों तक पहुंचाना उनका लक्ष्य है। बताया कि पंचायत में दो स्वास्थ्य केंद्र तथा एक आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण कराया जा रहा है। साथ ही पेयजल व्यवस्था के लिए हर घर नल योजना के तहत भी कार्य करवाए जा रहे हैं। स्वास्थ्य केंद्र बनने से स्वास्थ्य सुविधा पंचायत में उपलब्ध होगी और आंगनबाड़ी भवन में बच्चों को उचित पोषाहार के साथ प्राणभिक शिक्षा दी जाएगी। मुखिया ने ग्रामीणों से अपील की कि अपनी समस्याओं से रूबरू करवाएं, ताकि उसका जल्द से जल्द प्रखंड से लेकर जिला और राज्य स्तर से निदान कराया जा सके।

SAHDEV CHANDRAVANSI B.Ed. COLLEGE
Bishrampur, Palamu, (Jharkhand)

Website-www.scbc.in,
Email - scbedcollege.2008@gmail.com
Ph. 7870474005, 8340772808
(Recognised by ERC, NCTE,
Bhubaneswar and Affiliated to JAC, Ranchi)

ADMISSION NOTICE
(Session 2023-25)
(Course- D.El.Ed.)

D.El.Ed.- योग्यताः- इंटरमीडियट (+2) (कला, विज्ञान, वाणिज्य) में न्युनतम 50 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण, एस.टी. / एस.सी./ ओ.बी.सी. एवं निशक्त के लिए 45 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण, 01 जुलाई 2023 को छात्र की उम्र 18 वर्ष पूरा होना चाहिए।

आवेदन पत्र मिलने की तिथि →	09.06.2023 से 30.06.2023
आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि →	01.07.2023
चयनित छात्रों की मेघा सूची जारी करने की तिथि →	04.07.2023
काउंसलिंग एवं नामांकन की तिथि →	05.07.2023 to 10.07.2023

नोटः- 1. चयन का आधार मेधा अंक होगा 2. छात्रवृति की सुविधा। 3. छात्रावास की सुविधा 4. आवेदन पत्र का मूल्य 750/-

आवेदन पत्र मिलने का स्थान :-

College office:- Sahdev Chandravansi B.Ed. College, Bishrampur, Palamu
Ranchi Office:- Astha Regency, T-15, Ratu Road Ranchi, Ph.- 9608198370

Sd/-
Director

Ref No. ScBc/1488/2023 Date : 08/06/2023

पूर्व नप अध्यक्ष ने सहायक नगर आयुक्त की कार्यशैली पर उठाये सवाल, संलिप्तता का लगाया आरोप

रिश्वत लेते पकड़ गये प्रधान सेवक को तत्काल करें बर्खास्त: हलीमा बीबी

आजाद सिपाही संवाददाता

विश्रामपुर/पलामू। विश्रामपुर नगर परिषद की पूर्व अध्यक्षा हलीमा बीबी ने बताया कि प्रधान सहायक अनिल कुमार चंद्रवंशी को एसीबी की टीम ने रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। उसे एसीबी ने जेल भी भेज दिया। लेकिन विभागीय स्तर पर अनिल कुमार पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिससे यह प्रदर्शित होता है कि नप कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार में सहायक नगर आयुक्त की भी संलिप्तता है। इस बात को एसीबी टीम के समक्ष अनिल कुमार ने स्वीकार भी किया था। हलीमा बीबी बुधवार को कोशियर स्थित अपने आवास पर आयोजित प्रेसवार्ता में बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि प्रधान सहायक अनिल कुमार संविदा पर बहाल था। वह परिवारवाद और भ्रष्टाचार को हमेशा बढ़ावा देता था। उस पर कार्रवाई की कई बार मैने मांग भी की। लेकिन सहायक नगर आयुक्त मो प्रवेज उसके भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने में लगे रहे। जब वह एसीबी के हत्थे चढ़ गया तो उसे बचाने में जुट गए हैं। उन्होंने मांग किया कि संविदा पर बहाल प्रधान सहायक अनिल कुमार को तत्काल बर्खास्त किया जाए। वहीं, वरीय बसपा नेता सह अध्यक्ष के प्रतिनिधि नईमुद्दीन अंसारी ने सहायक नगर आयुक्त पर कई गंभीर आरोप लगाया। कहा कि उन्हीं की सरपरस्ती में रिश्वत का खेल चल रहा था। अनिल कुमार उन्हीं के लिए लोगों से रिश्वत वसूलता था। उन्होंने राज्य सरकार से मांग किया कि सहायक नगर आयुक्त मो प्रवेज के कार्यकाल की गहनता से जांच कराया जाए।

धनबाद पुलिस ने वाहन चोर गिरोह का किया पर्दाफाश

तीन गिरफ्तार, आठ बाइक बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। धनबाद पुलिस ने जिले में सक्रिय मोटरसाइकिल चोर गिरोह का पदार्फाश करते हुए तीन सदस्यों को गिरफ्तार करने में सफलता पायी है। इनके निशानदेही पर चोरी की गयी 8 मोटरसाइकिल को विभिन्न थाना क्षेत्र से बरामद किया है। इस बाबत गुरूवार को एसएसपी संजीव कुमार ने पुलिस मुख्यालय स्थित अपने कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पिछले कई दिनों से जिले में मोटरसाइकिल चोरी की लगातार शिकायतें आ रही थीं। जिसके आलोक में एक टीम का गठन कर कारवाई की जा रही थी। इसी क्रम में तीन मोटरसाइकिल चोरों को पकड़ा गया जिनके निशानदेही पर जिले के विभिन्न इलाकों से आठ मोटरसाइकिल को बरामद किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में मन्नू पासवान लोयाबाद कोक प्लांट, कृष्णा कुमार न्यू कॉलोनी सुदामडीह और रोहित भुईयां मोहलबनी का रहने वाला है। पूछताछ में पता चला की यह तीनों अलग अलग स्थानों से मोटरसाइकिल को चोरी करते थे। इसके अलावे गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में भी पता चला है आगे की कारवाई जारी है। पूछताछ में पता चला कि यह लोग मोटरसाइकिल चोरी कर पहले जमा करते हैं और फिर एक बार मे झरिया या जामताड़ा के नारायणपुर में बेच देते हैं। छापामारी में केंदुआडीह सर्किल इंस्पेक्टर संजीव तिवारी, केंदुआडीह थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह, जोगता थाना प्रभारी दीपक कुमार, लोयाबाद थाना प्रभारी विकास कुमार, भौंरा ओपी प्रभारी जितेंद्र कुमार, बरोरा थाना प्रभारी नंदू कुमार पाल, सुदामडीह थानेदार हिमांशु कुमार, अलकडीहा ओपी प्रभारी महेंद्र कुमार शामिल थे।

बिजली चोरी के आरोप में तीन पर मुकदमा

बाघमारा/कतरास (आजाद सिपाही)। गणेशपुर विद्युत विभाग की ओर से बरोरा थाना क्षेत्र में अवैध बिजली के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस दौरान विद्युत विभाग के कनीय अभियंता देवीलाल सोरेन की शिकायत पर थाना क्षेत्र के सूर्यप्रकाश, प्रभावती देवी तथा रामसूचित प्रसाद सिंह के खिलाफ पुलिस से लिखित शिकायत की गयी है। फिलहाल पुलिस सभी के खिलाफ अवैध बिजली चोरी का मामला दर्ज कर अनुसंधान में जुट गयीहै।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

इसीएल के कापासारा आउटसोर्सिंग में प्रबंधन और मजदूर भिड़े

आजाद सिपाही संवाददाता

चिरकुंडा। ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड मुगमा एरिया के कापासारा आउटसोर्सिंग में 8 जून गुरुवार की सुबह छह बजे आउटसोर्सिंग संचालक हरिशंकर पांडेय और उसके बाडीगार्ड के साथ ठेका मजदूरों की मारपीट हो गयी। आरोप है कि ठेका मजदूर ड्यूटी के बाद जलावन के लिये डिपो से झोला में कोयला ले जाते हैं। संचालक के बॉडीगार्ड ने कोयला चोरी का आरोप लगा कर तीन ठेका मजदूरों की पिटाई कर दी। इसके बाद अन्य ठेका मजदूर गुस्से में आ गए और एकजुट होकर बॉडीगार्ड पर टूट पड़े। मजदूरों ने जमकर बॉडीगार्ड की पिटाई कर दी। सूचना मिलने पर आउटसोर्सिंग संचालक पहुंचे तो मजदूरों ने उन्हें भी पीट दिया। सभी ठेका मजदूर आसपास के गांव के हैं। सूचना के बाद गांव के लगभग दो सौ लोग भी जुट गए। जिसके बाद खूब हंगामा हुआ। ठेका मजदूर और उसके समर्थन में ग्रामीणों का हुजूम देख आउटसोर्सिंग संचालक, बॉडीगार्ड और समर्थक उल्टे पांव भाग खड़े हुए। आउटसोर्सिंग संचालक हरिशंकर पांडेय की सूचना पर निरसा व गलफरबाड़ी की पुलिस मौके पर पहुंची और ठेका मजदूरों को समझा-बुझा कर मामला शांत कराया।

कार्यालयः सहायक निबंधक सहयोग समितियां मेदिनीनगर अंचल पलामू

पैक्सो (प्राथमिक कृषि साख सहयोग समिति) में निर्वाचन सम्बंधी सूचना

पैक्स का नाम प्रखंड	नामांकन की तिथि	निर्वाचन (विषेष आम सभा) की तिथि	निर्वाचन पदाधिकारी का नाम
जेगा पैक्स/ ऊंटारी रोड़	26.06.2023	05.07.2023	श्री निषितोष ठाकुर
जुरू पैक्स/ लेस्लीगंज	26.06.2023	05.07.2023	श्री बिपिन कंडुलना
महुगांवा पैक्स/ पाण्डु	26.06.2023	05.07.2023	श्री आषिष खलको
नवडीहा पैक्स/ लेस्लीगंज	26.06.2023	05.07.2023	श्री सखी चन्द्र दास
धावाडीह पैक्स/सतबरवा	26.06.2023	04.07.2023	श्री संजय कुमार (विश्रामपुर)
कचनपुर पैक्स/ छतरपुर	10.07.2023	18.07.2023	श्री निषितोष ठाकुर
नेउरा पैक्स/ रामगढ़	10.07.2023	18.07.2023	श्री आषिष खलको
रेड़मा दक्षिणी/ मेदिनीनगर	10.07.2023	18.07.2023	श्री बसंत राय
मंगलपुर सरईडीह/ पांकी	20.07.2023	01.08.2023	श्री बसंत राय
विश्रामपुर पैक्स/ विश्रामपुर	20.07.2023	01.08.2023	श्री सखी चन्द्र दास
डुमरी पैक्स/ मनातु	20.07.2023	01.08.2023	श्री संजय कुमार (विश्रामपुर)
किशुनपुर पैक्स/पाटन	20.07.2023	01.08.2023	श्री बिपिन कंडुलना
सुग्गी पैक्स/ तरहसी	20.07.2023	01.08.2023	श्री संजय कुमार (हरिहरगंज)
नौडीहा बहेरा पैक्स/ पांकी	03.08.2023	14.08.2023	श्री बिपिन कंडुलना
दौनदाग पैक्स/ छतरपुर	03.08.2023	14.08.2023	श्री बसंत राय
खेदराखुर्द पैक्स/ छतरपुर	03.08.2023	14.08.2023	श्री निषितोष ठाकुर
कोल्हुआ सोनबरसा/ मोहम्मदगंज	03.08.2023	14.08.2023	श्री संजय कुमार (विश्रामपुर)
मेकहरा कला/ हैदरनगर	03.08.2023	14.08.2023	श्री सखी चन्द्र दास
पुरनामाझिगाओं पैक्स / चैनपुर	03.08.2023	14.08.2023	श्री संजय कुमार (हरिहरगंज)

विश्वासभाजन
ह/– सहायक निबंधक सहयोग समितियां,
मेदिनीनगर अंचल, पलामू।

PR 299576 District(23-24)D

कुमार अमित के नेतृत्व में छात्रों ने कॉलेज प्रबंधन को सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता

बोकारो। भाजपा नेता प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित के नेतृत्व में छात्र नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल सिटी कॉलेज प्रबंधन से मिल कर एक ज्ञापन सौपा और बी.बी.एम.को.विश्वविद्यालय प्रबंधन के द्वारा बोकारो में पीजी पढाई बंद करने के निर्णय को बदलने की मांग की। अमित ने छात्र नेताओं के साथ प्राचार्य की अनुपस्थिति मे प्रभारी प्राचार्य माधुरी कुमारी से मिलकर छात्रों के साथ-साथ बोकारो वासियों की भावनाओं से अवगत कराते हुए बताया कि विश्वविद्यालय प्रबंधन के इस तुगलकी फरमान से छात्रों युवाओं के साथ समस्त जनता में रोष है। विश्वविद्यालय प्रबंधन के इस निर्णय से लोग स्तब्ध हैं। छात्रों के कठिन परिश्रम और संघर्ष से कॉलेज में दस वर्ष पूर्व प्रारम्भ हुई पीजी पढाई को विश्वविद्यालय प्रबंधन एक झटके में कैसे बंद करने का निर्णय ले सकता है। इस निर्णय से बोकारो के अधिकांश छात्रो का उच्च शिक्षा ग्रहण करने का सपना अधूरा रह जायेगा। अन्य छात्रों के भी अत्यंत कठिनाई का सामना करना पड़ेगा। विश्वविद्यालय को अविलम्ब अपने इस को निर्णय बदल कर सिटी कॉलेज के अलावे चास कॉलेज और बेरमो के केबी कॉलेज में भी अन्य विषयों की पीजी पढाई प्रारम्भ करनी चाहिए अन्यथा छात्र युवा सड़क पर उतर कर विश्वविद्यालय की मनमानी के खिलाफ उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगें। प्रतिनिधिमंडल ने विश्वविद्यालय के इस तुगलकी फरमान को बदलने हेतु सिटी कॉलेज से गंभीर हस्ताक्षेप करने की मांग करते हुए विश्वविद्यालय प्रबंधन को बोकारो के इस जनभावना से अवगत कराने की भी मांग की है। इस प्रतिनिधि मंडल में छात्र नेता सुमन कुमार, पियूष पल्लव, शिवानंद बेदिया, कमल राज, साधन महतो आदि शामिल थे।

लोयाबाद अस्पताल में चोरी का प्रयास, तीन भागे, एक धराया

आजाद सिपाही संवाददाता

लोयाबाद। लोयाबाद क्षेत्रीय अस्पताल मे बुधवार की देर रात अपराधियो ने रात्री सेवा चिकित्सा पदाधिकारी रूम का एसी चोरी करने का प्रयास किया। अस्पताल मे उपस्थित एंबुलेंस चालको की सतर्कता के कारण एक चोर पकड़ा गया और चोरी का प्रयास असफल रहा। बताया जाता है कि रात्री 9 बजे अस्पताल भवन के पीछे की तरफ से चार अपराधी घुसे और चिकित्सा पदाधिकारी के रूम मे लगे विंडो एसी को चुरा कर ले जाने का प्रयास करने लगे। तोड़ फोड़ की आवाज सुनकर अस्पताल मे उपस्थित प्राइवेट चालको ने हो हल्ला किया। हल्ला सुन बाकी तीन चोर फरार हो गये जबकि एक चोर कनकनी निवासी पकौड़ी चौहान वही छुप गया। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। जिसके बाद पुलिस ने वही छुपे चोर पकौड़ी को पकड़ लिया। पुलिस पकौड़ी की निशानदेही पर बाकी के चोरो को पकड़ने मे लगी है। बताया जाता है कि अस्पताल मे रात्री मे फिलहाल एक गार्ड की ड्यूटी है, जिससे चोरी का खतरा बना रहता है। लोयाबाद थाना प्रभारी विकास यादव ने बताया कि एक युवक की गिरफ्तारी हुई जांच कर रहे अस्पताल प्रबंधक लिखित शिकायत करने पर आगे की करवाई करेंगे।

ई–प्रोक्योरमेंट सेल
अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल, हजारीबाग

अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट नोटिस

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं०– BCD/BCHZB/BOKARO/13/2023-24 (2nd Call) दिनांकः– 07.06.2023

क्र०	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रू०)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	CONSTRUCTION OF HSC BUILDING AT DEVIPUR, BLOCK-GOMIA, DIST-BOKARO.	Rs. 55,50,000.00	6 (Six) Months
2	CONSTRUCTION OF HSC BUILDING AT KADAMA, BLOCK-GOMIA, DIST-BOKARO.	Rs. 55,50,000.00	6 (Six) Months
3	CONSTRUCTION OF HSC BUILDING AT ANGWALI, BLOCK-PETERWAR, DIST-BOKARO.	Rs. 55,50,000.00	6 (Six) Months
i	वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि	12.06.2023	
ii	वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि एवं समय	17-06.2023 को अपराह्न 3.00 बजे	
iii	वेबसाईट में अपलोड किये गये दस्तावेज की हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय	19-06.2023 को अपराह्न 12.00 बजे	
iv	निविदा खोलने की तिथि एवं समय	19-06.2023 को अपराह्न 3.00 बजे	
v	निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता	ई–प्रोक्योरमेंट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल हजारीबाग।	
vi	प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या	9110983022/8987663716	
vii	ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या	06546-222640	

- किसी भी प्रकार का बदलाव http:// Jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
- अन्य किसी भी प्रकार की सूचना http:// Jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

note: UCAN Registration is mandatory for the bidders.

नोडल पदाधिकारी, ई–प्रोक्योरमेंट सेल
अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन अंचल, हजारीबाग

PR 299584 Building(23-24)#D

धनबाद बार एसोसिएशन चुनाव संपन्न आज शाम तक आयेंगे नतीजे

धनबाद (आजाद सिपाही)। गुरुवार को धनबाद बार एसोसिएशन चुनाव को लेकर मतदान शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। सुबह 8:30 बजे से शुरू ही मतदान में कुल 1753 मत पड़े। शुक्रवार को मतगणना के बाद अध्यक्ष समेत 16 पदों के लिए हुए चुनाव परिणाम जारी किया जाएगा। वोटिंग प्रक्रिया शाम 4:30 बजे तक संपन्न हुई। कुल 2089 मतों में से 1753 वोट डाले गए। सुबह से ही मतदान को लेकर पूरे कोर्ट परिसर में गहमागहमी का माहौल था जो कि मतदान संपन्न होने तक रहा। चुनाव पदाधिकारी के रूप में नियुक्त एस.सी. मलिक,देवी शरण सिंहा और ए. के. तिवारी काफी सक्रिय दिखें। सीनियर सिटीजन वोटर के लिए अलग से वोट डालने व्यवस्था की गई थी लेकिन बाद में व्यवस्था चरमरा गई और सीनियर सिटीजन को भी वोट देने के लिए काफी मशक्कत करना पड़ा। मतदान सम्पन्न होने के बाद सभी प्रत्याशीयो ने अपने अपने जीत के दावे किए। अध्यक्ष पद के लिए सीधा मुकाबला ए.के. सहाय और राधेश्याम गोस्वामी के बीच है।

मारपीट और सरकारी काम में बाधा डालने के आरोपी ने किया सरेंडर

झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)। तिलैया थाना अंतर्गत मदुआटांड़ में 15 मई को रघुनाथ मोदी और उसके परिजनों के साथ मारपीट के साथ सरकारी काम में बाधा डालने के आरोपी महावीर यादव ने गुरुवार को कोडरमा न्यायालय में सरेंडर कर दिया। उसे कोडरमा जेल भेज दिया गया। मारपीट की घटना को लेकर यदुटांड़ निवासी महावीर यादव समेत अन्य कई लोगों पर घर में घुसकर मारपीट करने, रंगदारी मांगने समेत अन्य आरोपों के तहत प्राथमिकी दर्ज किया गया था। इसके बाद अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर लगातार जिले के डीसी, एसपी, सांसद, विधायक से मिलकर कार्रवाई की मांग की जा रही थी।

इसके अलावा वैश्य समाज ने भी कई बार बैठक कर घटना की निंदा करते हुए कार्रवाई की मांग किया था और सोमवार को घटना वाले स्थान से एक रैली भी निकाली गई थी, जो जिला मुख्यालय पहुंचकर धरना में तब्दील हो गयी थी। इस मामले को लेकर जब पुलिस की टीम अभियुक्त के घर नोटिस देने पहुंची थी।

कुछ लोगों के द्वारा नोटिस को फाड़ने और सरकारी काम में बाधा डालने की शिकायत पुलिस कर्मी के द्वारा तिलैया थाना में की गयी थी जिसके बाद सरकारी काम में बाधा डालने के मामले में एक अलग प्राथमिकी कांड संख्या 134/23 दर्ज किया गया था। मामले में गुरुवार को अभियुक्त महावीर यादव ने मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के समक्ष आत्मसमर्पण किया जिसके बाद उसे जेल भेज दिया गया।

जनता श्रमिक संघ में शामिल लोगों का स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता

लोयाबाद। जनता श्रमिक संघ की एक बैठक गुरूवार को बांसजोड़ा शिव मंदिर मे की गयी। बैठक मे जनता मजदूर संघ (कुंती गुट) छोड़कर आये कार्यकर्ताओं का स्वागत किया गया। साथ ही संघ ने एरिया और कोलियरी शाखाओ मे नवनियुक्त पदाधिकारियो को बधाई दी गयी। बैठक मे दर्जनो मजदूर संघ के महामंत्री पूर्व विधायक संजीव सिंह मे आस्था व्यक्त कर शामिल हुए। संघ के पदाधिकारी रामाशंकर महतो और शंकर तुरी ने पत्रकारो को बताया कि सिजुआ क्षेत्र के एरिया अध्यक्ष राजेश सिंह और सचिव विशाल वर्णवाल को बनाया गया है। वही निचितपुर कोलियरी अध्यक्ष फेकू सिंह और सचिव रामाशंकर महतो बांसजोड़ा कोलियरी के अध्यक्ष लालचंद चौहान एंव सचिव शंकर तुरी लोयाबाद कोलियरी के अध्यक्ष महादेव सिंह चौधरी और सचिव रमेश पासवान बनाये गये है। रामाशंकर और शंकर ने संयुक्त रूप से बताया कि संजीव सिंह और संयुक्त महामंत्री रागिनी सिंह के नेतृत्व मे संघ को कोयलांचल मे एक सशक्त युनियन बनाकर मजदूरो का हकुक दिलाने का काम करेगे। बहुत जल्द ही एरिया पांच मे संघ का विस्तार किया जायेगा। बैठक मे सत्येन्द्र केवट,कामेश्वर दुसाध ,शंकर प्रमाणिक, बबलू अंसारी, संजय पासवान, शिव चौहान, राहुल मिर्धा, विजय महतो, धर्मेन्द्र सिंह, विजय महतो, मनीष पोद्दार सहित दर्जनो लोग मौजूद थे।

तैयारी को लेकर सांसद पीएन सिंह ने की बैठक

भाजपा की लोकसभा स्तरीय जनसभा 11 को

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। भाजपा महा जनसंपर्क अभियान के तहत आगामी 11 जून को झरिया के बस्ताकोला स्थित रेस्क्यू मैदान में होने वाले लोकसभा स्तरीय जनसभा के लिए आवास में सांसद पीएन सिंह तैयारी को लेकर बैठक की। बैठक में लोकसभा क्षेत्र के महानगर, ग्रामीण और बोकारो जिला के प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान सांसद ने कहा कि जनसभा में धनबाद लोकसभा क्षेत्र के सभी मंडल के कार्यकर्ता और अपने समर्थक शामिल हो। लोकसभा सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के प्रभारी और राज्यसभा सांसद डॉक्टर लक्ष्मीकांत वाजपेयी जी रहेंगे। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार की नौ वर्ष की उपलब्धियों को इस सम्मेलन के माध्यम से जन जन तक पहुंचाया जायेगा। नरेंद्र मोदी की सरकार ने गरीब उत्थान के लिए अनेकों कार्य किए पूरे देश का आशा, विश्वास और समर्थन प्रधानमंत्री के साथ हैं। निश्चित रूप से 2024 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी प्रचंड बहुमत के साथ पुनः एक बार केंद्र में सरकार बनायेगी। जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर ने कहा कि इस सम्मेलन को सफल बनाने के लिए मंडल स्तर पर बैठक प्रारंभ हो गयी है। धनबाद लोकसभा क्षेत्र में कई स्थानों पर होल्डिंग, बैनर और पोस्टर लगेंगे। जनसभा को सफल बनाने के लिए सभी पदाधिकारी लगे हुए हैं। बैठक में ग्रामीण ज़िला अध्यक्ष ज्ञान रंजन सिंह ,बोकारो ज़िला महामंत्री जयदेव राय, संजय झा,मानस प्रसून, नितिन भट्ट ,युवा मोर्चा अध्यक्ष अमलेश सिंह, अशोक वर्मा, मौसम सिंह, नीरज कुमार,खगन महथा, प्रीतपाल सिंह आदि मौजूद थे।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार

अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा संख्या.:– RWD/SD/LATEHAR/07/2023-24

1. विज्ञापन दाता का नाम : कार्यपालक अभियंता,ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : 15.06.2023 (कार्यालय अवधि में)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 16.06.2023 को 03:00 बजे अपराहन् तक
5. निविदा प्राप्ति, का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष,(पुलिस अधीक्षक, लातेहार के कार्यालय के समक्ष)
6. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान : 16.06.2023 को 03:30 बजे अपराहन्,कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. झारखण्ड सरकार के अन्तर्गत अधीनस्थ ग्रामीण विकास विभाग(ग्रामीण कार्य विभाग) के समुचित श्रेणी में संबंधित संवेदक को ही प्ररिमाण विपत्र निर्गत किया जायेगा।
8. परिमाण विपत्र का मूल्य जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार के पदनाम से देय होगा, जो भारतीय स्टेट बैंक, लातेहार में भुगतेय होगा।
9. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तद्नुसार परिमाण विपत्र का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
10. कार्य का विस्तृत विवरण :–

क्र. सं.	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में	निविदा शुल्क	अग्रधन की राशि	कार्य समाप्ति की अवधि
1	लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड हेरहंज ग्राम/पंचायत बीरू में हाटा टोंगरी शमुनीया बांध से सहदेव यादव के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण।(500 फीट)	1918400	5,000	38500	3 महिना
2	लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड हेरहंज ग्राम हेसातु नन्देव सिंह के घर से राम किसुन सिंह के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। (600 फीट)	2206200	5,000	44500	3 महिना
3	लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड हेरहंज ग्राम/पंचायत तासु, हुन्डरा में बालन्द साव के घर से हनुमान मंदिर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। (500 फीट)	671500	1250	13500	2 महिना
4	लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड मनिका ग्राम/पंचायत मटलौंग, माईल में करकट पुल से PMGSY पथ तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। (185 मीटर)	863300	1250	17500	2 महिना

नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट या https://latehar.nic.in या www.jharkhandtender.gov.in पर देखे।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,लातेहार

PR 299553 Rural Development(23-24).D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं०–02,गढ़वा

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सूचना संख्या–RDD/SD/GARHWA/06/2023-24

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

क्र. सं.	कार्य का नाम	प्रशासनिक स्वीकृति की राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि	आईडेन्टीफिकेसन न0
1	गढ़वा जिला के प्रखण्ड काण्डी अन्तर्गत ग्राम–राजा–घटहुआँ मेहता टोला पंचायत भवन के पास पण्डी नदी पर पुल निर्माण कार्य।	2,70,17,400.00	5,40,500.00	10000.00	18 माह	RDD/SD/GARHWA /06/2023-24_Gr.01
2	गढ़वा जिला के चिनियाँ प्रखण्ड में खुरी पंचायत अन्तर्गत ग्राम–नगसीली एवं खुरी के बीच कांके नदी पर पुल निर्माण।	3,26,97,400.00	6,54,000.00	10000.00	18 माह	RDD/SD/GARHWA /06/2023-24_Gr.-02

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि –10.06.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय दिनांक–10.06.2023 से दिनांक–21.06.2023 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय दिनांक–10.06.2023 से 24.06.2023 (कार्यालय अवधि तक)
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थान :–
   1. जिला नियंत्रण कक्ष, गढ़वा।
   2. जिला नियंत्रण कक्ष, पलामू।
6. निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं Affidavit जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोषित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यदिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जायेगी।
7. निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल सं0–02, गढ़वा।
8. निविदा खोलने की तिथि एवं समय –26.06.2023 अपराह्न 2:00 बजे।
9. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा।
10. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 7004019730
11. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा के पदनाम से देय हो देना होगा।
12. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तद्नुसार परिमाण विपत्र की राशि का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रुप में जमा करना होगा।
13. विशेष परिस्थिति में बिना कारण बताए निविदा रद् करने अथवा स्थगित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02,गढ़वा

PR 299546 Rural Development(23-24).D

शिक्षा के विकास के लिए दो समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार के 5-टी हाई स्कूल परिवर्तन कार्यक्रम को लागू करने के लिए शिक्षा एवं गण शिक्षा विभाग द्वारा विभिन्न कदम उठाये गये हैं। विद्यालय एवं गण शिक्षा मंत्री सुदाम मरांडी ने विचार व्यक्त किया है कि विद्यालयों के शैक्षणिक वातावरण को बेहतर बनाने के लिए आकांक्षी कार्यक्रमों के माध्यम से गृह व्यवस्था एवं विद्यालय क्लब कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। इसे एक कदम आगे बढ़ाते हुए गुरुवार को दो राष्ट्रीय स्तर की संस्थाओं के साथ एमओयू साइन किये गये हैं।

परिवर्तित स्कूलों में एक महत्वाकांक्षी पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए मो स्कूल अभियान' और 'मैजिक बस फाउंडेशन', एक राष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय शैक्षणिक संस्थान के बीच गुरुवार को हस्ताक्षरित समझौता किया गया। हमारे बच्चों के समग्र विकास में योगदान देगा और उनके विकास में एक प्रमुख भूमिका निभायेगा। मंत्री श्री मारांडी ने कहा कि वे शिक्षा के साथ खेलों में भी अपना कौशल विकास कर सकते हैं।

'ओडिशा मॉडल स्कूल' के छात्रों के लिए गणित की शिक्षा को आसान बनाने के लिए 'ओडिशा मॉडल स्कूल' और राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध संस्थान 'खान अकादमी' के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये। इसके माध्यम से 'खान अकादमी' ओडिशा के 315 मॉडल स्कूलों में कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों के लिए विशेष शिक्षण उपकरण प्रदान करेगी। साथ ही गणित के शिक्षकों को विशेष प्रशिक्षण भी दिया जायेगा। ये दोनों समझौते शिक्षा क्षेत्र में ओडिशा द्वारा की गयी कई विकासात्मक पहलों को प्राप्त करने में विशेष रूप से सहायक होंगे। हस्ताक्षर समारोह में मंडलायुक्त और प्रशासनिक सचिव अश्वथी एस, राज्य परियोजना निदेशक और मो स्कूल अभियान' के सदस्य सचिव अनुपम साहा, ओडिशा मॉडल स्कूल संगठन के परियोजना निदेशक दुर्गा प्रसाद महापात्र, मो स्कूल' के कार्यकारी अधिकारी अमरजीत जेना, मैजिकबस फाउंडेशन के अजय रस्तोगी, 'खान अकादमी' के प्रतिनिधि शुभ्रा मितल प्रमुख उपस्थित थी।

स्कूल और गण शिक्षा विभाग और आइटीइ शिक्षा सेवाएं, सिंगापुर के बीच समझौता हुआ : 5 जून को सिंगापुर में प्रवासी ओड़िशा दिवस के अवसर पर स्कूल और गण शिक्षा विभाग और आईटीई शिक्षा सेवा सिंगापुर के बीच व्यावसायिक और धंदामुलक शिक्षा और प्रशिक्षण के क्षेत्र में सहयोग के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किये गये थे। यह छात्रों और प्रशिक्षकों के बीच आदान-प्रदान की अनुमति देता है। व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण के बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जा सकता है। छात्र अपने कौशल का विकास कर सकते हैं। इस कार्यक्रम में अनुपम शाह, राज्य परियोजनाओं के निदेशक, दुर्गा प्रसाद महापात्र अतिरिक्त सचिव स्कूल और गण शिक्षा और मुख्य कार्यकारी अधिकारी ब्रूस पो जिओक हुआत और मुख्य कार्यकारी अधिकारी आइटीइ एजुकेशन सर्विसेज के मुख्य कार्यकारी अधिकारी लिम बून तिओग ने समझौते पर हस्ताक्षर किये।

सरकारी कर्मचारियों की ग्रेच्युटी राहत राशि बढ़ी

आजाद सिपाही संवाददाता



भुवनेश्वर। पिछले महीने की 31 तारीख को राज्य सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के लिए अनुकंपा सहायता राशि में वृद्धि की थे। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने इस प्रस्ताव को मंजूरी किये थे। शासकीय सेवा में रहते हुए ड्यूटी के दौरान कोई दुर्घटना होने की स्थिति में कर्मचारी को क्षतिपूर्ति भत्ते की राशि का भुगतान किया जायेगा। वित्त विभाग की ओर से नोटिफिकेशन जारी किया गया है।

इससे पहले ड्यूटी के दौरान मौत होने पर सरकारी कर्मचारियों के परिजनों को चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि मिलती थी, लेकिन अब यह राशि बढ़ा कर 10 लाख रुपये कर दी गयी है। इसी तरह, पहले घायल कर्मचारियों को 2 लाख रुपये की राशि का भुगतान किया जा रहा था, लेकिन अब इसे बढ़ाकर 5 लाख रुपये कर दिया गया है। वहीं आंशिक रूप से कार्यात्मक रूप से घायल कर्मचारियों को पहले एक लाख रुपये मिलते थे, लेकिन अब इसे बढ़ाकर दो लाख रुपये कर दिया गया है। मुख्य सचिव प्रदीप कुमार जेना की अध्यक्षता में हुई बैठक में सरकारी कर्मचारियों को अनुकूल राशि उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया। मुख्यमंत्री की स्वीकृति प्राप्त करने के बाद वित्त विभाग द्वारा यह अधिसूचना प्रकाशित की गयी है। राज्य सरकार के इस फैसले से प्रदेश के कई सरकारी कर्मचारियों को ज्यादा फायदा हो सकता है। यह फैसला किसी कर्मचारी की मौत के बाद उसके परिवार की समस्याओं को दूर करने में काफी मददगार होगा।

पुल के पिलर से रेस्क्यू किये गये बच्चे की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

सासाराम। बिहार में रोहतास जिले में सोन नदी पर बने पुल के दो पिलर के बीच फंसे 11 साल के बच्चे की रेस्क्यू के बाद मौत हो गई है। 25 घंटे के ऑपरेशन के बाद उसे पुल के पिलर से बाहर निकाला गया था। बच्चे को गंभीर हालत में सासाराम सदर अस्पताल ले जाया गया था।

इससे पहले एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के 3 अफसर और 35 जवानों ने 25 घंटे तक रेस्क्यू चलाया। बच्चे का नाम रंजन कुमार था। उसे बुधवार सुबह 11 बजे पिलर के गैप में देखा गया था। शाम 4 बजे से उसका रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया था। गुरुवार सुबह उसे बांस की मदद से खाना दिया गया। पाइप से ऑक्सीजन दी गई। पहले पिलर में तीन फीट चौड़ा होल किया गया, लेकिन रेस्क्यू में फिर दिक्कत आ गई। फिर स्लैब को तोड़कर शाम करीब पांच बजे निकाला गया।

बिहार-पश्चिम बंगाल सरकार के आंकड़े के अनुसार अब तक 127 यात्री लापता

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। बालेश्वर बाहानगा में हुए भयानक रेल हादसे ने सैकड़ों परिवारों को बेघर कर दिया और शवों की शिनाख्त का सिलसिला अभी भी जारी है। ओड़िशा सरकार ने विभिन्न अस्पतालों में घायलों के इलाज, शवों को संरक्षित करने और पीड़ितों के परिवारों को मुआवजा प्रदान करने में प्रमुख भूमिका निभायी है। इस हादसे में ओडिशा में 39 लोगों की मौत हो गयी, जबकि अन्य राज्यों में इससे ज्यादा यात्रियों के मारे जाने की बात कही जा रही है।

सरकार ने शव की शिनाख्त के लिए मृतक के परिजनों के लिए तीन वेबसाइट पर मृतक की फोटो और जानकारी जारी की है। एक लाश के कई दावेदार नजर आ रहे हैं। यहां तक कि एक व्यक्ति के शव को दूसरे राज्य में ले जाने की भी खबरें आ रही हैं। बहुत सारे लोग सहायता राशि पाने की उम्मीद में बहुत सी गलत जानकारी दे रहे हैं। अब तक 111 शव सौंपे जा चुके हैं और 82 शवों की शिनाख्त की प्रक्रिया जारी है। इसके लिए दूसरे राज्यों के सरकारी अधिकारियों की मदद ली जा रही है। बीएमसी कमिश्नर विजय अमृत कुलागें ने बताया कि भ्रम दूर करने के लिए डीएनए टेस्ट कराया जा रहा है, लेकिन दूसरी ओर बिहार और पश्चिम बंगाल सरकार के आंकड़े कुछ और ही कहते हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दावा किया है कि 39 यात्री लापता हैं। इसी तरह बिहार सरकार ने कहा कि 88 यात्री लापता हैं। इसलिए ऐसे में शव की शिनाख्त करना ओड़िशा सरकार के लिए एक बड़ी चुनौती बन गयी है। हालांकि लापता हुए सभी 127 यात्री अब कहां गये।

प्लस टू कला और व्यावसायिक परीक्षा का रिजल्ट जारी, कला में पास रेट

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। हायर सेकेंडरी एजुकेशन काउंसिल ने प्लस टू कला और व्यावसायिक परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। गण शिक्षा सचिव ने परिणाम पुस्तिका का उन्मोचन किये। उम्मीदवार अपना रिजल्ट www.orissaresults.nic.in और chseodisha.nic.in पर देख सकते हैं। प्लस टू कला में पास दर 78.88 प्रतिशत है। इस साल प्लस टू (+2) आर्ट्स में पास रेट 78.88% रहा है। कुल 1 लाख 81 हजार 869 छात्रों पास हुए हैं। साइंस की तरह आर्ट्स में भी लड़के पिछड़ रहे हैं और लड़कियां आगे हैं। लड़कों का पास रेट 70.43% है, जबकि लड़कियों का पास रेट 85.67% है।

बालेश्वर जिले में सबसे अधिक पास दर 84.97% है जबकि नबरंगपुर में सबसे कम पास दर 70.74% है।

सूचना अनुसार वर्ष 2023 के लिए परीक्षा 1 मार्च से 5 अप्रैल तक आयोजित की गयी थी।

खाते 65 ऑफलाइन केंद्रों में और 39 ऑनलाइन केंद्रों में देखा गया था। कला में 2 लाख 19 हजार 110 छात्रों ने परीक्षा दी थी, जबकि व्यावसायिक शिक्षा में 5 हजार छात्रों ने परीक्षा दी थी। इससे पहले पिछले महीने की 31 तारीख को प्लस टू विज्ञान और वाणिज्य परीक्षा का परिणाम प्रकाशित किया गया था। साइंस में पास रेट 84.93 फीसदी, जबकि कॉमर्स में 81.12 फीसदी रहा, जो पिछले साल के पास रेट से कम है।

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई. निविदा आमंत्रित की जाती है। ई.निविदा सं. : पूमरे–मुप्रअ–नि–द–ईटीएन–10– 23–24.
1. कार्य का नाम : धनबाद मंडल के अन्तर्गत करैला रोड और शक्तिनगर दोहरीकरण से संबंधित कि.मी. 20.410 और 22.900 के बीच (कृष्णशीला यार्ड सहित) में ब्लॉस्ट की आपूर्ति, ढेर लगाना तथा फैलाने के साथ पी.वे. लिंकिंग एवं पी.वे. सामग्री जैसी रेल, स्लिपर, फिटींग इत्यादि का ढुलाई का कार्य। 2. अंकलित मूल्य (₹) : ₹4,71,88,823.30, 3. निविदा प्रपत्र का लागत (₹) : ₹0.00, 4. अग्रधन राशि (₹) : ₹3,86,000.00, 5. कार्य पूर्ण करने की अवधि : 06 (छः) माह। 6. निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 28.06.2023 at 15.30 बजे अपराहन।
ऐसी ई–निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : http//www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। द्रष्टव्य : निविदा सूचना में किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाने पर अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट www.ireps.gov.in का अवलोकन करें। कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र सिर्फ IREPS वेबसाइट पर ही उपलब्ध किये जाएंगे।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/
पूमरे/महेन्द्रूघाट, पटना
पीआर/00483/सीओएन/अभि./टी/23–24/48

लिव-इन पार्टनर की हत्या की, बॉडी के टुकड़े कुकर में उबाले, फिर उसे कुत्तों को खिलाया

- झगड़ा होने के बाद 24 साल छोटी महिला को मार डाला

आजाद सिपाही संवाददाता

मुंबई। मुंबई में श्रद्धा वालकर मर्डर केस जैसा मामला सामने आया है। यहां मीरा रोड इलाके में 56 साल के आरोपी ने अपनी 32 साल की लिव-इन पार्टनर का मर्डर कर आरी से शव के टुकड़े कर दिए। इसके बाद आरोपी ने शव के टुकड़े कुकर में उबाल दिए। पुलिस को शक है कि उसने उबला हुआ मांस कुत्तों को खिलाया। आरोपी का नाम मनोज साने है। वह पिछले 3 साल से सरस्वती वैद्य नाम की महिला के साथ मीरा रोड इलाके की आकाशगंगा बिल्डिंग के 7वें फ्लोर पर किराए के फ्लैट में रह रहा था। फ्लैट से बदबू आने पर बिल्डिंग के लोगों ने बुधवार को पुलिस को सूचना दी थी।

तीन से चार दिन पहले की गयी महिला की हत्या : मुंबई पुलिस के डीसीपी जयंत बजबाले ने बताया- हमें फ्लैट में एक महिला की लाश के टुकड़े मिले। ये टुकड़े सड़ चुके थे, जिन्हें देखकर अनुमान है कि मर्डर तीन-चार दिन पहले किया गया था। हमने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने महिला के शव के टुकड़ों को जांच के लिए जेजे अस्पताल भेजा है। डॉक्टरों की एक विशेष टीम अब शरीर के अंगों की जांच करेगी और पुलिस को बताएगी कि शरीर के कौन से अंग गायब हैं।

हत्या से पहले मनोज-सरस्वती में झगड़ा हुआ : डीसीपी जयंत बजबाले ने बताया कि मनोज और सरस्वती के बीच झगड़ा हुआ था। इसके बाद मनोज ने महिला की हत्या कर उसके शरीर को कटर से काट दिया। वहां पहुंचकर हमें समझ आया कि यह मर्डर का केस है और आरोपी ने सबूत छिपाने की कोशिश की है।

4 दिन से कुत्तों को कुछ खिला रहा था आरोपी : सोसाइटी के लोगों ने बताया कि आरोपी को पिछले दो-तीन दिनों में कुत्तों को कुछ खिलाते देखा गया। इन लोगों ने बताया कि आरोपी को पहले ऐसा करते कभी नहीं देखा गया।

16 जून तक पुलिस हिरासत में भेजा : आरोपी मनोज साने को पुलिस ने मीरा-भायंदर कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उसे 16 जून तक पुलिस हिरासत में भेज दिया।

लखनऊ जेल में बंद अतीक के बेटे उमर से पूछताछ करेगी पुलिस

प्रयागराज (आजाद सिपाही)। प्रापर्टी डीलर से एक करोड़ 20 लाख की रंगदारी मांगने और बंधक बनाकर पिटाई करने के मामले में लखनऊ जेल में बंद माफिया अतीक के बेटे उमर से पूछताछ होगी। इसके लिए खुल्दाबाद पुलिस ने तैयारी शुरू कर दी है। उमर के अलावा नैनी सेंट्रल जेल में निरुद्ध अली अहमद का भी पुलिस बयान दर्ज करेगी। इसके बाद मुकदमे में आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं, एफआइआर के एक माह बाद भी इस मुकदमे में फरार आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, लालगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
संपादक : हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**